

ऑनलाइन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, पलायन को मजबूर छोटे व्यापारी-12



भारी हंगामे के कारण नहीं चले संसद के दोनों सदन - 12



कुलगाम में इस साल की सबसे लंबी मुठभेड़ 7वें दिन भी गोलाबारी जारी - 13



मैंने भारत के खिलाफ बल्लेबाजी नहीं करने के बारे में कभी नहीं सोचा था : क्रिस वोक्स- 14

आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
25.5° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.37
सूर्यास्त 06.51


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 02:12 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 8 अगस्त 2025, वर्ष 3, अंक 355, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मोदी और नड्डा चुनेंगे उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** राजग ने उपराष्ट्रपति चुनाव में गठबंधन का उम्मीदवार चुनने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को अधिकृत किया। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने यह जानकारी दी। रीजीजू ने कहा कि यह सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय था। संसद परिसर में भाजपा के प्रमुख नेताओं और उनके गठबंधन सहयोगियों की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक में नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह, जनता दल (यूनाइटेड) के ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, तेदेपा के एल. श्रीकृष्ण देवरायलु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान भी शामिल हुए। बता दें कि बीते दिनों जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवही के अगले दिन इस्तीफा दे दिया था।

### स्वतंत्रता दिवस पर 10 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) और पुलिस उपायुक्तों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्र को संबोधित करेंगे, तो लाल किले पर कई सुरक्षा घेरे होंगे।


अंदर देखें... यूरेका





## राघवेंद्र हत्याकांड के दो शूटर हरदोई बार्डर पर मुठभेड़ में ढेर

- यूपी एसटीएफ व जिले की एसओजी टीम ने की संयुक्त कार्रवाई
- दोनों पर एक-एक लाख का इनाम था, पिस्टल व कारतूस बरामद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या में वांछित शूटर एसटीएफ के हत्थे चढ़े और हरदोई बॉर्डर पर मुठभेड़ में मारे गए। पिसावां इलाके में हुई संयुक्त कार्रवाई में बदमाशों के कब्जे से कार्बाइन, पिस्टल, असलहे और भारी संख्या में कारतूसें बरामद हुईं। पांच माह से वांछित चल रहे दोनों शूटरों पर एक-एक लाख का इनाम घोषित था।

बता दें कि बीती 8 मार्च को महोली कोतवाली क्षेत्र में हेमपुर नेरी ओवरब्रिज पर पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की पांच गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने वारदात में शामिल महोली के कारेदेव मंदिर से जुड़े आध्यात्मिक गुरु शिवानंद उर्फ विकास राठौर, इमलिया सुल्तानपुर के निर्मल सिंह और असलम गाजी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच में मिश्रिख के अटवा निवासी राजू तिवारी उर्फ रिजवान और उसके भाई संजय तिवारी उर्फ अकील का नाम सामने आया। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि दोनों अपराधियों के हरदोई सीमा पर मिलने का इनपुट एसटीएफ और जिले की एसओजी टीम को मिला। संयुक्त टीम ने पिसावां थानाक्षेत्र में दूल्हापुरवा के निकट घेराबंदी की थी।

# टैरिफ पर दो टूक, किसानों के हितों से समझौता नहीं

- भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ 50% करने के बाद प्रधानमंत्री ने ट्रंप को दिया परोक्ष संदेश
- कहा- आवश्यक हुआ तो वह व्यक्तिगत रूप से इसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को परोक्ष रूप से संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आवश्यक हुआ, तो वह व्यक्तिगत रूप से इसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं। ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क (टैरिफ) बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री का यह बयान आया है, जबकि दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा कर रहे हैं। यह व्यापार समझौता भारत के कृषि और डेयरी बाजार तक अधिक पहुंच की अमेरिका की मांग के बीच हो रहा है। मोदी ने कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि वैज्ञानिक एवं हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन की जन्मशती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय वैश्विक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कच्चे तेल को लेकर रूस पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए भारत पर दबाव बनाने के मकसद से



भारतीय वस्तुओं पर व्यापार शुल्क बढ़ा दिया है। अमेरिका मक्का, सोयाबीन, सेब, बादाम और इथेनॉल जैसे उत्पादों पर शुल्क कम करने के साथ डेयरी उत्पादों तक पहुंच बढ़ाने की मांग कर रहा है। भारत इन मांगों का विरोध कर रहा है, क्योंकि इनका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा।

### स्वामीनाथन के सम्मान में डाक टिकट जारी

इस अवसर पर मोदी ने महान वैज्ञानिक स्वामीनाथन के सम्मान में एक विशेष सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। वर्तमान में (अमेरिका के साथ) व्यापारिक तनावों से इतर मोदी ने भारतीय कृषि के भविष्य के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जिसमें पोषण सुरक्षा, फसल विविधीकरण और जलवायु-अनुकूल फसल किस्मों एवं प्रौद्योगिकी एकीकरण पर जोर दिया गया। उन्होंने कृषि प्रणालियों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग के एकीकरण पर जोर देते हुए सूखा को सह सकने वाला, ताप-प्रतिरोधी और बाढ़-अनुकूल फसलें विकसित करने का आह्वान किया।

### अनुसंधान बढ़ाने का किया आह्वान

मोदी ने फसल चक्र कैसे बदला जाए, किस मिट्टी के लिए क्या उपयुक्त है, उस पर अनुसंधान बढ़ाने का आह्वान किया तथा किफायती मृदा परीक्षण उपकरण एवं प्रभावी पोषक तत्व प्रबंधन तकनीकों को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सौर ऊर्जा चालित सूक्ष्म सिंचाई (ड्रिप सिंचाई प्रणाली और प्रिसिशन सिंचाई प्रणाली) की दिशा में प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया और कहा कि ड्रिप प्रणालियों और प्रिसिजन (सटीक) सिंचाई को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

# कांग्रेस ने सामूहिक हत्याएं कराईं सपा ने उनके पापों पर पर्दा डाला

## हिंसा के बाद पहली बार संभल पहुंचे मुख्यमंत्री योगी विपक्ष पर बरसे

- कहा- काशी और अयोध्या में संभव तो संभल में क्यों नहीं हो सकता भगवान कल्कि और हरिहर के पावन धाम का पुनरुद्धार

कार्यालय संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार :** हिंसा के बाद गुरुवार को पहली बार संभल में पहुंचे सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि आजादी के बाद से संभल में कांग्रेस ने सामूहिक हत्याएं कराईं और सपा उसके पाप पर पर्दा डालकर अपराधियों को बचाती रही। उन्होंने संभल के धार्मिक महत्व को भी रेखांकित करते हुए कहा यदि काशी और अयोध्या में हो सकता है तो संभल में भगवान कल्कि व हरिहर के पावन धाम का पुनरुद्धार क्यों नहीं हो सकता।

संभल जनपद के बहजोई में कलेक्ट्रेट सहित 659 करोड़ की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने



संभल के बहजोई में पदाधिकारियों द्वारा भेंट की गदा को उठाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कहा कि विरासत को विस्मृत करके कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ सकता। संभल की इसी सच्चाई को बताने के लिए हम आपके बीच आए हैं। कांग्रेस सामूहिक हत्या करवाती थी और सपा उनके चेले के रूप में पाप पर पर्दा डालकर हत्यारों को बचाती थी। सच्चाई सामने आ जाती तो उनको वोट बैंक खिसकने का डर था। हम लोग वोट के लिए नहीं, विरासत का संरक्षण करने के लिए आए हैं। योगी ने हरिहर मंदिर और कल्कि अवतार का जिक्र करते हुए कहा कि हरि और हर यानी विष्णु और शिव दोनों के जहां पर एक सामूहिक रूप से दर्शन हो सकते हों उसी संभल में भगवान विष्णु का कल्कि अवतार होगा यह हमारे पावन ग्रंथों ने माना है। कुछ लोगों को यह विवादित विषय लगता होगा लेकिन यह विवाद का विषय नहीं हो सकता।

### अब उप्र में सभी निवासी सुरक्षित

उन्होंने कहा कि संभल की सच्चाई को छुपाने की कुत्सित चेष्टा करने वालों के मंसूबों को भी ध्वस्त करने का काम करेंगे। जो भारत, भारतीयता और विरासत को कलंकित करने का कार्य करेंगे उन्हें ऐसा सबक सिखाएंगे कि उनकी आने वाली कई पीढ़ियां याद रखेंगी। हमारे पास शास्त्रीय प्रमाण भी हैं, पुरातात्विक प्रमाण भी और लोक मान्यताएं भी हैं सब कुछ बताने के लिए हमारे पास है। प्रदेश की कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार एक जिले में एक माफिया को पालती थी। उस माफिया के गुंडे पूरे जनपद को तबाह करते थे, दंगा करवाते थे। अब हर उत्तर प्रदेश वासी सुरक्षित हैं। अब तो बस दंगाई सुरक्षित नहीं है। दंगाई के ऊपर अब महाकाल अपना वास्तविक असर दिख रहा है।

# वोट चोरी पर राहुल ने डेटा किया सार्वजनिक, ईसी बोला-सबूत दें

## कांग्रेस नेता का आरोप, कर्नाटक के महादेवपुरा विस में 5 तरह की हेराफेरी हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में पांच तरह की हेराफेरी के जरिए एक लाख से अधिक वोट चुराए गए। इसके साथ ही कहा कि वोट चोरी हमारे लोकतंत्र पर एक एटम बम की तरह है। गांधी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार हमें कर्नाटक में (2024 के लोकसभा चुनाव में) 16 सीट जीतने की उम्मीद थी। हालांकि, हमने नौ सीट जीतीं।

राहुल के इन आरोपों पर कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उन मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा, जिनके बारे में उन्होंने दावा किया है कि उन्हें राज्य की मतदाता सूची में गलत तरीके से शामिल किया गया है या बाहर रखा गया है। साथ ही, उन्होंने राहुल गांधी




से इस संबंध में एक हस्ताक्षरित घोषणा पत्र भी मांगा है, ताकि चुनाव प्राधिकारी इस मामले में आवश्यक कार्यवाही शुरू कर सकें। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने कहा कि गांधी को या तो चुनाव संचालन नियमों के तहत एक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना चाहिए और उन लोगों की सूची प्रस्तुत करनी चाहिए, जिनके बारे में उनका दावा है कि उन्हें मतदाता सूची में गलत तरीके से शामिल किया गया है या हटा दिया गया है या फिर उन्हें भारत के लोगों को गुमराह करना बंद करना चाहिए और चुनाव प्राधिकरण के खिलाफ निराधार आरोप लगाना बंद करना चाहिए। वहीं, भाजपा ने गांधी के आरोप को एक सुनियोजित धोखाधड़ी करार दिया, और आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत के लोकतंत्र तथा संविधान के खिलाफ एक बड़ी साजिश के तहत संवैधानिक संस्थाओं पर व्यवस्थित हमला कर रही है।

### 1,00,250 मतों की चोरी का आरोप

गांधी ने कहा, लोस चुनाव में बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 मतों की चोरी की गई जबकि यह सीट भाजपा ने 32,707 मतों के अंतर से जीती। उन्होंने कहा, यहां 11,965 डुप्लीकेट वोटर बनाए गए, 40,009 फर्जी पतों का इस्तेमाल हुआ 10,452 वोटरों को एक ही पते पर पंजीकृत किया गया, 4,132 वोटर फर्जी फोटो के साथ सूची में जोड़े गए। 33,692 नए वोटर फॉर्म-6 का गलत इस्तेमाल कर जोड़े गए। उन्होंने उदाहरण दिया कि आदित्य श्रीवास्तव नामक एक मतदाता का चार स्थानों पर वोट है।

# न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे : सुप्रीम कोर्ट

- कैश कांड मामले में शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा की याचिका की खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक जांच समिति की उस रिपोर्ट को अमान्य करार देने का अनुरोध करने वाली इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी, जिसमें उन्हें नकदी बरामदगी मामले में कदाचार का दोषी ठहराया गया है। कार्ट ने कहा इस प्रक्रिया का पूरी कड़ाई से पालन किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास से परे है और उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं की जानी चाहिए। यह न्यायाधीश वर्मा के लिए एक बड़ा झटका है जो दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास के भंडार गृह में आग लगने के बाद बड़ी मात्रा में अधजली नकदी बरामद होने के बाद विवादों के केंद्र में हैं। न्यायमूर्ति वर्मा ने 8 मई की उस सिफारिश को रद्द करने का भी अनुरोध किया था जिसमें भारत के तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने संसद से उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया था। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि तत्कालीन सीजेआई और आंतरिक समिति ने पूरी प्रक्रिया का कड़ाई से पालन किया, सिवाय वीडियो फुटेज और तस्वीरें अपलोड करने के।



### समिति ने 10 दिन तक जांच कर 55 गवाहों से की पूछताछ

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की समिति ने 10 दिन तक जांच की, 55 गवाहों से पूछताछ की और न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास पर उस स्थान का दौरा किया, जहां 14 मार्च को रात करीब 11:35 बजे आग लगी थी। मामले की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट में कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा का कदाचार साबित होता है और यह इतना गंभीर है कि उन्हें पद से हटाया जाना चाहिए।

# रेलवे भर्ती में धांधली, पूर्व चेयरमैन समेत 5 पर एफआईआर

- पूर्वोत्तर रेलवे में 2018-19 में आयोजित की गई थी भर्ती
- सीबीआई ने सभी के ठिकानों पर मारा छापा, 280 फाइलें जब्त की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ष 2018-19 में हुई भर्ती में धांधली के आरोप में भर्ती बोर्ड के पूर्व चेयरमैन प्रवीण कुमार राय, आरआरबी के तत्कालीन तकनीशियन विनय कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक वरुण राज मिश्रा, सूरज कुमार श्रीवास्तव और एक अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीबीआई लखनऊ की टीम ने गुरुवार को पूर्व चेयरमैन समेत कई कर्मचारियों के कार्यालय व आवास पर छापा मारकर भर्ती से जुड़ी 280 फाइलें जब्त की हैं। फिलहाल अभी तक किसी के हिरासत या गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि नहीं है। भर्ती धांधली के मामले में पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के महाप्रबंधक (सतर्कता) जेए वंड्रिन ने सीबीआई लखनऊ कार्यालय में शिकायत की। उन्होंने सात जनवरी को पत्र लिखा। जिसमें एक जून 2023 की जांच रिपोर्ट भी शामिल थी। सीबीआई लखनऊ यूनिट ने इस मामले में मंगलवार देर शाम एफआईआर दर्ज की थी। महाप्रबंधक (सतर्कता) की जांच रिपोर्ट में साफ लिखा कि भर्ती बोर्ड द्वारा बिना किसी उचित कारण के ही योग्य अभ्यर्थियों के पैनल में देरी की गई। देरी होने के कारण अभ्यर्थियों ने आरआरबी कार्यालय में संपर्क किया।

उन्हें कर्मचारी विनय कुमार श्रीवास्तव व वरुण राज मिश्रा के माध्यम से तत्कालीन अध्यक्ष प्रवीण कुमार राय से मिलने का निर्देश दिया गया। तत्कालीन अध्यक्ष ने व्यक्तिगत रूप से उनके आवेदन और मोबाइल नंबर जुटाया। इसके बाद कई नंबरों से कॉल कर अभ्यर्थियों को उन्हें व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से संपर्क करने को निर्देश दिया गया। पैनल में शीघ्रता से शामिल करने के लिए रुपये का दबाव डाला गया था।

# सीआरपीएफ जवानों से भरा वाहन नाले में गिरा, 3 की मौत

- उधमपुर में हुआ हादसा, पांच जवान गंभीर रूप से घायल

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को एक वाहन के सड़क से फिसल कर नाले में गिरने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के तीन जवानों की मौत हो गयी और 15 अन्य घायल हो गए।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जवानों की मौत पर दुख जताया और अधिकारियों को घायल जवानों को उत्कृष्ट उपचार मुहैया कराने और हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया। यह हादसा कडवा इलाके में सुबह करीब साढ़े 10 बजे हुआ जब जवान बसंतगढ़ से एक अभियान से एक बंकर वाहन में सवार होकर लौट रहे थे।

**फैसला** | योगी कैबिनेट ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी-चिवनिंग छात्रवृत्ति योजना को दी मंजूरी

# उप्र के छात्र यूके में ले सकेंगे मास्टर डिग्री, सरकार उठाएगी खर्च

- राज्य सरकार देगी 23 लाख रुपये प्रति छात्र, शेष खर्च उठाएगा यूके का एफसीडीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी मंत्रिमंडल ने गुरुवार को उच्च शिक्षा को नई दिशा देने वाला एक अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी-चिवनिंग उप्र राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना को मंजूरी दी गई है। यह योजना राज्य के मेधावी छात्रों को यूनाइटेड किंगडम (यूके) में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस फैसले की जानकारी साझा करते हुए बताया कि सरकार की इस पहल के तहत, हर साल प्रदेश के पांच प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को यूके के किसी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय से एक वर्ष की मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की असाधारण उपलब्धियों से प्रेरणा लेते हुए शुरु किया जा रहा है। यह छात्रवृत्ति उत्तर प्रदेश सरकार तथा यूनाइटेड किंगडम के फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) के संयुक्त सहयोग से चलाई जाएगी।



मंत्रिमंडल की बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### फिलहाल 3 वर्षों की योजना, मासिक भत्ता व विमान किराया भी देंगे

उच्च शिक्षा मंत्री के मुताबिक, छात्रवृत्ति में छात्रों को शैक्षणिक शिक्षण शुल्क, परीक्षा एवं शोध शुल्क, रहने के लिए पर्याप्त मासिक भत्ता तथा इकोनॉमी क्लास में एक बार आने-जाने का विमान किराया भी शामिल रहेगा। चयन प्रक्रिया राज्य सरकार और एफसीडीओ के बीच हुए समझौते (एमओयू) के अनुसार निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होगी। योजना शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू होगी और यह तीन वर्षों (2025-26, 2026-27, 2027-28) तक प्रभावी रहेगी। आगे इसके नवीनीकरण पर निर्णय लिया जाएगा।

### प्रति छात्र कुल खर्च 42,076 डॉलर तक आने का अनुमान

सरकार योजना के तहत प्रत्येक छात्र के लिए 19,800 डॉलर (लगभग 23 लाख रु.) का खर्च वहन करेगी। कुल अनुमानित खर्च 38,048 डॉलर से 42,076 डॉलर के बीच होगा, जिसमें शेष धनराशि का प्रबंध एफसीडीओ यूके द्वारा किया जाएगा। योगेन्द्र उपाध्याय के अनुसार, यह योजना उप्र के छात्रों के लिए वैश्विक शिक्षा के द्वार खोलेगी और उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगी। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की युवा सशक्तिकरण एवं शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है।

# अब गांवों में नामांतरण और संशोधन प्रक्रिया होगी आसान

**यूपी कैबिनेट के फैसले : दस्तावेजों को अपडेट करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए उप्र. ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2025 को मंजूरी**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्वामित्व योजना के तहत तैयार की गई घरौनियों में नामांतरण, संशोधन और अपडेट की प्रक्रिया को आसान बनाएगा विधेयक

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को 19 प्रस्ताव रखे गए, इसमें से 18 पर मुहर लगाई गई। बैठक में कैबिनेट और राज्यमंत्री के साथ नव नियुक्त मुख्य सचिव एसपी गोयल भी शामिल हुए।

प्रमुख प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाने के साथ उप्र. में बाढ़ के ताजा हालातों पर भी खास चर्चा की गई। प्रमुख प्रस्तावों को पारित करने के ही तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नामांतरण और संशोधन की प्रक्रिया को आसान बनाया गया है। ऐसे में कैबिनेट ने ग्रामीण आबादी के दस्तावेजों को अपडेट करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए उप्र. ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक-2025 को मंजूरी दी है। यह विधेयक स्वामित्व योजना के तहत तैयार की गई घरौनियों (मालिकाना दस्तावेज) में नामांतरण, संशोधन और अपडेट की प्रक्रिया को आसान बनाएगा।

अब इससे वरासत, विक्रय, उपहार, वसीयत, नीलामी, अदालत के आदेश या पारिवारिक समझौते के आधार पर नाम बदलवाना आसान होगा। राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार, नायब तहसीलदार को साफ-सुथरे मामलों में घरौनी अपडेट करने का अधिकार मिलेगा। लिपिकीय त्रुटि या मोबाइल नंबर-पते में सुधार के लिए भी अब आवेदन किया जा सकेगा। गौरतलब हो कि अब तक राज्य में 1.06 करोड़ से अधिक घरौनियां तैयार हो चुकी हैं, जिनमें से 1.01 करोड़ से अधिक का वितरण हो चुका है।



प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी, साथ में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

## तीन नए निजी विश्वविद्यालय खोलने को मंजूरी

**अमृत विचार :** राज्य में तीन नए निजी विश्वविद्यालय खोलने को मंजूरी दी गई। इसके तहत मुजफ्फरनगर में वेदान्ता विश्वविद्यालय, बाराबंकी में बोधिसत्व विश्वविद्यालय और मथुरा में केडी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएंगे।

इस बाबत उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने जानकारी दी कि कैबिनेट बैठक में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी सैद्धांतिक सहमति मिली है। वेदान्ता विश्वविद्यालय, मुजफ्फरनगर की स्थापना फतेह चन्द चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुजफ्फरनगर के ग्राम हुसैनपुर बोपाडा, तहसील खतौली में 23 .3349 एकड़ भूमि पर की जायेगी। उच्च स्तरीय समिति द्वारा 19 दिसम्बर 2024 को आयोजित बैठक में इसकी संस्तुति करते हुए आशय-पत्र निर्गत किये जाने की अनुशंसा की गई थी, जिसे अब मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त, बोधिसत्व विश्वविद्यालय, बाराबंकी की स्थापना के लिए बोधिसत्व चैरिटेबल ट्रस्ट, लखनऊ द्वारा ग्राम गदिया, परगना देवा, तहसील नवाबगंज, बाराबंकी में 25 .31 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 2025, का प्रख्यापन किया जायेगा तथा इसके बाद संचालन प्राधिकार पत्र निर्गत किया जायेगा।

तीसरे विश्वविद्यालय के रूप में केडी विश्वविद्यालय, मथुरा की स्थापना राजीव मेमोरियल एकेडेमिक वेलफेयर सोसाइटी, मथुरा द्वारा ग्राम अकबरपुर, तहसील छाता, जनपद मथुरा में 50 .54 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित की गई है। इसके लिए उप्र . निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची में संशोधन के लिए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 2025 प्रख्यापित कर संचालन प्राधिकार-पत्र जारी किये जाने का फैसला लिया गया है।

## होर्डिंग व प्रचार को मिलेगा अब 15 वर्ष तक का ठेका

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने शहरों में आकाश चिह्न और विज्ञापन लगाने का लाइसेंस देने की व्यवस्था को बदला है। इसके लिए अब 15 वर्षों तक का ठेका दिया जाएगा। यह ठेका अभ तक केवल दो वर्ष के लिए मिलता था। व्यवस्था बदलने के लिए सरकार ने उप्र नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 305 में संशोधित कर दिया है। इससे संबंधित प्रस्ताव को कैनिबेट ने मंजूरी दे दी है।

## केजीएमयू कार्यपरिषद में ओबीसी व एससी के होंगे सदस्य

**अमृत विचार :** कैबिनेट के एक निर्णय के अनुसार, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद में पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति अथवा जनजाति वर्ग का एक-एक प्रतिनिधि रखा जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के अधिनियम 2002 में संशोधन करते हुए धारा-24(1) (ए) शामिल की जाएगी। बदलाव संबंधी विधेयक को राज्य विधान मंडल के आगामी सत्र में रखने संबंधी प्रस्ताव को बुधवार को मंत्रिमंडल में मंजूरी दे दी गई है। केजीएमयू की कार्य परिषद में पिछड़े वर्ग और अनुसूचित जाति, जनजाति का प्रतिनिधि रखने की लंबे समय से मांग की जा रही है।

## विधानसभा में पेश होगी सीएजी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** 11 अगस्त से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ग्रेनो) में भूमि अर्जन एवं परिसंपत्तियों के आवंटन की भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इससे पहले राज्यपाल की अनुमति भी ली जानी है। साथ ही छठे राज्य वित्त आयोग (पंचायती राज और स्थानीय निकाय) की अंतरिम रिपोर्ट व राज्य सरकार की कार्यवाही ज्ञापन को भी सदन में पेश किया जाना है, मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव परित किया है।

## औद्योगिक भूखंडों की दर क्षेत्रवार तय लेदर फुटवियर नीति को भी मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण नीतियों को मंजूरी दी है। एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन मंत्री राकेश सचान ने बताया कि दोनों नीतियों से न केवल औद्योगिक आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। उप्र. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम औद्योगिक आस्थान प्रबंधन नीति के अंतर्गत अब औद्योगिक भूखंडों, शेडों का आवंटन लीज, रेंट के आधार पर ई-ऑक्शन से किया जाएगा।

भूखंडों की दर क्षेत्रवार तय की गई है, जिसमें पश्चिमांचल में 3000 रुपये, मध्यांचल में 2500 रुपये और पूर्वांचल, बुंदेलखंड में 2000 रुपये प्रति वर्गमीटर आरक्षित मूल्य रखा गया है। इसके साथ ही हर वर्ष 5 प्रतिशत की दर से मूल्य वृद्धि होगी। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश फुटवियर, लेदर और नॉन-लेदर क्षेत्र विकास नीति-2025 को भी स्वीकृति दी गई है। इस नीति के जरिए निर्यात में बढ़ोतरी, तकनीकी उन्नयन, और रोजगार सृजन के लिए विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। कुशल श्रमिकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित होंगे। इस नीति से घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

इसी क्रम में राज्य के 62 जिलों में असफल हो चुके 1750 सरकारी नलकूपों का पुनर्निर्माण किया जाएगा, जिससे लगभग 2.4 लाख लघु और सीमांत किसानों को लाभ मिलेगा।

## 12 करोड़ रुपये से होगा 60 लाख झंडों का वितरण

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस 2025 के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए गुरुवार को मंत्रिपरिषद द्वारा नगर निकायों को राज्य वित्त आयोग की धनराशि से झंडों की व्यवस्था किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम 2 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत शहरी गरीब क्षेत्रों में 60 लाख झंडों का नि :शुल्क वितरण किया जाएगा। इसके लिए 12 करोड़ रुपये की राशि राज्य वित्त आयोग की धनराशि से नगर निकायों को उपलब्ध कराई जा रही है। यह झंडे नगर विकास विभाग के अंतर्गत राज्य शहरी आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाएंगे, जिससे लगभग 29,000 महिलाओं को रोजगार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाना विश्वासघाती



**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत पर टैरिफ लगाना विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि ब्रिक्स देश ब्राजील की तरह भारत पर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ (शुल्क) लगाकर अमेरिका ने भारत को आघात पहुंचाने का प्रयास किया है। भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में 'अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी' बताया है, पर देश की जनता इसे प्रथमदृष्टया विश्वासघाती व देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है। इससे निपटने के लिए सभी को पूरी परिपक्वता दिखाना चाहिए।

### बाढ़ प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा मिले : अनिल दुबे

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने गुरुवार को जल संसाधन एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग से भेंट की। उन्होंने प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यों में तेजी लाने और किसानों को उनकी नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा तत्काल देने की बात की। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के हित में जो योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल लागू किया जाना चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि रालोद प्रदेश सरकार से मांग करता है कि वह हर जिले में कंट्रोल रूम सक्रिय करे, राहत शिविरों में भोजन, दवा, साफ पानी एवं जरूरी सामग्री की तत्काल व्यवस्था की जाए।

### बिजली कर्मी आज से शुरू करेंगे अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सार्वजनिक क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र को बचाए रखने के लिए बिजली कर्मी 8 अगस्त से तिरंगा लेकर एक सप्ताह तक 'अंग्रेजो भारत छोड़ो' आंदोलन की तर्ज पर कॉरपोरेट सेक्टर सार्वजनिक क्षेत्र में पावर सेक्टर छोड़ो अभियान' चलाएंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर प्रदेश के सभी ऊर्जा निगमों के बिजली अभियंता व अवर अभियंता समेत अन्य कर्मचारी व संविदा कर्मी अभियान में शामिल होंगे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि 15 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। राजधानी लखनऊ में लेसा भवन रेजीडेंसी खंड मुख्यालय पर विरोध सभा होगी। सभा के बाद बिजली कर्मी तिरंगा लेकर शहीद स्मारक तक जाएंगे और शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# बहनों के साथ एक सहयात्री को भी मुफ्त यात्रा की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर रक्षाबंधन पर परिवहन निगम समेत सिटी बसों के लिए आदेश जारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन निगम समेत सभी सिटी बसों में रक्षाबंधन पर बहनों-माताओं के साथ एक सहयात्री को भी तीन दिन मुफ्त यात्रा की सुविधा रहेगी। यह आदेश परिवहन विभाग और नगर विकास विभाग की ओर से जारी कर दिए गए हैं।

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर रक्षाबंधन पर्व पर यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित समस्त श्रेणी की बसों में माताओं, बहनों एवं बेटियों को एक सहयात्री के साथ मुफ्त यात्रा की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। यह सुविधा 8 अगस्त को सुबह छह बजे से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उधर, नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय द्वारा संचालित सिटी बसों में बहनों के साथ यात्रा करने वाले एक सहयात्री के लिए भी तीन दिन निःशुल्क यात्रा की सौगात दी गई है। यह सुविधा प्रदेश के विभिन्न शहरों में संचालित सिटी बसों पर लागू होगी, जिससे महिलाओं को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू की गई इस योजना के तहत बीते 8 वर्षों में अब तक 1,23,30,194 महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं।

# मंदिरों का सरकारी पोर्टल से होगा सजीव प्रसारण

**एक ही पोर्टल पर अयोध्या, काशी, मथुरा समेत प्रदेश के सभी मंदिर होंगे लाइव**

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- राज्यपाल ने दी एक करोड़ की अनुमन्य धनराशि में से 45.14 लाख की मंजूरी
- यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लि. को दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रसिद्ध मंदिरों को सरकारी पोर्टल से सजीव प्रसारण का बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। घर बैठे जिस भी मंदिर का चाहें, उसकी पूजा-परंपरा और आरती में हिस्सा ले सकते हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा समेत हर जिले में धार्मिक स्थलों-तीर्थों और पीठों का कायाकल्प करने के बाद इस कदम से अर्थव्यवस्था को जहां नई ऊंचाई मिलेगी, वहीं लोगों को रोजगार भी मिलेगा। पोर्टल के लिए राज्यपाल ने एक करोड़ की अनुमन्य धनराशि में से 45.14 लाख की मंजूरी दी है। इसे विकसित करने का जिम्मा यूपी इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लि. को दिया गया है।



गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ पिछले आठ साल से मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद राज्य के आस्था और धार्मिक पर्यटन केंद्रों को खास महत्व देते आ रहे हैं। अयोध्या, काशी और मथुरा का कायाकल्प तो हुआ ही, पूरे प्रदेश में शहर से लेकर गांव-गांव तक के प्रसिद्ध मंदिरों-तीर्थों और सिद्ध पीठों पर अरबों रुपये खर्च करके चमकाया गया है। इससे भक्तों और पर्यटकों के आने से इलाके की आर्थिक तस्वीर बदल ही रही है, साथ में राज्य की अर्थव्यवस्था भी शिखर चूम रही है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में जहां लगभग 24 करोड़ पर्यटक प्रदेश में आए थे, वहीं दिसबंर 2024 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 65 करोड़ तक पहुंच गई। यानी पिछले 8 वर्षों में प्रदेश ने 41 करोड़ पर्यटकों की वृद्धि दर्ज हुई है।

अब योगी सरकार सभी मंदिरों को एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने जा रही है। इसका नाम ऑनलाइन एकीकृत मंदिर सूचना प्रणाली (आईटीआईएमएस) पोर्टल रखा गया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर धर्मार्थ कार्य विभाग ने इसका डोमेन नाम (www.upitims.in) बीते 21 अप्रैल को ही सुरक्षित कर लिया था। सरकार के प्रस्ताव पर इस पोर्टल के लिए एक करोड़ रुपये की अनुमन्य धनराशि में से 45 लाख 14 हजार 574 रुपये की स्वीकृति राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने दे दी है। यह धनराशि उप्र इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि. लखनऊ के पक्ष में जारी हुई, जो पोर्टल को विकसित करेगा।

### जिलाधिकारी देंगे मंदिरों की समग्र सूचनाएं

आईटीआईएमएस पोर्टल पर मंदिरों से संबंधित समग्र सूचनाएं जिलाधिकारी के माध्यम से आएगी। शासन ने धर्मार्थ कार्य विभाग के निदेशक को निर्देश दिया है कि संबंधित सूचनाओं को अपलोड किए जाने के लिए जिलों को मार्गदर्शन करने

### पोर्टल पर देख-सुन सकेंगे आस्था की कहानी

मंदिरों का संख्या हजारों में होने से पोर्टल की क्षमता आईजीआरएस से भी अधिक मजबूत की जा रही है। यहां हर मंदिर की प्राचीनता और देवी-देवताओं का महत्व, पर्व-त्योहार, आस्था की कहानियों और मनीषियों के साहित्य देख-सुन व पढ़ सकेंगे। साथ ही एक क्लिक से पूजा, आरती, राग-भोग आदि में सीधे भागीदार महसूस कर सकेंगे। पोर्टल पर संबंधित धार्मिक स्थल पर कैसे पहुंचा जा सकता है, इलाके का खान-पान, होटल, सराय, होमस्टे आदि का भी ब्योरा होगा।

# सोनभद्र में विकसित होगा धार्मिक पर्यटन और कैंपिंग सर्किट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाज कल्याण और वन विभाग के राज्यमंत्रियों की साझा बैठक में बनी सहमति

**अमृत विचार :** सोनभद्र में धार्मिक, पर्यटन और कैम्पिंग सर्किट विकसित होगा। सोनभद्र, चंदौली व मीरजापुर में वनाधिकार प्रमाण पत्र के प्रकरण निस्तारित किये जाएंगे। इसके लिए निदेशक जनजातीय व वन विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर अभिलेखों की जांच करेंगी। गुरुवार को भागीदारी भवन में हुई समाज कल्याण व वन विभाग के राज्यमंत्रियों की साझा समीक्षा बैठक में इस पर सहमति बनी।

चर्चा के दौरान बताया गया कि सोनभद्र को विकसित किये जाने से न सिर्फ स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि विभिन्न तरह के पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बैठक के बाद समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर जिलों में वनाधिकार प्रमाण पत्रों के प्रकरणों में एकरूपता जांचने के लिए निदेशक जनजातीय विभाग और वन विभाग से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) की संयुक्त टीम मौके पर जाएगी। टीम मौके पर प्रवास कर कागजात की जांच पड़ताल करेगी। बैठक में वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना और समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड उपस्थित रहे।

### वन क्षेत्र में तलाशी जाएंगी संभावनाएं

टीम इस पर जोर देगी कि वन की भूमि को कुछ शर्तों के साथ उपयोग कैसे किया जा सकता है। इसे कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। टीम यह भी संभावना तलाशेगी कि वन क्षेत्र का ऐसा उपयोग 'फॉरेस्ट कवर' बढ़ने के साथ ही, वन का उपयोग बढ़ाये जाने व स्थानीय लोगों की आय में बढ़ोतरी पर जोर देगी।

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आज समापन करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह 10 बजे काकोरी शहीद स्मारक जाकर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का समापन करेंगे। उधर, मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव, मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों, वाटिकाओं पर वृहद रूप से राष्ट्रभक्ति के ओतप्रोत कार्यकर्मों के आयोजन का निर्देश दिया है। गोयल ने निर्देश दिए कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को लखनऊ समेत 75 जिलों में तय स्थलों पर बंटवारे के दर्द से जुड़ी प्रदर्शनी लगाएंगे और कार्यक्रम आयोजित करके लोगों को एकता, सद्भाव और सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा।

# रायबरेली के मंदिरों का 5.75 करोड़ रुपये से होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ठाकुर बाबा मंदिर, परशुराम घाट सहित सात परियोजनाएं मंजूर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत रायबरेली के मंदिर परिसरों और उनके आसपास के क्षेत्रों का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके लिए 5.75 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विकासखंड डीह स्थित ठाकुर बाबा मंदिर ग्राम किन्नावा के लिए एक करोड़ रुपये, परशुराम घाट के लिए एक करोड़ रुपये, ग्राम पंचायत चितचनियां स्थित शिव मंदिर, ग्राम कत्रावां बछरावां में मुडियाडीह आश्रम और चामुंडा शक्तिपीठ प्राचीन मंदिर के विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। ग्राम सभा कोडरस बुजुर्ग स्थित बुढ़ेश्वर मंदिर के के लिए 75 लाख रुपये की, हरचंदपुर के गहिरेश्वर बाबा गहिरी स्थल के विकास के लिए 50-50 लाख रुपये तथा विकास खंड सरेनी के तेलारकुटी व बाजपेईपुर स्थित गेगासो मां गंगा तट पर पर्यटन कार्यों के लिए 50 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है।

### 350 नई परियोजनाओं के लिए 359.85 करोड़ का बजट

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के मूल बजट में 4,400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 350 नई परियोजनाओं के लिए अनुमानित धनराशि 359 .85 करोड़ रुपये रखी गई है। इसके अलावा अगले वर्ष की क्रियान्वित परियोजनाओं के लिए 280 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई है।

## केंद्र सरकार की विदेश नीति फेल : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि केन्द्र सरकार की विदेश नीति पूरी तरह से फेल है। जिस तरह से लगातार पाबंदिया लग रही हैं, उससे अर्थव्यवस्था संकट में हैं। देश संकट में हैं। भारत चौतरफा घिर गया है। सरकार को देश, किसानों और कारोबारियों के हितों के बारे में सोचना चाहिए।

सपा प्रमुख बुधवार को संसद परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योग और उद्योगपति खत्म हो रहे हैं। किसान बर्बाद हो रहा है। नौजवान को नौकरी और रोजगार नहीं मिल रहा है। देश कहां जा रहा है। भाजपा सरकार के लोग दावा करते थे कि दुनिया में डंका बज रहा है।

**कवायद** — 10 मंडलों के प्रत्येक कार्यालय में तीन अस्थाई पद होंगे सृजित

# क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय होंगे स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सहायक सेवाओं के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाएगी नियुक्ति

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने प्रदेश के 10 मंडलों अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल, मुरादाबाद और सहारनपुर में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा संस्थानों की निगरानी, मूल्यांकन एवं समन्वयन की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने जानकारी दी कि प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में तीन पदों क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी एवं कनिष्ठ सहायक की अस्थायी सृजन की अनुमति प्रदान की गई है, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। कुल 30 पद (प्रत्येक मंडल के लिए 3 पद) सृजित किए जाएंगे, जिन पर नियमानुसार पदस्थापन किया जाएगा। इनमें से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी का पद राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों के स्थानांतरण द्वारा भरा जाएगा, जबकि शेष दो पदों पर चयन वित्त विभाग एवं अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

इन कार्यालयों के संचालन में सहायक सेवाओं के लिए मानवशक्ति की व्यवस्था भी आउटसोर्सिंग के माध्यम से की जाएगी। इस क्रम में प्रत्येक मंडल में एक-एक कम्प्यूटर आपरेटर, वाहन चालक, सफाईकर्मी तथा दो-दो परिचर, चौकीदार नियुक्त किए जाएंगे। इस प्रकार कुल 50 पदों के समतुल्य मानवशक्ति की तैनाती की जाएगी, जिनकी सेवाएं निर्धारित योग्यता एवं मानकों के अनुरूप क्रय की जाएंगी। सातवें वेतन आयोग के अनुसार देय वेतनमान एवं भत्ते लागू होंगे।

### महिला छात्रावास का वर्चुअल शिलान्यास

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत कु . मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बादलपुर, गौतम बुद्ध नगर में महिला छात्रावास निर्माण का वर्चुअल शिलान्यास गुरुवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने किया। इस दौरान प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग एमपी अग्रवाल, निदेशक उच्च शिक्षा अमित भारद्वाज समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# निकांत जैन के पांच ठिकानों पर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूपी इन्वेस्ट के सीईओ व निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश का है करीबी
- लखनऊ, मेरठ और नोएडा में ईडी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** यूपी इन्वेस्ट के पूर्व सीईओ व निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन के पांच ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को छापा मारा है। पांच ठिकानों में दो लखनऊ, मेरठ के घर व कार्यालय और एक नोएडा के ठिकानों पर टीम ने कार्रवाई की है। वहीं होटल रेग्रेंट के मालिक राजेंद्र बग्गा के घर पहुंची टीम ने छापा मारा। राजेंद्र बग्गा गोल्डन ब्लॉसम रिसॉर्ट के पार्टनर है। ईडी की टीम ने कई अहम दस्तावेज बरामद किये हैं।

औद्योगिक इकाई लगाने के लिए रिश्वत मामले में निलंबित चल रहे आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन के खिलाफ ईडी ने बड़ी कार्रवाई की। ईडी ने निकांत के परिचित व करीबी होटल मालिक राजेंद्र बग्गा के ठिकानों पर भी छापा मारा है। इस दौरान सबसे अधिक समय तक टीम निकांत के दो आवास विशाल व विरामखंड और कार्यालय में बिताया। ईडी के अनुसार निकांत और राजेंद्र बग्गा के साथ काफी बड़े लेनदेन हुए हैं। जिसके दस्तावेज भी ईडी को मिले। वहीं तीन टीम मेरठ और एक टीम नोएडा में छापा मारा। मेरठ के रेलवे रौड पर निकांत जैन का घर और पास में ही कार्यालय है। छापेमारी के दौरान ईडी ने कई अहम दस्तावेज कब्जे में लिये हैं। ईडी यह पता कर रही है कि राजेंद्र के साथ किन मामलों में ये बड़े लेनदेन हुए हैं।

### जेल में है आरोपी, पांच खातों में करोड़ों के लेनदेन

निकांत जैन को रिश्वत मामले में 20 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। 65 दिन बाद जमानत मिली थी, लेकिन उसके खिलाफ एक और मामला दर्ज हो गया। जिसके कारण वह अभी जेल में हैं। प्रवर्तन निदेशालय की टीम गुरुवार सुबह केंद्रीय सुरक्षा बल के साथ विराम खंड स्थित निकांत जैन के घर और कार्यालय गयी। जहां काफी देर तक जांच की । इसके बाद वह तीन अन्य स्थानों पर भी गई। ईडी सूत्रों के मुताबिक निकांत के घर कई ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जिसमें कई नई जानकारियां हैं। इससे पहले ईडी ने जब छापा मारा था तो ये दस्तावेज हाथ नहीं लगे थे। कुछ महीनों से इस प्रकरण में ईडी कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। ईडी के सूत्रों के मुताबिक दो दिन के अंदर निकांत जैन और उनके परिवारीजनों के पांच और खातों के बारे में जानकारी मिली थी। इन खातों में ही करोड़ों रुपये के लेनदेने किये गये थे। इसकी पुष्टि होने के बाद ईडी ने गुरुवार को कार्रवाई की।

## न्यूज ब्रीफ

### भोपाल के महापौर ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भोपाल की महापौर मालती राय गुरुवार को अयोध्या पहुंची। उन्होंने हनुमानगढ़ी, कनक भवन और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। अयोध्या का विकास देख योगी सरकार की प्रशंसा की। वह अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के आवास पहुंची, जहां महापौर ने अपनी पत्नी राजलक्ष्मी तिवारी के साथ उनका स्वागत किया। भगवान राम का चित्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उनके साथ मेयर इन काउंसिल आरके सिंह बघेल, एसई उदित गर्ग, सहायक अभियंता विजय गोयल भी मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**मिल्कीपुर, अयोध्या : अमृत विचार।** हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग पूरे होला गांव में गुरुवार दोपहर गुड़िया (35) पत्नी पारसनाथ की करंट लगने से मौत गई। हादसा उस समय हुआ जब वह घर में काम कर रही थीं, इस दौरान गलती से कटे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गईं। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बनी खानम मकबरा में 5 दिवसीय मजलिस 10 से

**अयोध्या, अमृत विचार :** हर साल की तरह इस साल भी 10 से 14 अगस्त तक पांच दिवसीय मजलिस का आगाज मोहल्ला बेगमगंज गढैया आकाशवाणी के बगल बनी खानम के मकबरे में सुबह सवा आठ से नौ बजे तक होगी। इस पांच दिवसीय मजलिस में वक्त की पाबंदी अनिवार्य होगी। यह जानकारी मौलाना जफर अब्बास कुम्मी ने दी।

### थाना आरजेबी में तैनात आरक्षी निलंबित

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने थाना रामजन्मभूमि पर तैनात आरक्षी सुजीत यादव को कर्तव्य में लापरवाही, अनुशासनहीनता और पुलिस की छवि धूमिल करने के आरोप में निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। हाल ही में अतिक्रमण के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान उस पर श्रद्धालुओं व दुकानदारों से अभद्रता करने का आरोप लगा था।

### अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर चला स्वच्छता अभियान

**अयोध्या, अमृत विचार।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय रेलवे से एक से 15 अगस्त तक विशेष स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया व रेलवे ट्रैक की सफाई की गई। सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस दौरान यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक भी किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि नौ को

**अयोध्या।** स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व विधायक राजबली यादव की 26 वीं पुण्यतिथि नौ अगस्त को राजबली यादव स्मारक इंटर कालेज मड़ना पूरा बाजार में मनाई जाएगी। उनका निधन क्रांति दिवस नौअगस्त को वर्ष 2000 में हुआ था। विद्यालय के प्रबंधक रवी यादव एडवोकेट ने बताया कि रक्षा बंधन का पर्व होने के कारण पुण्यतिथि कार्यक्रम प्रातः नौ से 10 बजे तक किया जाएगा।

### छोटे भाई ने किया लहूलुहान, केस दर्ज

**बीकापुर, अमृत विचार :** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ठगवापुर सरैया चौरे चदौली गांव में पुन्नी लाल के छोटे बेटे मनीष ने बड़े भाई सत्येन्द्र पाल पर लोहे की पाइप से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मनीष के विरुद्ध मारने पीटने गाली गलौज करने व धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सत्येन्द्र वह अपने घर का प्लास्टर करवा रहा था। कुछ सामान पूछने पर उनके छोटे भाई मनीष कुमार उन्हें गाली देते हुए उन्हें मारने के लिए दौड़ा। वहीं रखी लोहे की पाइप से उनके सिर पर वार घायल कर दिया। आरोपी भाई मनीष गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते मौके से भाग गया। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल करवा कर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बीकापुर।** कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के पत्थर कट तिराहे पर बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से भाग गया। घायल की पहचान सहादतगंज थाना कैंट निवासी कृष्णा सिंह व बलराम के रूप में हुई। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सरयू बढ़ीं, कट गए कई गांवों के रास्ते, लगाई गईं नावें

## सदर तहसील के मदराई, पिपरी संग्रामपुर का रास्ता नदी में समाया | अभी और बढ़ सकता है जलस्तर, बाढ़ प्रभावित इलाकों में टीमें कर रही कैंप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू खतरे के निशान से 30 सेमी ऊपर पहुंच गई। कई गांव को जाने वाले रास्ते बाढ़ के पानी में समा गए या कट गए। गांव के लोग घरों में रहने को मजबूर हुए तो आने जाने के लिए नाव लगाई गई। जलस्तर में अभी और बढ़ोत्तरी के संकेत हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन की टीमें कैंप कर रही हैं।

गुरुवार को सरयू के जलस्तर में और वृद्धि दर्ज की गई। यह लाल निशान से 30 सेमी ऊपर पहुंच गई है। जैसे-जैसे नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। इसकी तबाही तेज हो रही है। जलस्तर प्रति दो घंटे एक सेमी बढ़ रहा है। पूराबाजार प्रतिनिधि के मुताबिक बाढ़ के पानी से सदर तहसील के रामपुर पुवारी माझा के मदराही गांव को जाने वाला रास्ता कट गया। लोग गांव में रहने को मजबूर हुए। गांव के पप्पू निषाद, पारसनाथ, मुन्ना, हरिश्चंद्र,गंगाराम पथरु यादव, अरविंद निषाद, गौरीशंकर, कमल निषाद ने बताया कि गांव से नई दुनिया होते हुए रामपुर पुवारी ऊपरहार को जाने वाला रास्ता मदराही गांव के पास कट गया। गांव से निकलना मुश्किल हो गया है।

सदर तहसील के ही पिपरी संग्रामपुर के दो पुरवे का संपर्क भी बाढ़ के पानी के चलते मुख्य गांव से कट गया। दोनों गांव को जोड़ने के लिए नाव लगाई गई। एसडीएम सदर राम प्रकाश तिवारी मौके पर पहुंचे। लोगों से दशरथ समाधि स्थल पर बनाए गए बाढ़ शरणालय जाने की अपील की। लेकिन कुछ लोगों ने अभी जाने से मना कर दिया। बाढ़ शरणालय में एक डॉक्टर व पशु चिकित्सक को तैनात किया गया। जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों और मवेशियों का मेडिकल चेकअप किया जा सके।

बाढ़ के पानी से रुदौली, सोहावल और सदर तहसील के कछार के गांवों की फसले डूब गई है। रुदौली के कैथी माझा के ईर्द-गिर्द बाढ़ का पानी गांव के किनारे लगा है। प्रशासन की ओर से इस पर नजर रखी जा रही है। जरूरत पर बाढ प्रभावितों को बाहर निकालने की व्यवस्था की गई है।



मदराही गांव को जाने वाला रास्ता कटा। अमृत विचार

### समय पर कार्रवाई न होने से कटा रास्ता

**पूराबाजार, अयोध्या।** गांव के लोगों का कहना है कि सोमवार को सिंचाई विभाग के अधिकारी मदराही गांव आए थे। यहां मौजूद विभाग के कर्मचारियों व ठेकेदार से कहा था कि रास्ते को बचाने के लिए काम शुरू कर दिया जाए लेकिन सिंचाई विभाग में अब तक काम नहीं लगाया। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार से इस बावत जानकारी का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। बलुइया माझा में बाढ़ के पानी से फसले डूबी है, जानवरों के चारे का संकट बरकरार है। गांव के राहुल निषाद, सत्यवान निषाद, रामबहोर,कालीदीन, सत्य प्रकाश ने बताया कि फसलों में बाढ़ का पानी भर जाने से जानवरों के लिए चारा नहीं बचा है। चारे के अभाव में जानवर भूखे रह रहे हैं।



मांझा कला कोटसराय में नाव से जाते ग्रामीण। • अमृत विचार

### कई गांव बाढ़ की चपेट में, राहत व बचाव कार्य तेज

**सोहावल,अयोध्या।** सोहावल तहसील क्षेत्र के तराई क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। मांझा कला के 40 से अधिक परिवारों को सुरक्षित स्थान पर सहारा बाग में अस्थायी आवास में भेज दिया गया। प्राथमिक विद्यालय कोटसराय में बाढ़ चौकी स्थापित की गई। यहां से राजस्व विभाग के कर्मचारी निगरानी कर रहे हैं। यहां लगभग सौ से ज्यादा परिवार बाढ़ के खतरे की जद में हैं। एसडीएम सोहावल सुश्री सविता देवी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने फतेहपुर सरैया, कोटसराय सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का नाव से दौरा कर हालात का जायजा लिया। पीड़ितों की मदद के लिए भोजन, पानी और नाव की व्यवस्था की गई है। मांझा कला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। बाढ़ चौकी स्थापित कर 40 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्स्थापित कराया गया है। प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व कर्मियों की तैनाती की गई है। राहत व बचाव के उपाय किए जा रहे हैं।



रामपुर पुवारी माझा के मदराही गांव में घुसा बाढ़ का पानी।

### जलस्तर बढ़ने से सीढ़ियों पर स्नान कर रहे श्रद्धालु

**अयोध्या कार्यालय।** सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। पानी कई सीढ़ी ऊपर पहुंच गया। सावन झूला मेले में आने वाले श्रद्धालु अब सीढ़ियों पर ही स्नान कर रहे हैं। सरयू के जलस्तर में तेजी अब कम हो गई है। लेकिन नदी के तटीय इलाकों के लोगों में बाढ़ का खौफ देखा जा रहा है। अयोध्या में चल रहे सावन झूला मेले के मद्देनजर सरयू के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जल पुलिस, टीआरएफ, एनडीआरएफ के साथ घाटों पर पीएसी व सिविल पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं जो स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को स्नान करने के बाद जल्द से जल्द घाट को खाली करने के लिए अपील कर रहे हैं। जल पुलिस प्रभारी रूबे दुबे के मुताबिक घाटों पर आने वाले श्रद्धालु कम से कम समय में स्थान करके घाट को छोड़ दें। पुलिस के लोग बाकायदा सिटी के माध्यम से लोगों को जागरुक कर रहे हैं। स्नान करने के बाद जल्द से जल्द बाहर जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### दिन में कड़ी धूप व उमस, शाम को झमाझम

**अयोध्या, अमृत विचार :** दिन भर कड़ी धूप के साथ उमस का सामना करने के बाद शाम को शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में झमाझाम बरसात हुई। इसको लेकर मौसम विभाग ने गुरुवार की शाम करीब तीन बजे भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया। बताया गया कि शाम 6 .15 तक तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। गुरुवार की सुबह से मौसम साफ था, कड़ी धूप भी निकली। शाम करीब चार बजे काले घने बादल छाए व तेज हवाओं के साथ अच्छी बरसात हुई। हालांकि मौसम विभाग ने तीन बजे बारिश का रेड अलर्ट जारी कर अयोध्या समेत आसपास के जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई थी लेकिन इसका कुछ खास असर नहीं दिखा। अयोध्या में रामपथ समेत अन्य इलाकों में जलभराव भी हो गया। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं हल्की वर्षा होने की संभावना है।




श्रीराम अस्पताल के मुख्य गेट पर जलभराव।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के साथ सहयात्री भी कर सकेंगे मुफ्त यात्रा

अयोध्या कार्यालय

- आठ की सुबह छह से 10 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाएं कर सकेंगी नि:शुल्क यात्रा

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन पर्व पर परिवहन निगम की सभी श्रेणी की बसों में महिलाओं के साथ अब एक सहयात्री भी निःशुल्क यात्रा कर सकते हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि परिवहन मंत्री की ओर से आदेश जारी किया गया है।

इसके तहत परिवहन निगम से संचालित बसों में आठ अगस्त की प्रातः छह बजे से 10 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाएं व उनके साथ एक सहयात्री निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। बताया कि इसको लेकर सभी डिपो को आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि शत प्रतिशत बसों को ऑनरोड किया जाए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाई जाए। बसों एवं बस स्टेशनों पर साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रहे। चालक, परिचालक वर्दी में रहें। साथ ही जांच दल को ब्रेथ एनेलाइजर के माध्यम से चालकों, परिचालकों की जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की जान गई

**बीकापुर, अमृत विचार:** प्रयागराज हाईवे पर देर रात सड़क हादसे में एक दुकानदार की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट पेट्रोल टंकी के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने साइकिल सवार जमुना प्रसाद चौरसिया (60) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बक्शी का पुरवा गंडई के रहने वाले जमुना प्रसाद बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे खजुरहट में हाईवे के किनारे अपनी पान की दुकान बंद करके घर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद ड्राइवर पिकअप वाहन को लेकर मौके से भाग गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को बीकापुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले गए, जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया कि शिकायत मिलने पर अज्ञात वाहन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर में जंपिंग झेल रहे 25 हजार उपभोक्ता

अयोध्या कार्यालय

- सोहावल में स्मार्ट मीटर लगाने में गड़बड़ी भी उजागर, जांच के आदेश

**अमृत विचार :** बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। ज्यादातर उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटरों के तेज चलने और भार जंपिंग की शिकायत हैं। मानकों के मुताबिक अभी चेक मीटर नहीं लगाए जा रहे हैं। विद्युत मजदूर पंचायत के प्रांतीय उप मंत्री रघुवंश मिश्रा ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। गंभीर बात यह है कि अभी तक केवल 25 हजार शहरी उपभोक्ताओं के यहां ही स्मार्ट कार्ड लगे हैं जबकि कुल उपभोक्ताओं की संख्या चार लाख के करीब है।

बताया जाता है कि 15 हजार से अधिक उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके परिसर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगे है। दोनों ही तरह के स्मार्ट मीटर के तेज चलने की शिकायतें आ रही हैं। संबंधित उपभोक्ताओं की भार जंपिंग की शिकायतें भी हैं। बिजली कंपनियों द्वारा मानकों के अनुसार पांच प्रतिशत चेक मीटर नहीं लगाए जा रहे हैं। इससे मीटरों के सही चलने का मिलान नहीं हो पा रहा है। प्रांतीय उप मंत्री ने बताया कि स्मार्ट मीटरों के तेज चलने और भार जंपिंग की शिकायतों पर कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। एक साथ कई माह का बिल मिलने पर भी संबंधित उपभोक्ता परेशान होंगे। भारत सरकार के नियमों के तहत पांच प्रतिशत उपभोक्ताओं के परिसर में जो पुराने मीटर हैं उन्हें चेक मीटर के रूप में लगाकर रीडिंग की मिलान होनी चाहिए थी।

### ठेकेदार कर रहे मनमानी, नहीं लगा रहे हैं आर्मर्ड केबल

**सोहावल, अमृत विचार।** नगर पंचायत सुचितागंज सोहावल क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य चल रहा है। पांच अगस्त को यहां स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान शुरू किया गया। ठेकेदार के कर्मचारी केवल स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। वे सरकार द्वारा निर्धारित आर्मर्ड केबल का उपयोग नहीं कर रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं के पास पहले से आर्मर्ड केबल है, उन्हें उसी पर कनेक्शन दिया जा रहा है। जिनके पास यूएसबी केबल है, उन्हें भी स्मार्ट मीटर लगाकर पुरानी केबल पर ही कनेक्शन दिया जा रहा है इस मामले की शिकायत एसडीओ को भी दी गई है।

> कार्यदायी संस्था की लगातार शिकायत सामने आ रही है। बार-बार चेतावनी दी जा रही है। मीटर जपिंग की शिकायतें मिली हैं जांच कराई जा रही है। - **अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता वितरण**

# श्रीराम महायज्ञ के लिए संतों ने किया भूमि पूजन

अयोध्या कार्यालय

- पांच से 14 अक्टूबर तक होगा 501 रामार्चा पूजन, 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम मंत्र जप अनुष्ठान

**अमृत विचार :** रामनगरी में पहली बार 501 रामार्चा पूजन, 51 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ व श्रीराम मंत्र जप अनुष्ठान आगामी पांच से 14 अक्टूबर के बीच संपन्न होगा। गुरुवार को स्थान पूजन किया गया। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास के साथ अन्य संत-महंतों ने एक साथ मंत्र उच्चारण के साथ ध्वजा स्थापित की।

यह धार्मिक अनुष्ठान श्रीमद्जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी वल्लभाचार्य महाराज के संयोजन में श्री रामहर्षण मैथली सख्य पीठ धर्माथ सेवा ट्रस्ट से श्री रामहर्षणम चारुशीला मंदिर के पास आयोजित होगा। महंत कमल नयन दास महाराज ने कहा कि अयोध्या में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में इससे पहले 501 रामायण का पूजन एक साथ नहीं हुआ था।

हनुमानगढ़ी के संत संजय दास ने कहा कि संतों के प्रयास से श्रीराम महायज्ञ उत्सव नहीं एक महोत्सव होगा। जानकी घाट के महंत जन्मेजय शरण महाराज ने बताया कि रामार्चा पूजन का बड़ा महत्व है। जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महाराज ने कहा कि स्वामी रामहर्षण महापुरुष थे। राम नाम जप अनुष्ठान के रजत जयंती समारोह पर यह अनुष्ठान अयोध्या में सबसे अनुपम और अलौकिक होगा। जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राजस्थान व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है। अनी अखाड़ा के महंत मुरलीधर, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश कुमार दास, महामंडलेश्वर गिरीश दास, महंत जनार्दन दास, महासचिव नंदराम दास, महंत रामकुमार दास, राम जानकी श्रृंगी ऋषि आश्रम के महंत हेमंत दास, डॉ. अभिलाष प्रसाद त्रिपाठी, विजय कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, महिला मंडल की अध्यक्ष मानवती मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।



धार्मिक अनुष्ठान के भूमि पूजन में शामिल संत-महंत।

### खाद्य विभाग ने छेने का लिया सैंपल

**मवई, अयोध्या।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पीके त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने चकपुरवा चौराहा के समीप अरविंद कुमार व गंगा प्रसाद के यहां छापेमारी की। छापे में टीम ने करीब एक कुंतल छेना व स्पेशल पेड़ा मिठाई बरामद कर उसकी सेंपलिंग की। घर में भारी मात्रा में मिठाइयां देख खाद्य विभाग की पूछतांछ में बताया कि यह छेना बाराबंकी जिले के कोटवा सड़क स्थित पुलिस चौकी के बगल से खरीदकर लाया है। उसे वह क्षेत्र की दुकानों पर 180-190 रुपये किलो बेचता है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया एक दुकान से छेना व दूसरे दुकान से स्पेशल पेड़ा का सैम्पल लिया गया। जो जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# आस्था पथ बनेगा भक्ति का नया आयाम

अयोध्या कार्यालय

- राम गुलेला से श्रीराम जन्मभूमि पथ तक पहुंचने में होगी आसानी

**अमृत विचार:** रामनगरी में आस्था पथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह मार्ग भक्ति पथ से राम गुलेला होते हुए सीधे श्रीराम जन्मभूमि पथ तक पहुंचता है। यह न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी अयोध्या के हृदय स्थल को जोड़ता है। .225 किमी लंबा यह मार्ग लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है।

इस मार्ग के माध्यम से श्रद्धालु अब राम जन्मभूमि मंदिर तक और भी आसानी से पहुंच सकेंगे। 12 दिसंबर 2023 को प्रारंभ हुए इस कार्य को लोक निर्माण विभाग खंड चार से तेजी से पूरा किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता शशि भूषण सिंह के अनुसार मार्ग में यूटिलिटी डक्ट, ड्रेनेज, जलापूर्ति पाइप लाइन, सीसी मार्ग जैसे सुविधाजनक ढांचे पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। बारिश के मौसम में जलभराव न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए उन्नत ड्रेनेज सिस्टम डाला गया है। स्ट्रीट लाइटिंग और फर्नीचर जैसे सौंदर्यात्मक कार्य अंतिम चरण में हैं। फुटपाथ निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी है। यह कार्य भी अगस्त माह के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है।

# मनरेगा भुगतान न होने पर प्रधान ने दी आत्महत्या की चेतावनी

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार:** पूराबाजार ब्लाक की ग्राम पंचायत नरायनपुर के प्रधान राजेश कोरी ने मनरेगा योजना के तहत कराए गए कार्य का भुगतान न होने से आहत होकर आत्महत्या की चेतावनी दे दी। कहा कि कई बार शिकायत और अनुरोध के बावजूद उन्हें बकाया भुगतान नहीं मिला।

बताया कि वर्ष 2022-23 में नरायनपुर ग्राम पंचायत में पूर्व माध्यमिक विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया गया, कार्य पूरा होने के वर्षों बाद भी मजदूरों और आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान नहीं किया गया। धनराशि शासन से कई बार आने की बात कही गई, लेकिन भुगतान आज तक नहीं हुआ। बीडीओ को लिखे पत्र में कहा कि वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों और मज़दूरों की ओर से दबाव और धमकियां मिल रही हैं कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो वे प्रधान के घर पर धरना या अन्य कदम उठाएंगे। इस मानसिक तनाव के कारण प्रधान ने आत्महत्या करने की चेतावनी दे दी। पत्र में उनके साथ अनहोनी पर जिम्मेदारी बीडीओ, रोजगार सेवक और सचिव सौरभ को बनाया। पत्र मिलते ही प्रधान की खोजबीन शुरू हुई। मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई। प्रधान संघ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर ने बताया कि पांच घंटे बाद प्रधान भरतकुंड पर मिले। प्रधान राजेश कोरी ने बताया कि खोजबीन में फाइल रोजगार सेवक से दबाए होने की बात सामने आई। यदि भुगतान हो जाए तो कोई शिकायत नहीं है। खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि भुगतान नहीं हुआ है, इसकी जानकारी हमको कभी प्रधान ने नहीं दिया। जानकारी हुई है जल्द ही मामले का समाधान हो जाएगा।

निर्माणाधीन

## प्रवेश द्वार पर 1.89 करोड़ रुपये की आएगी लागत, शिल्प पर विशेष जोर

# पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बन रहा तिलक प्रवेश द्वार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या में धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व बढ़ाने की दिशा में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर एक भव्य 'तिलक प्रवेश द्वार' का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह द्वार अयोध्या के प्रमुख धार्मिक स्थल हनुमान गुफा के समीप बन रहा है। निर्माण अयोध्या विकास प्राधिकरण से कराया जा रहा है। कुल 1.89 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस प्रवेश द्वार का लगभग 60 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

यह प्रवेश द्वार न केवल एक स्थापत्य की संरचना है, बल्कि यह अयोध्या की समृद्ध धार्मिक परंपरा, आध्यात्मिक पहचान और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक भी बनेगा। श्रद्धालुओं के लिए द्वार प्रवेश का आध्यात्मिक अनुभव और भव्यता दोनों ही प्रदान करेगा। इस द्वार की डिज़ाइन इस प्रकार बनाई गई है जो शास्त्रीय स्थापत्य कला, मंदिर शैली और आधुनिक तकनीकों का संगम होगा। निर्माण में धार्मिक प्रतीकों, रामायण युगीन प्रेरणाओं और पारंपरिक शिल्प को प्रमुखता दी जा रही है। द्वार के चारों ओर भव्य फसाड, लाइटिंग, शिल्पकला से सजे खंभे, पत्थरों की नक्काशी व आसपास हरियाली व सजावट का कार्य भी किया जा रहा है। निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रयास है कि यह द्वार अयोध्या का एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने।

### अयोध्या बन रहा वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें श्रीराम जन्मभूमि क्षेत्र का पुनर्विकास, आस्था पथ, भक्ति पथ, जनसुविधा केंद्र, डिजिटल संकेतक, रिवर फ्रंट विकास, घाटों का पुनरुद्धार और प्रमुख मंदिरों तक बेहतर पहुंच जैसे कार्य शामिल हैं। इस क्रम में तिलक प्रवेश द्वार का निर्माण भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### सौंदर्यीकरण के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

> तिलक प्रवेश द्वार न केवल अयोध्या की धार्मिक गरिमा को नई ऊंचाई देगा, बल्कि यह एक ऐतिहासिक और स्थापत्य के दृष्टिकोण से भी अद्वितीय होगा। श्रद्धालुओं और पर्यटकों के स्वागत का यह द्वार एक यादगार अनुभव बन सके, इसके लिए उच्च गुणवत्ता के साथ सौंदर्यीकरण और भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रयास है कि निर्माण कार्य समय से पूर्ण कर आगामी धार्मिक आयोजनों तक इसे जनता को समर्पित किया जा सके। - **अश्विनी पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण**

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं ने विधायक को बांधी राखी

**रुदौली, अमृत विचार।** राम कुमार इंटर कॉलेज सड़वा में गुरुवार को रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने विधायक रामचंद्र यादव को राखी बांधी। विधायक ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहनों के बीच अनूठे बंधन का सम्मान करना सिखाता है। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या समीना खातून, मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला, तेज तिवारी, निर्मल शर्मा, सुरेश तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

### बैंक ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मित्रसेनपुर में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक दसे चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को बैंक से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। वित्तीय सलाहकार अतुल कुमार श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, शिक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना, साइबर क्राइम, केवाईसी, डीवीडी, लोन संबंधित जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बीसी सुपर सुपरवाइजर मोहित कन्नौजिया, शाखा प्रबंधक मलिक अब्दुल सत्तर, उप शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार ने भी चौपाल को संबोधित करके लोगों को जागरूक किया।

### फायरिंग अभ्यास 10 को न जाएं फायरिंग रेंज में

**अयोध्या, अमृत विचार :** डिवीजन ट्रेनिंग सेंटर होमगार्डस पर प्रशिक्षणरत 49 होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 10 अगस्त को प्रातः आठ बजे ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट सेंटर अयोध्या में होगी। इस तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास कोई जानवर/व्यक्ति न आए, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों। यह जानकारी डिवीजन कमांडेंट डिवीजन ट्रेनिंग सेंटर अयोध्या कार्यालय ने दी ।

### महापौर ने सुविधाएं देने का किया वायदा

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर्व की तैयारी को लेकर गुरुवार को नगर निगम और केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता कर रहे महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया। समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने नगर निगम से मांग की कि 23 अगस्त को विसर्जन के दिन विसर्जन स्थल गुप्तार घाट पर सभी परंपरागत व्यवस्थाएं बहाल रखी जाएं। बैठक में उपसभापति राजेश गौड़, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, गगन जायसवाल, जेएन चतुर्वेदी, सुप्रीत कपूर, अतुल सिंह, अखिलेश समेत अन्य मौजूद रहे।

### तीन चरणों में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**अयोध्या।** जिले में दो से 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जा रहा है। विभिन्न विभागों से प्रदर्शनी, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सैनिकों एवं सिपाहियों को राखी एवं पत्र भेजा जा रहा है। डीएम निखिल टी. फुंडे ने बताया कि दूसरा चरण दिनांक नौ से 12 अगस्त तक चलेगा। इसमें तिरंगा महोत्सव के रूप में एक ही दिन तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूज़िकल कॉन्सर्ट का वृहद आयोजन होगा। अभियान का तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बाँधों, पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### महासंघ ने दिया शिक्षा भवन पर धरना

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया। विभिन्न मांगों को लेकर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक अश्वनी कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा। अर्हता प्राप्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की शिक्षक पद पर पदोन्नति का प्राविधान, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को अर्जित अवकाश के एवज में उसका नकदीकरण सेवानिवृत्ति के अवसर पर दिलाए जाने का प्राविधान समेत विभिन्न मांगें शामिल रहीं। महासंघ के प्रदेश महासचिव अवधेश मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार चौरसिया, प्रदेश सचिव रामेंद्र प्रताप सिंह, मंडल संयोजक गोपीनाथ श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, जिला संरक्षक कमला प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष चक्रधर पाठक कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंदिरों में झूलनोत्सव शीर्ष पर कजरी गीतों पर झूमें श्रद्धालु

## सावन गीत व सखियों के घुंघरुओं की झनकार लोगों को कर रहीं आकर्षित

अयोध्या कार्यालय


झूला मेला के दौरान अयोध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अयोध्या का ऐतिहासिक सावन झूला मेला अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। श्रद्धालुओं का उल्लास भी चरम पर है। श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। दिन ढलते ही अयोध्या के मठ मंदिरों से उठने वाली इत्र की महक, कजरी व सावन गीतों की बहार व सखियों के घुंघरुओं की झनकार लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

अयोध्या के मंदिरों में पड़े झूले पर विराजमान युगल सरकार की झांकी को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु देर रात अयोध्या की गलियों में घूम रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, कनक भवन, राजा दशरथ जी का महल, अशर्फी भवन, राम वल्लभा कुंज, दिव्या कला कुंज, विअहुति भवन, रंग महल, जानकी महल, राज सदन, रूप कला कुंज, मणिराम दास जी की छावनी, राजद्वार समेत अन्य मंदिरों में उत्सव अपने शीर्ष पर है।

अयोध्या में झूला महोत्सव को देखने के लिए करीब 30 वर्ष से लखनऊ से आ रही बुजुर्ग रमा देवी, ऊषा, कांति ने बताया कि इस उत्सव के क्या कहने, रामलला को झूला झुलाने का जो आनंद है, उसका वर्णन नहीं किया जा सकता। विशेषकर सखियां तो इसका महत्वपूर्ण अंग हैं। बताया कि पूर्व में प्रसिद्ध कत्थक कलाकार यहां के कार्यक्रमों की शोभा होते थे, जो पारंपरिक कजरी व सावन झूला गीतों से ही भगवान को रिझाते थे, अब इस प्राचीन परंपरा पर आधुनिकता की परछाई पड़ने लगी है। वहीं, महंत सियारामशरण ने कहा कि सावन झूला मेला अंतिम दिन तक पहुंच गया है आज से ही पूर्णिमा प्रारंभ हो रहा है। इसको लेकर रात्रि से ही श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान करेंगे। बताया कि मंदिरों में भी उल्लास चरम पर है, भगवान युगल सरकार की दिव्य झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत संगीत का आयोजन किया जा रहा है।


राम मंदिर में झूला बिहार करते रामलला।

### श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व कल, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व शनिवार को मनाया जाएगा। इसके साथ ही पखवारे भ्र से चल रहे झूला मेला का समापन हो जाएगा। मेले के अंतिम चरण को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। शुक्रवार से गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। शहर के अंदर भी पूर्व में तय डायवर्जन लागू रहेगा। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मेला क्षेत्र की सीसीटीवी व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है। शहर के प्रमुख इलाकों में अर्धसैनिक बल व एटीएस की टीम को तैनात की गई है। प्रत्येक चौराहों व शहर के प्रवेश मार्ग पर पीएसी, पुलिस व यातायात पुलिस के जवान को तैनात किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों से मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

### ईएमओ रहे अनुपस्थित फोन भी ऑफ, रोका वेतन

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिला अस्पताल में गुरुवार को ईएमओ डॉ. विजय शंकर के ड्यूटी पर न पहुंचने और फोन बंद रखने के कारण उनका एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। अस्पताल में पहले से ही कई चिकित्सकों के अवकाश पर होने से स्टाफ की कमी बनी हुई है। ऐसे में डॉ. विजय की अनुपस्थिति ने व्यवस्था को और प्रभावित किया। डॉ. विजय शंकर हाल ही में अस्पताल के ब्लड बैंक से जोड़े गए। उनकी ड्यूटी गुरुवार दोपहर दो बजे से थी। उनके न पहुंचने पर इमरजेंसी स्टाफ और अन्य चिकित्सकों ने बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद रहा। इस बीच ईएमओ डॉ. विशाल चौधरी और डॉ. आशीष पाठक ने इमरजेंसी सेवाओं का मोर्चा संभाला। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने इस लापरवाही को गंभीरता से लिया। तत्काल कार्रवाई करते हुए डॉ. विजय का एक दिन का वेतन रोकने का निर्णय लिया। डॉ. अजय ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है। ड्यूटी के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### 298 किसानों को किया मिनी किट का वितरण

**शुजागंज।** रुदौली ब्लाक में किसान कल्याण केंद्र पर गुरुवार को विधायक रामचंद्र यादव ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम में 289 किसानों को निःशुल्क मिनी किट का वितरण किया। विधायक ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देना है, जो पोषण और पर्यावरणीय लाभ प्रदान करते हैं। इस मौके पर भगवान दीन, रामनेवल लोधी, राहुल मिश्रा, अनिल कुमार गौड़, चन्द्रसेन, संजय कुमार सहित किसान मौजूद रहे।

# फार्म हाउस से सिंडीकेट चलाता था राजा मानसिंह

अयोध्या कार्यालय

● एसएसपी स्वंय कर रहे पूरे मामले की मॉनीटरिंग

**अमृत विचार :** अपने काले कारनामें व जाली नोटों के कारोबार से मसौधा द्वितीय के जिला पंचायत सदस्य व सपा युवजन सभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानसिंह ने सिंडीकेट बना रखा था। थाना पूराकलंदर के सरियावां गांव निवासी इस हिस्ट्रीशीटर ने गांव में ही एक बड़ा फार्म हाउस बना रखा है, वह यहीं से अपने काले कारोबार को संचालित करता था। अपने जाल में फंसाकर लोगों को यहीं बुलाकर प्रताड़ित करता था, इसके लिए उसने विशेष कमरे भी बनवाए थे। वहीं, निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोपी में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने दो हल्का सिपाहियों को निलंबित कर उनके खिलाफ जांच का आदेश दिया हैं। थाने के कुछ और पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिरने की संभावना है।


राजा मान सिंह

सपा नेता राजा मानसिंह के खिलाफ थाना पूराकलंदर में 14 केस दर्ज हैं। अप्रैल 2021 में सपा से जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद वह उस समय चर्चा में आया जब सितंबर 2021 में लखनऊ की गाजीपुर थाना पुलिस ने उसे जाली नोटों के कारोबार में गिरफ्तार किया। इसके बाद उसने यह कारोबार छोड़कर प्रॉपर्टी के धंधे में हाथ आजमाना शुरू कर दिया, यह धंधा उसे खूब रास आया। जमीन क्रय विक्रय करने के नाम पर उसने लोगों से खूब रुपये लिए, वापस मांगने पर वह उन्हें अपने गुर्गों के माध्यम से डराता धमकाता था, कुछ को अपने फार्म हाउस पर बुलाकर वहां तरह-तरह से प्रताड़ित करता था। इससे उसने तमाम बेनामी संपत्ति अर्जित की। बताया जाता है कि उसने अयोध्या, लखनऊ के साथ ही दिल्ली तक कई संपत्तियां खरीदी, इनमें से अधिकांश उसकी पत्नी के नाम है। वह अयोध्या में एक होटल भी बनवा रहा है, जो उसकी पत्नी के नाम है। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि सपा नेता की नामी व बेनामी संपत्तियों की खोजबीन की जा रही है। उससे जुड़े लोगों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। जल्द ही अगली कार्रवाई की जाएगी। वहीं, राजा मानसिंह जिले के एक वरिष्ठ सपा नेता व पूर्व मंत्री का दाहिना हाथ माना जाता है। वर्ष 2012 में सपा सरकार के गठन के बाद से उसका राजनीतिक कद भी खूब बढ़ा, शासन, प्रशासन में उसकी ऊंची पहुंच थी।

#### अभी और पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज

बुधवार को सपा नेता की गिरफ्तारी के बाद एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने थाना पूराकलंदर पर तैनात सरियावां गांव के हल्का मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार यादव व आरक्षी राहुल सिंह को निलंबित कर दिया है। माना जा रहा है कि हल्का क्षेत्र के प्रभारी दोनों सिपाहियों ने हिस्ट्रीशीटर अपराधी राजा मानसिंह की गतिविधियों पर निगाह रखने में लापरवाही की व उससे संबंधित सूचना थाना व उच्चाधिकारियों को नहीं दी। इसको लेकर जल्द ही थाने के कुछ अन्य कर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है।

# कमिश्नर से मिले व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने मंडवायुक्त से मुलाकात की। उद्यमियों और व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

प्रदेश महामंत्री ने कमिश्नर राजेश कुमार से कहा कि अयोध्या सहित मंडल के अन्य जनपदों में नए उद्योगों की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री के मिशन पर काम किया जा रहा है। लेकिन सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की आवश्यकता है। बताया कि सुल्तानपुर में जिलाधिकारी के प्रयास से औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए कई प्रस्ताव शासन को भेजे गए। उद्यमियों के प्रति जिलाधिकारी सुल्तानपुर के सकारात्मक रवैए की बात कही। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि व्यापारी लोकल फॉर वोकल के फार्मूले पर काम कर रहा है। लेकिन जीएसटी और फूड के कुछ अधिकारियो का व्यवहार व्यापारियों से ठीक नहीं है। उनकी सूची दी जाएगी। उनके साथ मिलने वालों में जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि, आशीष, प्रदीप, सुधीर आदि थे।



मंडलायुक्त राजेश कुमार को रामनामी पहनाते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी।

# न्यायालय के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीकापुर, अमृत विचार:** न्यायालय के आदेश पर हैदरगंज पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारने पीटने अश्लील हरकत, छेड़छाड़, गाली गलौज सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के गांव मिलिया की पीड़िता सुसमा पत्नी सीताराम राम ने बताया कि उनके पुत्र सूरज व अमित रोजी-रोटी के सिलसिले में लुधियाना में रहते है वहीं पर विपक्षी के परिवार के भगवानदीन, रवि और श्रवण भी लुधियाना में रहते है। उनके पुत्रों व विपक्षी भगवानदीन, श्रवण, रवि के बीच लुधियाना में कहा सुनी हो गई थी। उनके पुत्रों को मारा पीटा। 18 मार्च 2025 को लुधियाना की घटना की शिकायत करने आरोपियों के घर गयी। शिकायत करने पर आरोपी पुष्पा देवी और उनके परिवार के बैजनाथ, सत्य प्रकाश, सुभावती, संजू, सुशीला व रामनाथ ने गाली गलौज के साथ उनके घर आकर धावा बोल दिया। लात-घूसा, लाठी ठण्डा से मारा। उनको पकड़कर बदनियती से गिरा दिया। कपड़े फाड़ दिया, अश्लील हरकत की। हल्ला गुहार मचाने पर आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तब उनकी जान बची। उन्होंने हैदरगंज थाने में पहुंचकर शिकायत पत्र दिया। लेकिन कार्रवाई नही की गई। न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। हैदरगंज थाना अध्यक्ष विवेक राय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# पूर्व सांसद की पहल पर रेललाइन बाईपास के प्रभावितों को मिलेगी राहत

अयोध्या कार्यालय

● रेल मंत्री से मुलाकात में पूर्व सांसद ने उठाया मामला

**अमृत विचार:** सलारपुर-मसौधा बाईपास रेलवे लाइन के प्रस्तावित निर्माण से प्रभावित ग्रामीणों की चिंता अब कम होगी। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर जनहित में कई मुद्दों को विस्तारपूर्वक रखा। इसमें बाईपास लाइन से प्रभावित किसानों की पीड़ा भी शामिल रही।

पूर्व सांसद ने बताया कि रेल मंत्री को अवगत कराया कि प्रस्तावित बाईपास रेलवे लाइन आबादी क्षेत्र से होकर गुजर रही है, जिससे बड़ी संख्या में स्थानीय लोग प्रभावित हो रहे हैं। रेलवे को वैकल्पिक मार्ग पर विचार करना चाहिए। इस पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि किसी भी नागरिक के हितों की अनदेखी नहीं होगी। प्रभावितों को नुकसान से बचाया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि किसी का भी घर-मकान नही टूटना चाहिए।


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मांग पत्र सौंपते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। रेल मंत्री ने भरोसा दिलाया कि डीपीआर को शीघ्र स्वीकृति दी जाएगी, पुनर्विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा। अयोध्या को अन्य धार्मिक व महत्वपूर्ण शहरों से जोड़ने के लिए अयोध्या कैंट से द्वारका, जगन्नाथपुरी, माता वैष्णो देवी, दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवाएं शुरू करने की मांग रखी। रेल मंत्री ने कहा कि जल्द ही इन रूट्स पर सीधी रेल सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी, जिससे श्रद्धालुओं व यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने अयोध्या-भावनगर साप्ताहिक रेल सेवा शुरू करने पर धन्यवाद दिया।

# खाद की किल्लत से जूझ रहे किसान

तारून, अयोध्या

**अमृत विचार :** अगस्त में अच्छी बरसात होने से किसान धान की फसलों में यूरिया डालने के लिए एक बोरी खाद के लिए धक्के खा रहे हैं। जिले से भेजी जा रही यूरिया समितियों पर आते ही ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। सरकारी आंकड़े कागज पर पर्याप्त जमीन पर हाहाकार धरातल पर दिखाई पड़ रहा है।एक ओर जिला कृषि अधिकारी यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रहे हैं तो वहीं किसान सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक लाइन लगाकर निराश होकर शाम को घर वापस चले जाते हैं। नेतवारी चतुर, यादवपुर, फतेहपुर कमासिन, जयसिंहमऊ व तारून समितियों पर एक ट्रक खाद आते ही एक दिन में ही खत्म हो जा रही है। तारून समिति के सचिव प्रमोद शुक्ला ने बताया कि पूरी कोशिश है कि कोई भी किसान मायूस होकर न जाएं। जल्द ही यूरिया आने वाली है ।


साधन सहकारी समिति तारुन पर यूरिया के लिए जुटे किसान।

### खाद की कालाबाजारी रोकने निकले एसडीएम

**रुदौली अयोध्या।** एसडीएम विकास धर दुबे खाद की दुकानों पर यूरिया खाद की कालाबाजारी पकड़ने के लिए अकेले बाइक से निकल पड़े। यूरिया को बढ़े दाम पर बेचने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। गुरुवार की दोपहर एसडीएम ने भेलसर व रुदौली में खाद की दुकान पर खाद को लेकर काला बाजारी पर सख्त निर्देश दिया। कहा कि खाद बढ़ी कीमत पर बेचने वालों पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि मुजफ्फरपुर में लेखपाल की मौजूदगी में खाद का वितरण कराया जाएगा। खाद वितरण में लेखपालों को लगाया जाएगा।

### यूरिया के लिए एक अनार सौ बीमार की स्थिति

**बड़ागांव, अमृत विचार :** बड़ागांव बाजार में यूरिया के लिए किसानो की भीड़ उमड़ी। छः लाइसेंस धारकों में एक मात्र दुकान पर तीन सौ बोरी यूरिया की जानकारी पर क्षेत्र के किसान उमड़ पडे। रोड जाम की स्थिति बनी। चौकी पुलिस के साथ एडीओ रंजीत त्रिपाठी ने मौके पर रहकर वितरण कराना शुरू किया। रंजीत त्रिपाठी ने बताया किसानों का आधार लेकर जरूरत के हिसाब से यूरिया वितरण कराया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के नेता रिशु सिंह व लोकतांत्रिक जन शाक्ति पार्टी के नेता अमित सिंह ने सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने की सरकार से मांग की है।



रोटरी ग्रेटर विंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फ्लोर क्वीन पूनम खत्री व अन्य पदाधिकारी महिलाएं। ● अमृत विचार

### थीम पार्टी में रोटरी ग्रेटर विंग की पूनम खत्री बनीं फ्लोरन क्वीन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रोटरी ग्रेटर विंग से रंग-बिरंगी और उल्लास पूर्ण फ्लोरल थीम पार्टी का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन सपना रस्तोगी ने सभी सदस्यों एवं अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन, संस्थापक चेयरपर्सन श्वेता अग्रवाल ने पूर्व चेयरपर्सन सौदामिनी, रूबी, मोना, श्रद्धा, वंदना और रश्मि के साथ किया। फ्लोरल क्वीन प्रतियोगिता में पूनम खत्री को फ्लोरल क्वीन का खिताब प्रदान किया गया। मनी और सोनल से आयोजित खेलों ने सभी का दिल जीत लिया। जिनमें रोली दीप और मोनिका अग्रवाल विजेता घोषित हुई। रश्मि और छवि से आयोजित अंताक्षरी में सदस्यों ने गीत-संगीत की रसमयी महफिल को जीवंत कर दिया। सचिव नीता मित्तल ने आभार व्यक्त किया। कलावती चौरसिया दीपिका अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, सवी आनंद, विनिता आहूजा, शिखा रस्तोगी, सोनल रस्तोगी, नीती बंसल, मोनिका अग्रवाल, स्नेहा, अंशिका अग्रवाल, सोनी सिंह, रोलीदीप, रचना अग्रवाल, निमिषा, पूजा रस्तोगी, छमा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।


शिक्षकों को बीएलओ बनाए जाने के विरोध में एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह को ज्ञापन देते प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह।

### बेसिक शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखा जाए : डॉ. संजय सिंह

**अयोध्या कार्यालय।** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ संजय सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को शिक्षकों को बीएलओ बनाए जाने के विरोध में एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध सिंह के माध्यम से जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी एवं अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किए जाने की मांग की गई है। बीएलओ जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से विद्यालयी शिक्षा बाधित हो रही है, जो कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेशों का भी उल्लंघन है। ज्ञापन में चेताया गया है कि यदि इस मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन आंदोलनात्मक रुख अपनाने को बाध्य होगा। इस दौरान संघ के मंत्री प्रेम वर्मा, चंद्रशेखर, प्रियाकांत, शिव शंकर, अरविंद कुमार तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

परिषदीय विद्यालय | परीक्षा को लेकर गाइड लाइन जारी, कम अंक लाने वाले छात्रों की होगी पुनरावृत्ति परीक्षा

# कमजोर छात्रों की घरों पर भी निगरानी करेंगे शिक्षक

अयोध्या कार्यालय



● शासन की ओर से घोषित सत्रीय परीक्षा कार्यक्रम में दिए गए आदेश
● 18 से शुरू होकर 23 अगस्त तक होगी परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा

**अमृत विचार :** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार प्रथम सत्रीय परीक्षा 18 से 23 अगस्त तक होगी। मूल्यांकन कक्षा व विषय अध्यापक करेंगे और इससे संबंधित अभिलेख वह विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखेंगे। जिससे शिक्षाधिकारी इसकी जांच कर सकें। इसके अलावा यह भी निर्देश दिया गया है कमजोर छात्रों के लिए शिक्षकों को उनके घर जाकर देखना होगा। परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों की इस बार पुनरावृत्ति परीक्षा भी होगी।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी आदेश के अनुसार सत्रीय परीक्षा में कम अंक लाने वाले छात्रों को पुनरावृत्ति कराने और विषय का ढंग से ज्ञान देने के लिए अलग से कक्षाएं चलाई जाएंगी। परीक्षा के बाद अभिभावकों को कापियां दिखाई जाएंगी और उन्हें परिणाम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिसके लिए अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाएगी। जो छात्र कमजोर हैं उनके अभिभावकों को शिक्षक घर पर भी निगरानी करने और गृहकार्य पूरा कराने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके अलावा छह दिवसीय सत्रीय परीक्षा के लिए हर खंड शिक्षा क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी नोडल होंगे।

> शासन की ओर से परिषदीय विद्यालयों की सत्रीय परीक्षा कार्यक्रम आ गया है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को समय सारिणी और निर्देश के अनुसार परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। - **अश्वनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए**

जिले में विलय के बाद कुल 1712 परिषदीय विद्यालय बचे हुए हैं। पहले इनकी संख्या 1792 थी। इन विद्यालयों में 3 लाख 50 हजार छात्र - छात्राएं अध्ययनरत हैं।

### मतदाता सूची में गड़बड़ी करना चाह रही भाजपा

**अयोध्या।** गुलाबबाड़ी स्थित सपा कार्यालय पर गुरुवार को जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाजवादी पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर साइकिल निशान को जिताने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हर बूथ पर मतदाता सूची का गहन अध्ययन कर लें, जो भी नाम सूची में नहीं है उनको जुड़वाएं और जो उस बूथ के मतदाता है उनका नाम कटने न पाए। कहा कि भाजपा सरकार अपने तानाशाही के बल पर मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी करना चाह रही है। सपा कार्यकर्ता मतदाता सूची पर विशेष ध्यान रखें। बैठक को पूर्व मंत्री पवन पांडे, अब्बास अली जैदी उर्फ़ रुश्दी मियां, बख्तियार खान, राम अचल, हाजी फिरोज खान गब्बर, राघवेंद्र प्रताप सिंह, दान बहादुर सिंह, चौधरी शहरयार, अमृत राजपाल समेत अन्य मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## जल प्रलय में दिवंगत लोगों को दी श्रद्धांजलि



**अयोध्या कार्यालय।** उत्तराखंड के धराली में जल प्रलय में दिवंगत लोगों को गुरुवार को कारसेवकपुरम में श्रद्धांजलि दी गई। श्रीराम वेद विद्यालय के वेदपाठी छात्रों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा हवन-पूजन किया। कार्यक्रम में आचार्य नारद भट्टाराई, आचार्य सत्यम शर्मा, आचार्य दुर्गा प्रसाद गौतम, आचार्य मुकेश सहित सभी वेदपाठी छात्र व आचार्य उपस्थित रहे।

## गो सेवा के लिए बहरीन के भक्तों ने सौंपा चार लाख का चेक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** खाड़ी देश बहरीन से आए श्रद्धालुओं की टोली ने बृहस्पतिवार को कारसेवकपुरम स्थित श्रीराम गोशाला में गोदान किया। इसके बाद भक्तों की टोली राम मंदिर पहुंची जहां सभी ने श्रीरामलला का दर्शन पूजन भी किया। कुमार विजयन के नेतृत्व में आई टोली ने गायों के लिए संकल्पित राशि चार लाख एक रुपये का चेक श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय को सौंपा। बताया कि दशकों पूर्व उनके परिजन पुणे, हैदराबाद, बरेली, पीलीभीत आदि स्थानों से जाकर बहरीन में रोजगार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वहां सभी धर्मों को अपने आयोजन करने की छूट है। इसलिए वहाँ पर प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी और हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। टोली में हनुमान मंदिर बुडैया के पुजारी कनेशजी, पं गोविन्द जोशी समेत अन्य शामिल रहे।

# अयोध्या मंडल मुख्यालय पर खुलेगा क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय

**शासन की ओर से स्वीकृत 10 मंडलों में अयोध्या मंडल भी शामिल**

अयोध्या कार्यालय

- **अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 700 महाविद्यालयों की निगरानी होगी आसान**

**अमृत विचार :** शासन की ओर से दस नए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना के क्रम में अयोध्या मंडल में भी इसकी स्थापना की राह आसान हो गई है। नए दस मंडलों में अयोध्या मंडल को भी शामिल करते हुए मंडल मुख्यालय पर कार्यालय खोले जाने के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के कामकाज को बेहतर करने के लिए यह नए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय खुलेंगे। इससे काम का विकेंद्रीकरण होगा। शासन ने इसके लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों समेत 80 नियमित व आउटसोर्स कर्मचारियों के पद सृजित किए हैं। प्रदेश में अभी आठ मंडलों में ही उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय हैं। प्रयागराज में उच्च शिक्षा निदेशालय है। इनके माध्यम से प्रदेश भर में महाविद्यालयों से जुड़े कामकाज का पर्यवेक्षण होता है। इसी क्रम में अब अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल, मुरादाबाद व सहारनपुर मंडलों में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। यहां नियमित कार्मिकों के अलावा अन्य को आउटसोर्स पर रखा जाएगा। प्राधिकृत नियंत्रक की नियुक्ति, विधान सभा व परिषद से जुड़े सवालों के जवाब, कॉलेजों का निरीक्षण, खाली पदों पर नियुक्ति के लिए अनुमति में भी आसानी होगी। अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 700 महाविद्यालयों की सीधी निगरानी भी बढ़ेगी और उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की समस्या का त्वरित निदान संभव हो सकेगा। शासन द्वारा अवध विवि प्रशासन को विश्वविद्यालय क्षेत्र में ही भूमि चिह्नित करने के लिए कहा है। संभावना जताई जा रही है यह कार्यालय विश्वविद्यालय परिसर में ही बनाया जाएगा।

> क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय को लेकर भूमि अथवा स्थल चयन के लिए पत्र आया है। अभी बहुत विस्तृत जानकारी नहीं दी जा सकती जब तक जिला प्रशासन से वार्ता न हो जाए। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय खोला जाना प्रस्तावित है। – **विनय कुमार सिंह, कुलसचिव, अवध विश्वविद्यालय**

### इन पदों का सृजन

सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में एक-एक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, एक-एक सहायक लेखाधिकारी, एक-एक कनिष्ठ सहायक, दस कंप्यूटर ऑपरेटर, दस वाहन चालक, 20 चौकीदार, 10 सफाई कर्मचारी सहित कुल 80 नियमित पद सृजित किए गए हैं। इसमें राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तबादले से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बन सकेंगे। सहायक लेखाधिकारी वित्त विभाग के नियमों के अनुसार रखे जाएंगे। कनिष्ठ सहायक की भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से सीधी भर्ती से होगी।



साकेत महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आलोक बंसल का स्वागत करते महाविद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक।

## प्रबंध समिति के अध्यक्ष का स्वागत, बताईं समस्याएं

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय प्रबंध समिति के नए अध्यक्ष आलोक बंसल का बुधवार को शिक्षकों ने स्वागत किया। बता दें कि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते दीप कृष्ण वर्मा को प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर प्रमुख व्यवसायी आलोक बंसल को नया अध्यक्ष बनाया गया है। अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी एवं महामंत्री प्रोफ़ेसर अमूल्य सिंह, महाविद्यालय के शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो ओम प्रकाश यादव एवं महामंत्री प्रो आशीष प्रताप सिंह ने स्वागत के बाद नये अध्यक्ष के सामने अपनी समस्याएं रखीं। प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी व पूर्व प्राचार्य प्रो नर्वदेश्वर पांडेय ने महाविद्यालय के विकास का भरोसा जताया। नवनियुक्त अध्यक्ष ने हर क़दम पर प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। बताया कि 8 अगस्त को प्रबंधन बैठक होगी। इस मौके पर मुख्य नियंता डॉ बृजेश सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ कुमुद रंजन, प्रोफ़ेसर अंजनी कुमार सिंह, प्रो अनुराग मिश्र, प्रो शिव कुमार तिवारी, प्रो अभिषेक दत्त आदि मौजूद रहे।



जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को राखी बांधती छात्राएं।

## डीएम ने स्कूली बच्चों से बंधवाई राखी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर अवध इंटरनेशनल स्कूल आशापुर के छात्र-छात्राओं से राखी बंधवाई। बच्चों को भी राखी बांधकर उनको चॉकलेट भेंट किया। ससे पूर्व इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने डीएम को कलेक्ट्रेट कार्यालय में राखी बांधी और रक्षाबंधन की बधाई दी।

## बकरी चोरी कर ले जा रही कार पलटी, तीन गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मऊ घनश्यामपुर बांसगांव निवासी मो. सिराज की बकरियां चुरा कर जा रही कार पीछा किए जाने पर गददौपुर गांव के पास दस फुट गहरे गड्ढे में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार में सवार एक महिला समेत तीन लोगों को बाहर निकाल कर हिरासत में ले लिया और बकरियों को ग्रामीणों के सुपुर्द कर दिया। कंदई कला चौकी प्रभारी श्याम सिंह ने बताया कि सभी बकरी चोर भदरसा थाना पूराकलंदर के हैं। पूछताछ की जा रही है।

## प्रभारी कुलपति ने दिलाया विवि को उत्कृष्ट संस्थान बनाने का संकल्प

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** कुलाधिपति राज्यपाल के चार अगस्त के दौरे के बाद गुरुवार को डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने शिक्षकों और कर्मचारियों को विश्वविद्यालय को उत्कृष्ट संस्थान बनाने का संकल्प दिलाया। कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में आयोजित बैठक में प्रभारी कुलपति ने कहा कि कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे प्रगति कार्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों, निदेशकों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अथक परिश्रम एवं पूर्ण मनोयोग से सहयोग किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि हमारा संकल्प विश्वविद्यालय को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में विकसित करना है। इस अवसर पर कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो सीके मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो शैलेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।





सीबीएसई क्लस्टर स्वीमिंग की उपविजेता जेबी अकादमी टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

## क्लस्टर स्विमिंग में जेबीए ने जीती उपविजेता ट्राफी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पटना में हुई सीबीएसई क्लस्टर स्वीमिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर जेबी अकादमी टीम ने उपविजेता खिताब जीता और ट्रॉफी पर कब्जा कर अकादमी का गौरव बढ़ाया। जेबीए टीम के अयान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत स्पर्धा में सात स्वर्ण पदक व एक रजत पदक हासिल किया। टीम ने प्रतियोगिता में कुल 13 स्वर्ण पदक, पांच रजत व आठ कांस्य पदक हासिल किया। अकादमी टीम की इस उपलब्धि पर जेबीएनएस सोसाइटी की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला व प्रधानाचार्य वीके जोशी ने कोच कौशल सहित सभी 32 सदस्यों को बधाई दी। कोच कौशल सहित टीम सदस्यों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों की स्पर्धा, प्रतिभा, अनुशासन व प्रतिस्पर्धा को संज्ञान में लिया। कहा कि हम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निहित है। इसमें कोई कसर नहीं रखेंगे। छात्रों से किए गए इस प्रदर्शन पर हमें गर्व है कि वह हमारे सपने को साकार कर रहे हैं। अकादमी आगमन पर तैराकी टीम का स्वागत कर उन्हे प्रोत्साहित किया गया।

## प्रतापगढ़ के 960 युवाओं ने भर्ती रैली में किया प्रतिभाग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर के भर्ती ग्राउन्ड पर प्रतापगढ़ जिले के युवाओं ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में योग्यता प्रदर्शन कर अपना भाग्य आजमाया। एआरओ अमेठी के तत्वावधान में चल रही भर्ती रैली में गुरुवार को सीईई परीक्षा में योग्य पाए गए प्रतापगढ़ जिले के 1124 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया गया था। इनमें 960 युवाओं ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों को शारीरिक फिटनेस परीक्षण से गुजरना पड़ा। इसमें सफल रहे युवाओं का शारीरिक माप व दस्तावेज सत्यापन किया गया। योग्य पाए गए अभ्यर्थी मेडिकल परीक्षण के लिए चयनित हुए। शुक्रवार को अयोध्या व सिद्धार्थनगर जिले के अभ्यर्थियों की भर्ती रैली होगी।

# दिनदहाड़े कार सवार युवकों ने युवती को किया अगवा

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**रिपोर्ट दर्ज**

- **बहनों के साथ बाजार जा रही थी युवती, पुलिस ने पकड़ने के लिए की घेराबंदी**

**अमृत विचार:** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के नेवारी दुराजपुर और गनपतपुर रोड पर दिनदहाड़े असलहे से लैस कार सवार युवकों ने बहनों के साथ बाजार आई एक युवती को जबरदस्ती अगवा कर लिया और फरार हो गए। सरेआम असलहों के बल पर हुई अपहरण की घटना से जहां इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस नाकेबंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास में जुटी हुई है।

बता दें कि थाना क्षेत्र जहांगीरगंज के नेवारी दुराजपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान मुहम्मद इकबाल की पुत्री उम्मुल खैर अपनी बहन उम्मे स्मान और चचेरी बहनों उम्मुल वफा, उम्मे हफसा, उम्मु शरफ के साथ गुरुवार को दोपहर में जहांगीरगंज कस्बे में खरीददारी करने के लिए जा रही थी। जैसे ही वह नेवारी दुराजपुर गनपतपुर मार्ग पर स्थित महेश बरनवाल के घर के सामने पहुंची थी कि जहांगीरगंज की ओर से एक सफेद कार आकर रुकी और उसमें से निकले असलहे से लैस युवकों ने जबरदस्ती उम्मुल खैर को कार में खींच कर नेवारी गांव की ओर फरार हो गए। मामले की सूचना उम्मे स्मान ने अपने चाचा फहीम अख्तर को मोबाइल से दी। बताया जा रहा है कि अपहरणकर्ता नेवारी गांव से अनिल मौर्या के घर के सामने से माडरमऊ की ओर फरार हो गए। दिनदहाड़े युवती के अपहरण की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने मामले की जानकारी साथ आई बहनों से ली। पुलिस ने नाकेबंदी कर कार सवार अपहरणकर्ताओं को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रही।

वहीं घटना को लेकर सीओ जलालपुर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि युवती को अगवा करने का मामला सामने आया है। जहांगीरगंज पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। अपहरणकर्ताओं की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



दिनदहाड़े हुई घटना के बाद जहांगीरगंज थाने पर पहुंचे लोग। अमृत विचार

## नाबालिग छात्रा लापता मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनका गांव में एक नया मकान बन रहा है। चार अगस्त की सुबह उनकी पुत्री नवनिर्मित मकान पर अपने बाबा को नाश्ता देने गई थी। काफी समय तक घर न लौटने पर परिवार ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। पिता ने बताया कि जब वह अपने नवनिर्मित मकान पर गए तो वहां एक मोबाइल फोन मिला। उन्हें आशंका है कि उनकी बेटी किसी लड़के से बात करके उसी के साथ कहीं चली गई है। पिता जैतपुर थाना में मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया कि उनकी पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है और मात्र 14 वर्ष की है।

# वेतन न मिलने पर कर्मचारियों का प्रदर्शन

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** वेतन न मिलने से नाराज नेतृत्व विहीन सिंचाई विभाग के कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन किया। चतुर्थ नलकूप खंड सिंचाई विभाग जलालपुर में तैनात कर्मचारियों ने वेतन भुगतान न होने से नाराज होकर गुरुवार को कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। खंड कार्यालय के प्रमुख सहायक अभियंता नागेंद्र कुमार की गैरमौजूदगी में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर विरोध जताया। शीत प्रवेक्षक भियांव राधेश्याम दुबे के नेतृत्व में जुटे कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे महत्वपूर्ण पर्वों से पहले भी वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में उन्हें परिवार के खर्च, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन यापन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि बीते कई वर्षों से प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन खातों में ट्रांसफर हो जाता था, लेकिन इस बार शासन की उदासीनता के कारण अभी तक वेतन जारी नहीं हुआ है। इस दौरान जिलेदार विजय प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक बरकतुल निशा, प्रदीप कुमार वर्मा, शैलेंद्र पाल, विनोद कुमार सिंह, रंजना गुप्ता, बबीता चौहान रहे।



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते सिंचाई विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

# समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निपटाएं : एसपी

संवाददाता, आजमगढ़

**समीक्षा बैठक**

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने पुलिस लाइन में जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और शाखा प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जिले में हो रही आपराधिक घटनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई और एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने चोरी और नकबजनी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रभावित इलाकों में पिकेट गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा करने और बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा। गंभीर अपराध होने पर 24 घंटे के भीतर राजपत्रित अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि दो समुदायों के बीच कोई भी छोटी घटना हो, उसका समय रहते कानूनी समाधान कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक नगर मुधवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन रहे।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी हेमराज मीणा। अमृत विचार

## सर्पदंश से छात्र की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**आजमगढ़:** जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के हुसेपुर गांव में बुधवार को सर्पदंश से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान 15 वर्षीय प्रशांत यादव पुत्र अरविंद यादव के रूप में हुई है, जो कक्षा सात का छात्र था। प्रशांत घर में कुछ सामान खोज रहा था, तभी अचानक एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया।बताया जा रहा है कि घर मे छात्र कुछ सामान खोज रहा था इसी दौरान सांप काट लिया और सांप काटते ही छात्र तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने बिना देर किए उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# डीएम व एसपी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने गुरुवार को तहसील सगड़ी के अन्तर्गत बाढ़ से सबसे पहले प्रभावित होने वाले ग्राम चक्की हाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चक्की हाजीपुर के ग्राम वासियों से वार्ता कर बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में की गई तैयारियों की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को झुके हुए पोल एवं लटकते हुए तारों को ठीक कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में ग्राम वासियों को जागरूक करते हुए योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रा. वि. चक्की हाजीपुर के कक्षों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से मिड डे मील के सम्बन्ध में जानकारी लिया। जिलाधिकारी ने रसोई घर का निरीक्षण कर दाल और चावल की गुणवत्ता को देखा, जिसमें दाल और चावल अच्छी गुणवत्ता के पाई गई।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीएम रविंद्र कुमार व एसपी हेमराज मीणा।

## अश्लील वीडियो वायरल करने में रिपोर्ट दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया पर किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल किए जाने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिक किशोरी के पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि नगर जलालपुर के उर्दू बाजार निवासी तल्हा अजीम नाम का एक है। युवक मेरी पुत्री का अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर दिया। जिससे मेरी पुत्री और मेरे पूरे परिवार की बेईज्जती हो रही है। वहीं जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच जारी है।

**कार्यक्रम** — संपूर्णता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में सम्मान समारोह और आकांक्षा हॉट का किया गया आयोजन

# संयुक्त रूप से किए जा रहे विकास कार्य : एमएलसी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन की ओर से नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में सम्मान समारोह और आकांक्षा हॉट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग, उद्यान, कृषि, चिकित्सा, एनआरएलएम आदि विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल लगाए गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके उपरांत एमएलसी के साथ-साथ अन्य अधिकारियों द्वारा आकांक्षा हॉट में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम का एमएलसी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप निदेशक कृषि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा यहां संयुक्त रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की संयुक्त सहभागिता का ही यह सकारात्मक परिणाम है।

मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने बताया कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए। इन क्षेत्रों में सभी ने उल्लेखनीय प्रगति की और भारत सरकार एवं नीति आयोग के सूचकांकों में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, संबंधित अधिकारी रहे।



कलेक्ट्रेट में स्टॉलों का निरीक्षण करते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह। अमृत विचार

## जिलाधिकारी ने असहाय छात्रा की पढ़ाई का उठाया संपूर्ण खर्च



अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी।

**अंबेडकरनगर :** जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्राम दिलावलपुर विकासखंड भीटी निवासी लालती अपनी पुत्री श्रद्धा के साथ उपस्थित हुईं। उन्होंने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के समक्ष प्रस्तुत होकर बताया कि उनके पति रामकरन जो सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे, सेवाकाल के दौरान आकस्मिक रूप से दिवंगत हो गए हैं। लालती ने अनुरोध किया कि उनके पुत्र अर्पित को मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति प्रदान की जाए। इस पर डीएम के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा नियमानुसार अर्पित को सफाई कर्मी के पद पर नियुक्ति प्रदान कर दी गई। वहीं डीएम ने उपस्थित छात्रा श्रद्धा से उसकी शिक्षा के बारे में जानकारी ली। श्रद्धा ने बताया कि उसने हाईस्कूल की परीक्षा 72 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। आर्थिक स्थिति को देखते हुए डीएम ने श्रद्धा की 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई का संपूर्ण व्यय फीस, कॉपी-किताब स्वयं वहन करने का निर्णय लिया।

# सड़क हादसे में पुलिसकर्मी की मौत

बसखारी, अंबेडकरनगर

- **मौत की खबर सुनते ही परिवार व गांव में पसरा सन्नाटा**

**अमृत विचार:** जनपद के बसखारी थाना क्षेत्र के निवासी चंदौली जनपद में तैनात पुलिसकर्मी की एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। मृतक पुलिसकर्मी की नवंबर में शादी होना तय हुई थी।

बता दें कि बसखारी थाना क्षेत्र के कटया गंजन निवासी वीर बहादुर पुत्र विष्णु चंद्र उम्र लगभग 29 वर्ष चंदौली जनपद के अलीपुर थाना अंतर्गत भुपौली पुलिस चौकी पर तैनात थे। बताया जाता है कि बीते बुधवार को वीर बहादुर भुपौली चौकी प्रभारी अमित सिंह, उनकी पत्नी व बच्चों के साथ कार से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। शिवपुर वाराणसी रिंग रोड के पास विपरीत दिशा से आ रही क्रेटा कार और उनकी कार से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें वीर बहादुर की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर कटया गंजन गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव घर आते ही गांव में चीख-पुकार मच गई। पुलिसकर्मी को अंतिम विदाई देने के लिए आसपास के लोग भी उनके घर पहुंचने लगे। वीर बहादुर 2018 बैच के सिपाही थे और उनकी शादी भी तीन महीने बाद नवंबर माह मे होनी थी। जिसकी तैयारी में परिवार के लोग लगे हुए थे। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि वीर बहादुर रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों से राखी बंधवाने के लिए घर आने वाले थे। लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था। गुरुवार को सिपाही के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ महादेव घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।



वीर बहादुर (फाइल फोटो)

### रक्षाबंधन और शादी की खुशियां मातम में बदली

सिपाही की चार बहने व एक बड़ा भाई है। वीर बहादुर के पिता विसुन चंद्र बसखारी में चाय की दुकान चलाकर चार बेटियों की शादी करने के साथ बड़े पुत्र को वकील और दूसरे पुत्र वीर बहादुर को पुलिसकर्मी बनाने के लिए काफी संघर्ष किया। संघर्ष के बाद परिवार में मिली सफलता, रक्षाबंधन के त्योहार और वीर बहादुर की शादी को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था। लेकिन बीते बुधवार को वीर बहादुर की सड़क दुर्घटना में हुई मौत की खबर ने रक्षाबंधन व शादी की खुशियों पर वज्रपात कर दिया।

अमृत विचार

अयोध्या, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

सुलतानपुर

न्यूज ब्रीफ

### किराना व डेयरी दुकान में 50 हजार की चोरी

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम दूल्हापुर निवासी दिलीप वर्मा की किराना स्टोर व डेयरी दुकान में बुधवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। ताले तोड़कर चोर 25 हजार नकद व करीब 25 हजार रुपये का सामान चुरा ले गए। पीड़ित ने अपने गांव के ही एक युवक पर संदेह जताया है, जो पहले भी गैस सिलिंडर, ट्रैक्टर बैटरी व अनाज की चोरी में पकड़ा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### पति व ससुर पर तेजाब डालने का आरोप, केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर निवासी आरती कुमारी ने अपने पति अनूप कुमार व ससुर राम नेवल पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरती का कहना है कि 30 जुलाई को दोनों ने लाठी-डंडे से उसकी पिटाई की और तेजाब डालकर जलाने की कोशिश की। किसी तरह वह अपने पुत्र अनन्य कुमार को लेकर भागकर मायके धनाइतपुर (कादीपुर) पहुंची, जहां इलाज के बाद बुधवार को दोस्तपुर थाने में केस दर्ज कराया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में पर्यावरण पर गोष्ठी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण व शिक्षा के महत्व पर गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने कहा कि अधिक वृक्षारोपण से ही प्रकृति का संतुलन संभव है। उन्होंने शिक्षा को आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण का आधार बताया।

# चंदन के हत्यारोपी ने दूसरे मामले में किया आत्मसमर्पण

## ढूंढती रह गई पुलिस, आरोपी ने बीते वर्ष कूरेभार थाने में दर्ज एक अन्य आपराधिक मामले में एसीजेएम प्रथम की अदालत में कर दिया सरेंडर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के बझना गांव में एक अगस्त की रात एक दर्दनाक घटना में चंदन नामक युवक की कुचलकर हत्या के मामले में नामजद आरोपित अमित यादव को पुलिस ढूंढ़ती रही, वहीं गुरुवार को बीते साल कूरेभार थानाक्षेत्र में दर्ज एक अन्य आपराधिक मुकदमे में एसीजेएम प्रथम की अदालत में अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के जरिए सरेंडर कर जेल की राह पकड़ ली।

बताते चले रामदौर शर्मा ने थाना जयसिंहपुर में तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका बेटा चन्दन भंडारे से प्रसाद लेकर लौट रहा था। रास्ते में सड़क पर फंसे ट्रक को जेसीबी से निकाल रहे अमित यादव निवासी बरौला ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी और झगड़ा किया। कुछ देर बाद जब चंदन अन्य ग्रामीणों से सड़क किनारे बात कर रहा था, तभी अमित यादव, सचिन यादव व पिंटू यादव पुत्र गण रामचंद्र यादव निवासी बरौला एक चार पहिया वाहन से आए और चन्दन को जान से मारने की नीयत से कुचल दिया। इस हमले में चन्दन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य ग्रामीणों को भी चोटें आईं।



पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल। ● अमृत विचार

### ब्राह्मण उत्पीड़न को लेकर कांग्रेस का वार

**संवाददाता, सुलतानपुर :** चंदन शर्मा हत्याकांड को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश ब्राह्मणों की हत्या का प्रदेश बन गया है। योगी सरकार में हर जिले में ब्राह्मण उत्पीड़न हो रहा है, लेकिन ऐसे मामलों में बाबा का बुलडोजर नहीं चलता। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। प्रतिनिधिमंडल में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, आवेश खान और नफ़ीस पठान भी शामिल रहे। वहीं, कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल एसपी को मांग पत्र सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### ब्लॉक प्रमुख ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बंझना गांव निवासी चंदन शर्मा की हत्या के एक सप्ताह बाद भी आरोपी फरार हैं। गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय का भरोसा दिलाया और कहा कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। चंदन की हत्या को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग भी की। पुलिस ने जांच तेज करने और कुछ संदिग्धों से पूछताछ की बात कही है।

### परशुराम एकता समिति ने सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर में चंदन शर्मा की हत्या के विरोध में अखिल भारतीय परशुराम एकता समिति ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति मिश्र ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। संगठन मंत्री सौरभ मिश्र ने पीड़ित परिवार को 25 लाख मुआवजा व एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। थानाध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग भी उठी। प्रदर्शन में शीतला पांडेय, चंदन तिवारी, रवि मिश्र सहित कई लोग शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तहत 5 सगे भाई आरोपी दोषी करार, सजा आज

● पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले में आपराधिक गैंग बनाकर समाज में दहशत फैलाने और पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गैंगस्टर की विशेष अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट राकेश पांडेय ने हकीमुद्दीन समेत पांच सगे भाई आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया है। सरकारी अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने बताया कि दोषियों को शुक्रवार को जेल से तलब कर सजा सुनाई जाएगी। मामले में आरोपी हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा को पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने का दोषी भी पाया गया है। इस मामले में हकीमुद्दीन के अलावा निजामुद्दीन, रियाजुद्दीन, कमालुद्दीन और इमामुद्दीन आरोपी हैं। अमेठी थाने में वर्ष 2002 में प्रभारी निरीक्षक गोरख सिंह ने इन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

### जानलेवा हमले के आरोपी ने किया सरेंडर, राहत

कादीपुर थानाक्षेत्र के गोपालपुर नमाजगढ़ में चार म साल पूर्व जानलेवा हमला करने के आरोपी गुड्डू व त्रिभुवन ने फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अधिवक्ता अजय मिश्र के जरिए सरेंडर कर दिया।कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों से आरोपियों की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली है। नियमित जमानत पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 20 अगस्त की तारीख नियत की है।

### इसौली पूर्व विधायक के केस में बहस टली

इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू और तीन अन्य पर गाली-गलौज व हत्या की धमकी देने के मामले में गुरुवार को कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण बहस 29 अगस्त तक टल गई। धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग गांव में 18 जून 2022 को नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में गांव के बैजनाथ निषाद की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने चंद्रभद्र सिंह सोनू, फूलचन्द्र निषाद, रोशन सिंह और पप्पू सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### चर्चित इंस्पेक्टर दुष्कर्म केस में सुनवाई 20 को

महिला आरक्षी से दुष्कर्म के आरोपित इंस्पेक्टर नीशू तोमर के मामले में सुनवाई अब 20 अगस्त को होगी। फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में अभियोजन पक्ष के मौका लेने के कारण सुनवाई टल गई। गौरतलब है कि 14 जुलाई 2022 को महिला आरक्षी ने नीशू तोमर पर हलियापुर थाने में तैनाती के दौरान शारीरिक व मानसिक शोषण का आरोप लगाते हुए दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था।

### भूमि प्रकरण में कोर्ट ने केस दर्ज करने का दिया आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने एक भूमि विवाद व ब्लैकमेलिंग से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई करते हुए थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक को एफआईआर दर्ज कर जांच कराने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार, अभिषेक तिवारी, जो पंजाब नेशनल बैंक सिविल लाइन शाखा में हेड कैशियर के पद पर कार्यरत हैं, ने कोर्ट में दी अर्जी में आरोप लगाया कि गोसाईगंज थानाक्षेत्र के वैदहा निवासी शीतला प्रसाद दुबे ने उन्हें प्लाट दिलाने के नाम पर झांसा देकर ब्लैंक चेक ले लिए। जब प्लाट का बैनामा नहीं हुआ और चेक वापस मांगा गया तो धमकी व ब्लैकमेल कर 1,18,000 रुपये वसूल किए गए। इसके अलावा प्रार्थी को कई बार बंधक बनाकर मारपीट की गई तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस में शिकायत के बावजूद कारवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

### जेल में निरुद्ध आरोपित की रिहाई का आदेश

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण व पॉक्सो एक्ट के बिहार जिले के थाना क्षेत्र बिक्रमगंज निवासी आरोपी रौनक सिंह की जमानत अर्जी अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने दाखिल कर जमानत की मांग की। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट नीरज श्रीवास्तव ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है। बीती 21 मई की घटना में पीड़िता के पिता ने शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर कर अपहरण समेत अन्य आरोप में केस दर्ज कराया था।

### बल्दीराय में एसडीएम ने संभाला कार्यभार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील के नवागत एसडीएम प्रवीण कुमार ने गुरुवार को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की जनसमस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से निस्तारण करना होगा। उन्होंने राजस्व कार्यों, वरासत, भूमि विवाद और दाखिल-खारिज संबंधी मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही जनसुनवाई को गंभीरता से लेने के निर्देश देते हुए लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की चेतावनी दी।

# 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट ने लगाया शिविर

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पशुपालकों की सुविधा के लिए 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट द्वारा ब्लॉक दोस्तपुर के रायचंदपुर, साहिनवा और रिहायकपुर गांवों में विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दर्जनों बीमार पशुओं की मुफ्त जांच व उपचार किया गया और जरूरतमंदों को दवाएं भी वितरित की गईं।

मोबाइल वेटनरी यूनिट की टीम में पशु चिकित्सक डॉ. मित्रसेन यादव, एमटीएस अनिल यादव एवं पायलट अनुभव मौजूद रहे। इनकी देखरेख में ग्रामीण पशुपालकों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए टीम का आभार जताया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. अशोक ने बताया कि 1962 मोबाइल वेटनरी यूनिट एक कॉल सेंटर आधारित सचल सेवा है, जिसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों को घर बैठे चिकित्सा सहायता मिल रही है। यह सेवा पशुधन की सुरक्षा और उत्पादकता दोनों के लिहाज से अत्यंत उपयोगी साबित हो रही है।



बीमार पशुओं के इलाज के लिए आई मोबाइल वेटनरी यूनिट। ● अमृत विचार

● पशुपालकों को राहत, दोस्तपुर ब्लॉक के तीन गांवों में बीमार पशुओं की जांच और उपचार

# आर्मी कंस्ट्रक्शन बना वॉलीबॉल का चैम्पियन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शहर के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय कैश मनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आर्मी कंस्ट्रक्शन ने डीबीए सुलतानपुर को हराकर खिताब अपने नाम किया। पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी वेद प्रकाश उपाध्याय 'चैंपियन' की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन जिला वॉलीबॉल संघ ने किया।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता रामचंद्र मिश्रा व पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने विजेता टीम को 12,000 व उपविजेता को 7,000 रुपये किट और ट्रॉफी प्रदान की। आयोजन में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें कड़ी टक्कर के बीच अंतिम चार में कादीपुर, डीबीए सुलतानपुर, आर्मी कंस्ट्रक्शन और रसूलाबाद की टीम पहुंची। पहले सेमीफाइनल में आर्मी कंस्ट्रक्शन ने रसूलाबाद को हराया, वहीं दूसरे में डीबीए ने कादीपुर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में आर्मी कंस्ट्रक्शन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। आयोजन में खेल जगत के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों, कोचों, संघ पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजन सचिव श्रीप्रकाश उपाध्याय, संयोजक मुनेन्द्र मिश्रा और सचिव एसएन सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम सफल रहा।



विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

● जनपदीय प्रतियोगिता में डीबीए सुलतानपुर को दी शिकस्त

### सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मामपुर निवासी मोहम्मद जब्बार 60 वर्ष अपने पुत्र मोबीन 32 वर्ष व एक रिश्तेदार के साथ सुल्तानपुर दवा के लिए गए थे। गुरुवार को दिन में लगभग दो बजे बाइक से घर लौटते समय लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के धारपुर गांव के निकट लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सड़क पर खड़ी ट्रक में पीछे से भिड़ गए। जिसमें पिता जब्बार की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा पुत्र मोबीन गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में रिश्तेदार नन्हे निवासी दोस्तपुर बाइक पर सबसे पीछे बैठे होने के कारण बाल-बाल बच गए। सूचना के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल मोबीन को लंभुआ सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

### पूर्व मंत्री पर दर्ज हत्या केस में सुनवाई 19 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे 24 वर्ष पहले हत्या के केस में कोर्ट न्यायाधीश राकेश ने अभियोजन गवाह सावित्री देवी को तलब कर सुनवाई के लिए 19 अगस्त की तारीख नियत की है। अमेठी जिले के जगदीशपुर थाने के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिव कुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 सुबह 10:30 बजे अपने भाई राज कुमार यादव को साजिशन बाइक से ले जाकर हत्या कर देने के आरोप में गांव निवासी पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह, राम विलास तिवारी व सह आरोपी अशोक कुमार निवासी पूरे शुक्ल, विजय बहादुर निवासी नगाही, जगदीशपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### मनरेगा घोटाले में जेसीबी से तालाब खुदाई कर हड़पे गए लाखों, कोर्ट के आदेश पर दर्ज होगा केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकासखंड धनपतगंज के ग्राम विनगी के पुरवा चौबीली में मनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण में बड़ा घोटाला सामने आया है। विनगी निवासी वादी रामप्रताप ने कोर्ट में दी अर्जी में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान श्रीमती देवी, प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पाठक व रोजगार सेवक दयाराम की मिलीभगत से जेसीबी से तालाब की खुदाई कर फर्जी तरीके से मजदूरों के नाम पर मनरेगा फंड से दो किस्तों में कुल 4,76,280 रुपए का भुगतान कर सरकारी धन का गबन किया गया। पुलिस व खण्ड विकास विक्रम अधिकारी के यहां शिकायत पर कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट मजिस्ट्रेट राधिका राज ने थानाध्यक्ष धनपतगंज को मामले में केस दर्ज कर जांच के आदेश दिए है।

### गैंगस्टर एक्ट में तय नहीं हो सके आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट के जज राकेश की अदालत में गुरुवार को पूर्व विधायक सोनू सिंह समेत अन्य के गैंगस्टर केस में आरोप तय नहीं हो सके। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 25 अगस्त की तारीख नियत की है। धनपतगंज के तत्कालीन थाना प्रभारी सीताराम यादव ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सह आरोपी अंशू सिंह, रुकसार अहमद, विजय यादव व दीपक सिंह उर्फ बबलू सिंह के खिलाफ 28 अप्रैल 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अपनी जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक गैंग चलाने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी।

### जांच के 29 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम बसहां निवासी सर्वेंद्र उपाध्याय और विवेक उपाध्याय से मारपीट के मामले में पुलिस ने घटना के 29 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। दोनों 10 जुलाई को खेत पर काम कर रहे थे, तभी बम्हरौली निवासी संतोष सिंह, राज सिंह, शैलेश सिंह, कौशल सिंह, कल्लू सिंह समेत चार-पांच अन्य लोगों ने उनकी पिटाई कर दी थी। पुलिस ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। 21 जुलाई को पीड़ितों ने क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम से शिकायत की, जिनकी जांच के बाद बुधवार को मुकदमा दर्ज हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ितों की हस्ताक्षरयुक्त तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध रूप से चल रहा ट्रक सीज, 60 हजार का जुर्माना

● कलान चौराहे पर एआरटीओ ने चेकिंग के दौरान पकड़ा कागज़ अधूरे मिले

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र अंतर्गत कलान चौराहे पर गुरुवार की सुबह सहायक परिवहन अधिकारी शैलेंद्र कुमार ने वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे एक ट्रक को रोककर जांच की गई, जिसमें गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

चेकिंग के दौरान जब चालक से ट्रक के दस्तावेज मांगे गए, तो क्लीनर द्वारा जो कागज़ प्रस्तुत किए गए, वे अपूर्ण पाए गए। सहायक परिवहन अधिकारी ने बताया कि वाहन का एक वर्ष का कर (टैक्स) 30,000 रुपये बकाया है, जिस पर 60,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दस्तावेज़ अधूरे होने के चलते ट्रक को मौके पर ही सीज कर अखंडनगर थाने में दाखिल कर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। परिवहन विभाग ने संकेत दिया है कि आगे भी ऐसे चेकिंग अभियान जारी रहेंगे।

### गड्ढे में बाइक फिसलने से वृद्धा की मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र डिंगगुरपुर बनकेगांव निवासी एक वृद्धा की सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार सुबह बनकेगांव निवासी अमित नागर अपनी 60 वर्षीय मां ज्ञानमती को दवा दिलाने बाइक से मोतिगरपुर बाजार ले जा रहे थे। रास्ते में सुमेरे का पुरवा के पास मोतिगरपुर-गोशैसिंहपुर मार्ग पर एक बड़े गड्ढे में बाइक का पहिया फिसल गया, जिससे ज्ञानमती गिरकर सिर के बल सड़क पर जा लगीं। सिर में गंभीर चोट लगने पर उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पुत्री पायल का मेरे और मेरे परिवार के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है जिससे उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी और मेरे परिवार की नहीं है तथा अपनी पुत्री को पायल को चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं **–सर्वेश पुत्र मिठ्ठू निवासी अहमदपुर नदीहा थाना ककवन कानपुर नगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 684192287091 में मेरा नाम त्रुटिवश अविष्का (Avishka) दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम अंशिका तिवारी (Anshika) है और सभी अभिलेखों में अंशिका तिवारी ही दर्ज है। **अंशिका तिवारी पुत्री शिव गणेश तिवारी निवासी जगदीशपुर कटरा, तरबगंज गोंडा।**

**सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम राधा देवी पत्नी राम मिलन है। जबकि बीमा पॉलिसी संख्या 215136240 मे मेरा नाम पृथराजी पत्नी रामसेवक है। यह दोनों नाम एक ही पति–पत्नी के हैं। पति–पत्नी को इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **राधा देवी पत्नी राम मिलन ग्राम लौकहवा परगना व तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर**

**सूचना**

मेरे पुत्र संतोष और उसकी पत्नी बबली का चाल चलन ठीक नहीं है जिसके चलते मैंने अपने पुत्र और बहू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा उन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।अपने किए गए कार्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं /**सम्पत देवी पत्नी स्व0 सुर्ज बहादुर निवासी ग्राम बहादुरपुर पोस्ट पूरे पांडे थाना सरेनी रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लज्जावती पत्नी स्व0 राकेश, निवासी ग्राम मोहज्जीपुर मजरा रूसेना, परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला लखनऊ** ,मेरी पुत्री का नाम सुनैना (Sunaina) तथा जन्म तिथि 20.05.2013ई0 है। पुत्री का पूर्व विद्यालय में त्रुटिवश मार्कशीट व टी.सी. पर जन्मतिथि 07.06.2010 ई0 दर्ज हो गयी है जबकि उसके आधार कार्ड के अनुसार वास्तुविक जन्मतिथि 20.05.2013ई0 है पुत्री की जन्मतिथि आधार कार्ड के अनुसार यू0डेज0 पर दर्ज हो गयी है और यू0डेज0 के अनुसार नाम दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ननकू बरवार उर्फ बसीर मोहम्मद है, यह दोनों नाम मेरे है, एलआईसी की पॉलिसी संख्या 214482321 व 215339232 में भी मुझे ननकू बरवार उर्फ बसीर मोहम्मद के नाम से जाना व माना जाए। **ननकू बरवार उर्फ बसीर मो पुत्र लियाकत अली, ग्राम शेखनपुरवा, मोहना परसपुर गोंडा।**

रक्षाबंधन का पर्व

राखियों से सजे बाजार, मिठाइयों की दुकानों पर उमड़ी भीड़, पौराणिक परंपरा और आधुनिक उल्लास का संगम बना रक्षाबंधन पर्व

# रेशम के धागे का क्रेज बरकरार, कार्टून राखियां बनी बच्चों की पसंद

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

पर्व को लेकर धनपतगंज, देहली बाजार, हरौरा, बहुरावां, तिरहुंत और हलियापुर समेत बल्दीराय क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में जबरदस्त रौनक है। दुकानों पर पारंपरिक, चमकदार, कढ़ाईदार और फैंसी राखियों की भरमार है। बच्चों के लिए डोरेमोन, छोटा भीम, पिकाचू और स्पाइडरमैन वाली थीम राखियों की मांग अधिक है, जबकि बड़े भाइयों के लिए चांदी की राखियां खूब बिक रही हैं। वहीं, बड़ों की आज भी पहली पसंद रेशम के धागों वाली राखियां हैं। दुकानदारों के अनुसार 10 से 50 रुपये तक की राखियों की सर्वाधिक बिक्री हो रही है।

### मिठाइयों की दुकानों पर भी दिखा उत्सव का असर

राखियों के साथ-साथ मिठाइयों की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। गुलाब जामुन, रसगुल्ला, बर्फी और काजू कतली जैसी मिठाइयों की मांग चरम पर है। बाजारों में त्योहारी सजावट और चहल-पहल से रक्षाबंधन का उत्सव पहले ही शुरू हो चुका है।



देहली बाजार में राखी की खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### पौराणिक कथा से जुड़ा रक्षासूत्र का महत्व

पंडित शिवम शास्त्री के अनुसार, रक्षाबंधन का उल्लेख भागवत पुराण में भी मिलता है। एक बार राजा बलि द्वारा भगवान विष्णु को द्वारपाल बना लेने पर माता लक्ष्मी ने रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें भाई बनाया और भगवान विष्णु को वापस ले जाने का वर प्राप्त किया। यह कथा दर्शाती है कि राखी केवल भाई-बहन के रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि धार्मिक और सामाजिक मूल्यों की भी परिचायक है।

### रक्षाबंधन पर वृक्ष संरक्षण का संकल्प

**सुलतानपुर :** सरस्वती विद्या मंदिर, विवेकानंद नगर में रक्षाबंधन पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि शेषधर द्विवेदी ने छात्रों से वृक्षों को राखी बांधकर संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अतिथियों को छात्राओं ने राखी बांधी। कार्यक्रम का सफल संयोजन साक्षी सिंह व कंचन चतुर्वेदी ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना को लेकर दी थाने में तहरीर

**कटरा बाजार, गोंडा।** कटरा बाजार के बाबूपुर निवासी राम लौटन की तहरीर पर कौड़िया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उनका छोटा भाई सुनील कुमार बीते 17 जुलाई को कौड़िया बाजार से दवा लेकर मोटरसाइकिल से घर जा रहा था तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे सीएचसी कटरा बाजार ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल गोंडा रेफर कर दिया जहां उसका इलाज जारी है। प्रभारी निरीक्षक कौड़िया अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सर्पदंश से मौत

**रुपईडीह।** ग्राम पंचायत बरियापुर हरदो पट्टी के वीरपुर गांव निवासी सुनील कुमार की नौ वर्षीय पुत्री महिमा की सर्प के डस लेने से मृत्यु हो गई। उनके पुत्री प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा थी। घर में दीवार किनारे रखें बोरों के मध्य कैंची निकालने गई थी तभी सर्प ने काट लिया। उपचार के लिए उसे सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय ले जाया गया उसके बाद वहां से पयागपुर ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

### सूची से पात्रों का नाम कटा, शिकायत

**रुपईडीह।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत विशुनापुर बेलभरिया में पात्र गृहस्थी व अंत्योदय अन्न योजना के तहत चयनित लाभार्थियों के नाम आए दिन सूची से निरस्त किए जाने की शिकायत प्रधान अफसर अली ने जिला पूर्ति अधिकारी से की है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत सूची में शामिल लाभार्थियों का नाम बगैर किसी कारण के निरस्त किया जा रहा है।

### उद्यान विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित

**इटियाथोक, गोंडा।** उद्यान विभाग से उद्यान निरीक्षक विकासखंड इटियाथोक ने पूरे महा ग्राम पंचायत के मजरा ढोगही में मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे वन जिला वन प्रोडक्ट के अंतर्गत किसानों को फल सब्जी मशरूम आदि की खेती के बारे में विस्तार से बताया। सरकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन करवा कर अनुदान प्राप्त करने के लिए आह्वान किया। उद्यान विभाग के रोहन गुप्ता के साथ शुक्ला प्रसाद शुक्ला, अनूप पांडे, नसीब अली, अवधेश पांडे, वेद प्रकाश मौर्य, सहज राम मौर्य, हनुमान पांडे, अवधेश दुबे, मोनू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीडीपीओ ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

**गोंडा :** सीडीपीओ डॉ दुर्गेश गुप्ता ने ब्लॉक पर कार्यकत्रियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों को समीक्षा की। उन्होंने जर्जर भवन में चल रहे दो केंद्रों को प्राथमिक विद्यालयों में संचालित करने का निर्देश दिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं का वजन कर उन्हें उचित पोषण व परामर्श देना। 3 से 6 वर्ष के बच्चों की लंबाई व वजन कर फीडिंग करना। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर ई कवच पोर्टल पर दर्ज करना, मोबाइल नम्बर व आधार का वेरिफिकेशन करना की समीक्षा करते हुए क्षेत्र के 166 केंद्रों पर आए खाद्यान्न की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर सुपरवाइजर दीपाली सिंह, प्रवीण श्रीवास्तव, दीपा तिवारी मौजूद रहीं।

### न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**गोंडा :** नवाबगंज थानाक्षेत्र के परसापुर निवासी जयप्रकाश मिश्र पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद ने एफटीसी न्यायालय पर वाद दाखिल किया कि वजीरगंज के सुदामापुर निवासी भूपेंद्र सिंह को अपनी बोलेरो गाड़ी रखरखाव खर्च के साथ 10 हजार रुपये प्रतिमाह पर लिखित समझौता किया था। समझौते के 4 वर्ष बीतने के बाद बीते 15 मई को पीड़ित आरोपी के घर जाकर हिसाब कर वाहन वापस करने को कहा जिससे नाराज आरोपी अपने पिता विजयप्रताप सिंह व दो अज्ञात लोगों के साथ पीड़ित के साथ अभद्रता करते हुए वाहन वापस न करने तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### डाक बंगले पर रोपित किए गए पौधे

**करनैलगंज :** नगर पालिका परिषद करनैलगंज एवं लोक भारती के संयुक्त तत्वावधान में बृहस्पतिवार को डाक बंगले परिसर में हरिशंकरी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीपल, पाकड़ एवं बरगद के पौधों का रोपण विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पं. वीरेंद्र पाठक द्वारा कराया गया। लोक भारती के तहसील संयोजक धनंजय मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहसील क्षेत्र के समस्त विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में हरिशंकरी पौधों का रोपण सचिवों, ग्राम प्रधानों एवं संगठन कार्यकर्ताओं की सहभागिता से किया जा रहा है।

# घाघरा ने दिखाया रौद्ररूप, करनैलगंज के डेढ़ दर्जन मजरे प्रभावित


## बाढ़ का कहर : डेंजर लेवल से 49 सेमी ऊपर पहुंचा जलस्तर, नकहरा के नौ मजरे जलमग्न, बाढ़ खण्ड ने बढ़ाई बांध की निगरानी

**रमेश पांडेय, करनैलगंज**

**अमृत विचार :** मंगलवार से ही बढ़त बना चुके घाघरा के जलस्तर आखिर बृहस्पतिवार को डेंजर लेबल से 49 सेमी ऊपर पहुंच गया। इधर घाघरा का उफनाया पानी बांध के भीतरी भाग में स्थित गोंडा व बाराबंकी के गावों को जलमग्न करता जा रहा है।

बृहस्पतिवार तक अकेले करनैलगंज तहसील के करीब डेढ दर्जन मजरे पूरी तरह से घाघरा के बाढ़ से प्रभावित हो चुके थे। तो वहीं बाराबंकी व गोंडा जिले के सीमावर्ती गांवों में पानी भरने का सिलसिला लगातार जारी है। हालांकि अब बैराजों से हो रहे डिस्चार्ज में कमी आ चुकी है। लेकिन इसका असर शुक्रवार से दिखना शुरू होगा। तहसील प्रशासन बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रतिदिन एक हजार लंच पैकेट आदि का वितरण कराने का दावा किया था। लेकिन तमाम ऐसे भी बाढ़ प्रभावित इलाके व घर थे जहां तक यह सहायता अभी नहीं पहुंच सकी। उधर बाढ़ खंड के अभियंता लगातार बांध पर कैम्प कर बांध का दौरा कर रहे है। बांध पर मौजूद एई पंकज आर्य ने बताया कि फिलहाल कटान रूकी हुई है। लेकिन पानी अधिक होने से बांध की निगरानी करवाई जा रही है। वहीं बाढ़ से जुड़े अन्य तमाम विभाग संवेदनहीन नजर आ रहे है। एसडीएम यशवंत कुमार का कहना है कि बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है। जो भी कर्मचारी गैर हाजिर मिलेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। नकहरा में प्रतिदिन लंच पैकेट बटवाया जा रहा है।

बाढ़ के पानी से ग्राम पंचायत नकहरा के लगभग नौ मजरे प्रभावित हैं। जिनमें देवकिसुन पुरवा, झंगूलाल पुरवा, दुलारे पुरवा, संभर पुरवा, बंसतलाल पुरवा, मछारन पुरवा, तीरथराम पुरवा, पुहिल पुरवा व राधे पुरवा शामिल हैं। इसके अलावा पसका में धुसवा, पासी पुरवा व चंदापुर किटोली के नाऊपुरवा, विचला माझा बाढ़ से प्रभावित बताये जा रहे हैं। तो वहीं बाराबंकी के माझा रायपुर, परसावल, बेहटा, नैपुरा जैसे तमाम मजरे बाढ़ से प्रभावित हो चुके हैं।


नकहरा गांव में घुसा बाढ़ का पानी। अमृत विचार


गौरा सिंहपुर बाढ़ राहत केंद्र पर लंच पैकेट तैयार करते नाबालिग। अमृत विचार


गौरासिंह पुर बाढ़ चौकी पर खाली पड़ी कुर्सी नदारद कर्मचारी। अमृत विचार

### चूल्हे बुझ गए, लंच पैकेट के सहारे चल रही जिंदगी

गुरुवार सुबह अमृत विचार के संवाददाता जब नकहरा गांव पहुंचे, तो वहां के लोगों ने हालात की भयावहता बयां की। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में पानी पहले से ही भरा था, अब घरों में घुस गया है। चूंकि गांव बांध के भीतरी हिस्से में आता है, इसलिए डूबना लगभग तय है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि बुधवार शाम से ही चूल्हे नहीं जल पाए हैं। घरों में पानी भरने के चलते रात जागते हुए बीती। जिनके घर पक्के थे, वे छत पर चले गए, लेकिन कच्चे और फूस के घर वालों के लिए पूरी रात एक डरावना इंतजार साबित हुई। बच्चों को चारपाई के ऊपर सुलाना पड़ा क्योंकि नीचे पानी भरा था। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ चौकी से लंच पैकेट मिले थे, जिसमें सिर्फ चार पूड़ी और थोड़ी सब्जी थी। कई महिलाओं ने यह भी कहा कि उन्हें तो लंच पैकेट भी नसीब नहीं हुआ। सुबह से फिर इंतजार है कि कुछ राहत मिले। खास चिंता का विषय यह भी है कि पशुओं के लिए चारा नहीं बचा है।

### बाढ़ चौकियों पर कर्मी व सुविधाएं नदारद

तहसील प्रशासन द्वारा बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने के दावे को उस समय झटका लगा जब बृहस्पतिवार को अमृत विचार की टीम बाढ़ प्रभावित नकहरा गांव पहुंची। यहां गौरा सिंहनापुर में बाढ़ चौकी बनाने का दावा किया जा रहा है। लेकिन यहां पहुंचने पर सिर्फ सफाई कर्मचारी बैठे मिले। एक कमरे में पूड़ी सब्जी बन रही थी और उसके पीछे नाबालिग बच्चे लंच पैकेट पैक कर रहे थे।

## घाघरा के उफान से 52 मजरों की 10100 आबादी बाढ़ की चपेट में


बाढ़ के पानी से घिरा गांव। अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज :** नदियां उफान पर हैं तरबगंज के माझा इलाके में भीषण बाढ़ की विभीषिका से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है तरबगंज इलाके के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। उमरी बेगमगंज क्षेत्र के 6 गांव के 52 मजरों की करीब 10100 आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। प्रशासन ने आवागमन के लिए पांच गांवों में करीब 35 नावें लगाई गई है। ऐली परसौली के 23 मजरों की करीब 5000 आबादी, गढी के 6 मजरों की 1200, जबरनगर के 4 मजरों की 900 व परास मझवार में 4 मजरों की लगभग 700 आबादी तथा बहादुरपुर के 3 मजरों में 500 आबादी तथा बेउंदा माझा में 12 मजरों की 1800 आबादी पूरी तरह से बाढ़ के चपेट में है। जिससे माझा वासियों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्रशासन ने पूरी तरह से कमर कस ली है। एसडीएम तरबगंज विश्वमित्र सिंह, तहसीलदार अनुराग पांडे सहित प्रशासनिक टीम ने बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और बढ़ चौकी ऐली परसौली पर बन रहे लंच पैकेट की हकीकत परखी। इस दौरान लेखपाल अंकित कुमार पंकज सैनी, प्रधान प्रतिनिधि मनीराम यादव, सुरजीत सिंह, अर्जुन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने लिया जायजा

बाढ़ की विभीषिका के मद्देनजर तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडे ने बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ चौकी ऐली परसौली पर पहुंच कर बाढ़ पीड़ितों में लंच पैकेट का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नदी के किनारे फंसे लोगों के लिए उनके घर तक भोजन पहुंचाया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितो की हर संभव मदद की जाएगी।

## पावर हाउस पर गिरी आकाशीय बिजली

**गोंडा, अमृत विचार:** बृहस्पतिवार की सुबह बारिश के बीच मेहनौन बिजली उपकेंद्र पर आकाशीय बिजली गिरने से पावर हाउस का मेन ट्रांसफॉर्मर में आग लग गयी और वह धू धू कर जल उठा। बिजली कर्मियों की सूचना पर पहुंची फायर टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह से जलकर स्वाहा हो गया। ट्रांसफॉर्मर जलने से उपकेंद्र के तहत आने वाले सैकड़ों गांवों की बिजली गुल हो गयी है और करीब 50 हजार की आबादी अंधेरे में डूब गई है। अवर अभियंता अजय गुप्ता का कहना है कि आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफॉर्मर जल गया है। मरम्मत के लिए बिजली कर्मी लगे हैं। वहीं उपखंड अधिकारी शेष मणि त्रिपाठी का कहना है कि लोकल टीम ने जांच की है। अब लखनऊ की टीम बुलाई गई है। टीम के आने पर खामियों का पता लग सकेगा। शुक्रवार तक बिजली बहाल होने की संभावना है।


आकाशीय बिजली से जला ट्रांसफॉर्मर।

### पीड़ित परिवार से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**गोंडा :** मोतीगंज के सीहागांव से पृथ्वी नाथ जा रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो नहर में पलटने से दो परिवारों के 12 लोगों की मौत पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सीहा गांव पहुंचकर परिवार के 10 लोगों को खोने वाले प्रहलाद गुप्ता और राम ललन वर्मा से मिलक संवेदना जताई। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र, बृजेश द्विवेदी, सगीर खान, अर्जुन वर्मा, महबूब अहमद मौजूद रहे।

## तालाब में उतराता मिला बालक का शव

**इटियाथोक, अमृत विचार:** इटियाथोक के ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह स्थित बेलवा तालाब में बृहस्पतिवार को एक 10 वर्षीय मासूम का शव उतराता मिला। ग्राम पंचायत बेलवा कर्मडीह के रहने वाले राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि उनका 10 वर्षीय बेटा शिवम बुधवार को दिन में 12 बजे के करीब घर से खेलने के लिए निकला था लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों को चिंता हुई तो सभी ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने शिवम के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। बृहस्पतिवार की सुबह शिवम का शव बेलवा गांव के तालाब में उतराता दिखाई दिया। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है।


शिवम (फाइल फोटो)।

### तालाब में डूबकर इंटर की छात्रा की मौत

**खरगूपुर :** रनियापुर गांव के रहने वाली आंचल (18) पुत्री गयाप्रसाद तिवारी गुरुवार सुबह घर से 200 मीटर दूर प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित तालाब के किनारे नित्य क्रिया के लिए गई थी। वहां पैर फिसलने से वह तालाब के पानी में डूब गई और उसकी मौत हो गई।

## साधन सहकारी समिति के गोदाम पर छापा

**गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर इलाके में यूरिया किल्लत की हकीकत देखने के लिए बृहस्पतिवार को एसडीएम व जिला कृषि अधिकारी की टीम ने साधन सहकारी समिति के दो खाद गोदामों पर छापेमारी की। धानेपुर गोदाम पर कार्यालय में छिपाकर रखी गयी 11 बोरी खाद बरामद हुई। टीम ने समिति के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं माधवगंज समिति पर भी वितरण में अनियमितता की जानकारी सामने आई। एसडीएम ने गोदाम प्रभारी को सुधार का निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि खतौनी के आधार पर खाद का वितरण किया जाए। लापरवाही मिली तो जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी।


साधन सहकारी समिति माधवगंज पर खाद वितरण की जांच करते एसडीएम।

**33455 मीट्रिक टन के सापेक्ष वितरित की जा चुकी है 37876 मीट्रिक टन यूरिया :** मंडल में यूरिया उर्वरक के वितरण के संबंध में आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता ने एक पत्र जारी कर देवी पाटन मंडल में भेजी गई यूरिया का विवरण जारी किया है। देवीपाटन मंडल के 338 साधन सहकारी समिति के माध्यम से अगस्त तक 33455 मीट्रिक टन यूरिया वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके सापेक्ष अब तक 37876 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है।

### दिन भर जद्दोजहद फिर भी नहीं मिली खाद

**मनकापुर।** सहकारी गन्ना समिति मनकापुर में बुधवार को खाद वितरण को लेकर किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति तब और बिगड़ गई जब समिति के कर्मियों ने गन्ना किसान कोड न होने के कारण धान की खेती करने वाले किसानों को खाद देने से मना कर दिया। नाराज किसानों और स्थानीय लोगों ने डीएम प्रियंका निरंजन को सीधे सीयूजी नंबर पर फोन कर समस्या से अवगत कराया।

## पाइपलाइन से आ रहा गंदा पानी

**मनकापुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत मनकापुर में पेयजल आपूर्ति की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष दुर्गेश कुमार बबलू सोनी ने बुधवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मिलकर कर नगर की जनता को हो रही समस्या से अवगत कराया। उन्होंने जल निगम द्वारा पाइपलाइन कार्य में की जा रही लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

नगर अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि नगर में जल निगम द्वारा पिछले एक वर्ष से पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधूरा पड़ा है। कई बार अनुरोध के बावजूद ठेकेदार कार्य में ढिलाई बरत रहा है। मौजूदा पाइपलाइन में बिना योजना के नए कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं, जिससे जल का दबाव काफी कम हो गया है। जगह-जगह पाइप लाइन में लीकेज होने से गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है।

## पुलिस कर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप, शिकायत

**बालपुर, अमृत विचार :** कटरा बाजार के ग्राम पंचायत गौरिया के मजरा अहिरनपुरवा गांव निवासी बृजेश कुमार यादव ने कटरा बाजार थाना के दो सिपाहियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक व आईजी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बीते 26 जुलाई को बैट्री रिक्शा से सेल्हरी मंडप चौराहे पर सब्जी खरीदने गया था। चूंटीपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार ने रिक्शे को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रिक्शे मे बैठे उसके भाई घायल हो गए और रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। आरोप है कि कार में मौजूद व्यक्ति कटरा थाने में तैनात सिपाही थे। जो शराब के नशे में धुत्त थे।

**हर्षोल्लास** | **उड़ान एकेडमी ने किया ग्रीन डे का आयोजन**

## सावन थीम पर महिलाओं ने हरियाली को दी उड़ान

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार:** क्रेयॉन्स स्कूल में उड़ान एकेडमी द्वारा हरियाली को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन डे का आयोजन किया गया। इसमें जुम्बा, नृत्य, संगीत, फिजिकल ट्रेनिंग ले रही महिलाओं ने सावन थीम पर हरियाली को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

उड़ान एकेडमी की निर्देशिका आयुषी राज ने बताया कि उड़ान एकेडमी का उद्देश्य सभी का सर्वांगीण विकास है। इसी थीम पर उड़ान एकेडमी द्वारा ग्रीन डे का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने संगीत, नृत्य, सामूहिक नृत्य के साथ विभिन्न प्रस्तुतियां दी। उन्हें पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य सुधा जायसवाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर निर्देशिका आयुषी राज ने सभी का आभार व्यक्त किया।


हरियाली अभियान को लेकर हरे परिधान में महिलाएं। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### आरटीसी के प्रशिक्षुओं को कराया गया जिला कारागार का भ्रमण



पुलिस प्रशिक्षुओं को टिप्स देते अधिकारी।

**गोंडा :** गुरुवार को आरटीसी के प्रशिक्षु आरक्षियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कारागार का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को कारागार की कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। भ्रमण सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दावाच्या एवं क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा के अगुवाई किया गया। प्रशिक्षुओं ने अमर शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी स्मारक जहां उन्हें लाहिड़ी जी के बलिदान, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान एवं गोण्डा जेल से उनके ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी दी गई। कारागार की विभिन्न इकाइयां– बैरक, पीसीओ, मेस भोजनालय, चिकित्सालय, पुस्तकालय, जिम व्यायामशाला, पाठशाला आदि का भ्रमण कराया गया।


एडीओ को सम्मानित करते उप निदेशक पंचायत।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए एडीओ पंचायत किए गए सम्मानित

**कटरा बाजार (गोंडा)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर कटरा बाजार ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव व खंड प्रेरक मनीष मिश्रा को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें पंचायती राज मंडलीय कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत कटरा बाजार में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में उपनिदेशक पंचायती राज गिरीश चन्द्र रजक, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे व जिला पंचायत राज अधिकारी ने प्रीतम श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता अभियान में उनके कार्यो की सराहना की जा रही है।

### 480 बच्चों का किया गया नेत्र परीक्षण, 18 को मिलेगा मुफ्त चश्मा

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** जिला अंधता निवारण समिति गोंडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज के संयुक्त तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज में स्कूल स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में नेत्र दोष की समय से पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना था। इस विशेष अभियान के तहत कुल 480 बच्चों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 18 बच्चों को चश्मा योग्य पाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन सभी बच्चों को शीघ्र ही नि :शुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जाएगा। नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने बताया कि जिन बच्चों की दृष्टि जांच में दोष पाया गया, उनमें हसीना, रोली गौतम, नूर समां बानो, नंदन, महबूब आलम, अंशुमान, मोहिनी, इकरा, सारिक, नैना गोस्वामी, हर्ष, वंश गुप्ता, शरीफ, अनम, मदीहा आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 8 से 14 वर्ष की आयु वाले बच्चों में यदि नेत्र दोष पाया जाता है, तो शासन की योजना के तहत उन्हें नि :शुल्क चश्मा प्रदान किया जाता है। जांच पूरी होने के बाद चश्मा उपलब्ध होते ही बच्चों को वितरित कर दिया जाएगा।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### भंडारे के साथ हुआ कथा का समापन

**गोंडा :** श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा के तत्वावधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा का समापन भंडारे के साथ हुआ। बड़गांव पुलिस चौकी के समीप आयोजित कथा के अंतिम दिवस में रविशंकर महाराज गुरु भाई कथा स्थल पर भंडारे में मौजूद रहे। श्रद्धालुओं को शिव ध्वज, त्रिशूल और रुद्राक्ष वितरण किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** लखनऊ बहराइच मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मटेरा थाना क्षेत्र के धनौली गांव निवासी गोविंद गुरुवार की भोर में बहराइच से लखनऊ की तरफ बाइक से जा रहे थे। जब वह शहर के दक्षिण स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने पहुंचे उसी समय सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक आसपास के लोग युवक को अस्पताल पहुंचाते, उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया साथ में परिजनों को भी घटना की सूचना दी।

### बगीचे से युवक का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**रुपईडीहा, बहराइच।** इंडो नेपाल नगर पंचायत रुपईडीहा के वार्ड दस रामजानकी क्षेत्र स्थित एक बगिया में गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि युवक की उम्र लगभग 24 वर्ष प्रतीत हो रही है और प्रथम दृष्टया वह नेपाली नागरिक लग रहा है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवक की तस्वीर और उसके पहने हुए कपड़ों का विवरण जारी किया गया है। साथ ही आमजन से उसकी पहचान में सहयोग करने की अपील की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी मुद्दों पर तेजी से जांच-पड़ताल कर रही है।

# प्रभारी मंत्री ने लिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** नेपाल के पहाड़ी और बहराइच के मैदानी इलाकों में हो रही वर्षा से नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। बाढ़ की स्थिति जानने के लिए मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी रामनयन सिंह, सीडीओ मुकेश चन्द्र के साथ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने घाघराघाट स्थित केन्द्रीय जल आयोग के गेज स्टेशन पहुंचकर नदियों के जलस्तर के बारे में जानकारी प्राप्त की। मौके पर मौजूद अधि. अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जेपी वर्मा ने प्रभारी मंत्री को नदियों के रुझान, जलस्तर एवं वाटर डिस्चार्ज के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान दी। प्रभारी मंत्री ने घाघराघाट स्थित बाढ़ चौकी व चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया।

ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान सरकार, शासन-प्रशासन आपके साथ है। घाघराघाट बाढ़ चौकी के निरीक्षण के बाद प्रभारी मंत्री ने तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम पूरे सीताराम में स्थापित बाढ़ शरणालय पहुंचकर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, डीएम व अन्य के साथ कटान प्रभावित लोगों को खाद्यान्न किट का वितरण किया। जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि भोजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए प्रभावित लोगों को समय से भोजन उपलब्ध कराया जाये। सीएमओ को निर्देश दिया बुखार, डायरिया आदि बीमारियों की दवाओं की किट का वितरण सुनिश्चित कराया जाये।



बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार



बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भ्रमण करते एसडीएम। अमृत विचार

### बाढ़ प्रभावित गांवों में ट्रैक्टर से पहुंचे एसडीएम

**बहराइच, अमृत विचार।** तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों का हाल जानने व उन्हें राहत सामग्री वितरण करने के लिए एसडीएम ट्रैक्टर से पहुंचे। बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मिहींपुरवा के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत जंगल गुलरिया के तीन गांव सम्पत पुरवा, धरमपुर रेतिया व रामपुर रेतिया का निरीक्षण करने प्रकाश सिंह पहुंचे। प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार की मौजूदगी में पीड़ितों को डोर-टू-डोर लंच पैकेट वितरित किया गया। पशुओं के लिए उनके मालिकों को भूसा दिया गया। एसडीएम ने टीम के साथ ग्राम पंचायत सुजौली के खैरी पुरवा, टिलवा, मुजवा गांव का निरीक्षण कर पीड़ितों को लंच पैकेट और राहत सामग्री वितरण करने की जिम्मेदारी लेखपाल टीम को सौंपी। प्रभावित गांवों के लिए पांच स्टीमर की व्यवस्था की गई है।

## महिलाओं के लिए तीन दिन फ्री रहेगी बस सेवा

**रुपईडीहा, बहराइच।** रक्षाबंधन पर सरकार ने महिलाओं को खास तोहफ़ा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 8 अगस्त सुबह छह बजे से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक प्रदेश में महिलाओं के लिए रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। रुपईडीहा डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार तीन दिन के लिये डिपो की सभी साधारण, जनरथ बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी जाएगी। यह सेवा 66 घंटे के लिए प्रभावी रहेगी और इसमें कोई किराया नहीं लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सभी संबंधित ड्राइवरों और परिचालकों को निर्देश दे दिए गए हैं और महिलाओं को टिकट की आवश्यकता नहीं होगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे समय से पहले बस अड्डों पर पहुंचे ताकि सुविधा का पूरा लाभ लिया जा सके। यह निर्णय महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सहयोग को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

## डंपर से टक्कर के बाद पलटी बस के नीचे दबी महिला, मौत

संवाददाता, शिवपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** शिवपुर-इमामगंज मार्ग पर बस-डंपर में टक्कर हो गई। हादसे में बस पलट गई। पास से गुजर रही महिला बस के नीचे दब गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों ने मार्ग जामकर प्रदर्शन किया। पुलिस के पहुंचने के बाद किसी तरीके मामला शांत हुआ।

पूर्वी लौकिहा निवासी सावित्री (55) बुधवार शाम घर से खेत की निगरानी को गई थी। जब वह लौट रही थी तभी शिवपुर इमामगंज मार्ग पर स्थित शिव मंदिर बागेश्वरी मंदिर के पास डंपर-बस में भिड़ंत हो गई। हादसे में बस पलट गई। पास से गुजर रही महिला बस के नीचे दब गई। लोगों ने वाहन चालकों को पकड़ लिया। इस बीच कुछ अन्य लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों वाहनों के चालकों को मौके से भगा दिया। इससे मौके पर जमा ग्रामीण भड़क उठे और मक्कापुरवा गांव निवासी बाबा दुखीराम पुत्र झीगर के नेतृत्व में लोगों ने मार्ग जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे। जिससे आवागमन बाधित हो गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गये। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक राशिद अली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से बस के नीचे दबी महिला सावित्री को बाहर निकलवाया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां पर महिला की मौत हो गई। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मुख्य मार्ग पर जलभराव से कारोबार ठप

संवाददाता, जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार।** जरवल रोड बाजार में जल निकासी न होने के कारण मुख्य मार्ग और गलियों में बरसात का कीचड़ युक्त पानी जमा है। लोगों को मजबूरन इसी के बीच होकर आना-जाना पड़ रहा है। जनजीवन प्रभावित है व्यापारी भी परेशान हैं। उनका कहना है कि जलभराव के चलते खरीदार नहीं आते। व्यापार ठप है। बंभौरा के तूफानी चौराहा, गल्ला मंडी रोड पर बारिश के कारण जलभराव हो गया है। नाले का पानी दुकानों और घरों में भर रहा है। इससे व्यापारी, स्थानीय निवासी और राहगीर परेशान हैं। रक्षाबंधन त्योहार है लेकिन सड़क पर जमा कीचड़ युक्त पानी के कारण खरीदारी करने के लिए लोग नहीं आ रहे हैं। व्यापारी परेशान हैं और बाजार में सन्नाटा पसरा है। मंदिर और मस्जिद जाने वाले लोगों को भी रास्ते में भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार सांसद, विधायक, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान से शिकायत की है। फिर भी पुराने नाले की सफाई नहीं कराई गई और न ही नया नाला बनाया गया। पुराना नाला जाम है और पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं है। बाजारवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पुराना नाला पॉलीथिन और मिट्टी से पटा है पुराने नाले की सफाई कराई जाए।



रास्ते पर भरे बाढ़ के पानी से होकर गुजरते लोग। अमृत विचार

# यूरिया के लिए दर-दर भटक रहे किसान

रायबोझा/नवाबगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** नानपारा तहसील के रायबोझा और नवाबगंज सहकारी समिति पर किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध होने के बावजूद यूरिया के लिए समितियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। एक बोरी यूरिया के लिए समितियों पर अपमानित होना पड़ रहा है। आरोप है कि समितियों के सचिव उर्वरक वितरण में मनमानी कर रहे हैं। रायबोझा सहकारी समिति पर 500 बोरी यूरिया की खेप पहुंचने से किसानों में खुशी है। लोग यूरिया के लिए सुबह से कतार लगाकर खड़े हो जा रहे हैं। किसानों का आरोप है कि सहकारी समिति के सचिव यूरिया वितरण में मनमानी कर रहे हैं जिससे उन्हें महंगे दामों पर निजी उर्वरक विक्रेताओं से यूरिया खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

उधर, नवाबगंज क्षेत्र में झमाझम बारिश शुरू होते ही खेतों में खाद की जरूरत होने लगी और यूरिया खाद की मांग बढ़ गई। निजी विक्रेताओं द्वारा ऊंचे दाम पर बिक्री कर किसानों का शोषण किया जा रहा है। नवाबगंज क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक निजी खाद वक्रेताओं की दुकानें संचालित हैं लेकिन मनमाने रेट पर बिक्री करने से परेशान किसान सहकारी समिति पर यूरिया आने की भनक लगते ही सहकारी समिति केंद्र पर लाइन लग गई। किसान प्रेम सागर, छेदी राम, राम सागर मिश्रा, भुसैली, कासिम खां, नुरुद्दीन अंसारी ने बताया कि निजी विक्रेता मनमाने रेट पर 500 से 600 रुपये प्रति बोरी यूरिया खाद बेंच रहे हैं जिससे मध्यम वर्ग के किसानों के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। गुरुवार को नवाबगंज सहकारी समिति पर खाद आने की भनक लगते ही किसानों की इतनी भीड़ लग गई कि पुलिस बुलानी पड़ी। किसानों ने बताया कि सुबह छह बजे से लाइन में खड़े हैं लेकिन दस बजे तक समिति का ताला नहीं खुला। नादिर, रामकिशुन आदि किसानों ने बताया कि भीड़ देखकर तमाम किसान लौट रहे हैं। नवाबगंज सहकारी समिति के सचिव लोक पती तिवारी ने बताया कि सर्वर डाउन होने की वजह से वितरण धीमा हो रहा है।



खाद के लिए सहकारी समिति पर उमड़े किसान। अमृत विचार

## तालाब में डूबने से महिला की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र में एक महिला फिसल जाने के कारण तालाब के गहरे पानी में चली गई। पानी में डूबने से महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक चंदपरा गांव निवासी 35 वर्षीय पन्ना पत्नी बाबादीन शौच के लिए गई थी। गांव के निकट स्थित तालाब के पास पहुंची अचानक उसका पैर फिसल गया। महिला तालाब के गहरे पानी में चली गई शोर भी मचाया लेकिन कोई बचाने नहीं पहुंच सका। पानी में डूबने से महिला की मौत हो गई। घटना से परिजन बदहवास हैं।

## छात्रों को साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए साइबर क्राइम पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। पहले दिन छात्र-छात्राओं तथा आमजन को विभिन्न प्रकार से किए जाने वाले साइबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। साइबर ब्लॉक होने के बाद शिकायत कैसे और किससे करें इसे भी बताया गया। एसपी रामनयन सिंह के निर्देशन में जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम को जागरूकता अभियान चलाया गया। सीओ राज सिंह ने पुलिस मॉडर्न स्कूल में कक्षा सात से दस तक के छात्रों को साइबर अपराधों की प्रकृति, उनसे बचाव के उपाय एवं शिकायत की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को फिशिंग, स्पूफिंग, हैकिंग के अतिरिक्त वर्तमान में प्रचलित डिजिटल अरेस्ट, व्हाट्सएप वीडियो कॉल व लिंक फ्रॉड, गेमिंग एवं डेटिंग साइट्स से जुड़ी धोखाधड़ी के विषय में बताया गया। टेलीकॉम संबंधी अपराधों के नियंत्रण के लिए टीएएफसीओपी एवं सीईआईआर पोर्टल की जानकारी दी गई। महिला संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 181, 1076, 112, 102, 108, 1098, 101 आदि की जानकारी दी गई।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 49 हजार

**जरवल रोड, बहराइच।** साइबर ठगों ने एकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर जरवल सीएचसी अधीक्षक के बैंक खाते से दो किश्तों में 49 हजार रुपये निकाल लिए। सीएचसी मुस्तफाबाद के अधीक्षक डा. कुंवर रीतेश 30 जुलाई को मीटिंग कर रहे थे। इस दौरान साइबर ढगों ने उन्हें फोन कर एकाउंट वेरिफिकेशन के लिए कहा और लिंक भेजकर एक ऐप डाउनलोड करा दिया। ऐप पर आधार कार्ड डालकर वेरिफिकेशन के लिए कहा। आधार नंबर डालने के बाद उनके बैंक एकाउंट से 24600 और 24600 रुपये दो बार कट गए। बैंक से रुपये निकलने का मैसेज आने के बाद अधीक्षक को ठगी की जानकारी हुई।



सरयू नहर से जाल डालकर रेस्क्यू की गई डॉल्फिन। अमृत विचार

### नहर में दिखी दुर्लभ गंगा डॉल्फिन

**उतरौला, बलरामपुर।** ग्रापं विसम्भरपुर के सोनौली माइनर नहर में एक गंगा डॉल्फिन के दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पहली बार इस दुर्लभ जलचर को देखकर ग्रामीण हैरान रह गए और देखते ही देखते नहर के किनारे भारी भीड़ जुट गई। मनसालाल, राजकुमार, सुशील व उमंग नामक ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही रेंजर वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में वन दरोगा बहुश्रुति यादव और उनकी टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद लगभग पांच फीट लंबी डॉल्फिन को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेंजर वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि यह गंगा डॉल्फिन संरक्षित व विलुप्तप्राय प्रजाति में शामिल है। उचित देखरेख के बाद इसे सरयू नदी (अयोध्या) में इसके प्राकृतिक आवास में पुनः छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों का मानना है कि संभवतः किसी शिकारी द्वारा पकड़कर डॉल्फिन को यहां छोड़ दिया गया था।

## धर्म परिवर्तन करा युवती से निकाह करने वाला गिरफ्तार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना महराजगंज तराई क्षेत्र के ग्राम दुंदुरा निवासी कुन्नू पुत्र बिस्मिल्ला को एक 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और उसका धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान में उप निरीक्षक आदित्य कुमार, आरक्षी दीपक गुप्ता और महिला आरक्षी दीपिका सिंह की टीम ने परसपुर मोड़ के पास से आरोपी को पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बेहतर जीवन देने का प्रलोभन देकर युवती को भगाया और धर्म परिवर्तन कराकर विवाह किया। थाना महराजगंज तराई पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय के निर्देशन में की गई।

## दहेज हत्या के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत दहेज हत्या के एक मामले में बलरामपुर की अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास और 2,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह सजा बलरामपुर जिले के हरैय्या थाना क्षेत्र के निवासी आरोपी पुजारी को सुनाई गई है। पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप था कि विवाह के बाद लगातार दहेज की मांग को लेकर उसकी बहन को प्रताड़ित किया गया और अंततः उसे मारपीट कर जला दिया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में चल रहे अभियान ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मुकदमे की सुनवाई के दौरान एएसपी विशाल पाण्डेय, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन तिवारी, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल राज कुमार सिंह तथा थाना हरैय्या पुलिस द्वारा पैरवी की गई। साक्ष्यों के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी को यह सजा सुनाई। पुलिस प्रशासन ने इस निर्णय को न्याय और महिला सुरक्षा की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बनी रणनीति

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की जिला कार्य योजना बैठक अटल भवन, तुलसी पार्क में सम्पन्न हुई। बैठक में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त को हर घर तिरंगा फहराया जाएगा और भाजपा कार्यकर्ता मंडल से बूथ स्तर तक अभियान को सफल बनाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 से 12 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर बूथ कार्यकर्ता तक भाग लेंगे। शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस, जुलूस और संगोष्ठी, और 15 अगस्त को सेल्फी विद तिरंगा अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को पूरी जिम्मेदारी से निभाने का आह्वान किया। तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, प्रदीप सिंह, अनूप गुप्ता, श्याम मनोहर तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, अवधेश तिवारी तरुण, वरुण सिंह मोनू, ललित तिवारी, संदीप वर्मा, डीपी सिंह, नंदिनी शुक्ला, झूमा सिंह आदि मौजूद रहे।




हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक में चर्चा करते भाजपा के पदाधिकारी।

# रंगबिरंगी राखियों से सजे बाजार, खूब हो रही खरीदारी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बलरामपुर के बाजार भावनाओं की डोर से सजते जा रहे हैं। शहर की हर गली, हर दुकान पर रंग-बिरंगी राखियों की रौनक बिखर गई है। बाजारों में बढ़ती भीड़ और दुकानों की सजावट इस बात का एहसास करा रही है कि यह सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि रिश्तों की आत्मीयता और विश्वास का उत्सव है। राखियों की दुकानों पर महिलाओं और बच्चियों की भीड़ सुबह से देर शाम तक बनी हुई है। कोई भाई के लिए डिजाइनर राखी चुन रहा है तो कोई बहन के लिए खास गिफ्ट की तलाश में घूम रहा है। बाजार में कार्टून राखियों, मंदिर राखियों, सिल्वर राखियों और इको-फ्रेंडली राखियों की खूब मांग है। साथ ही मिठाई, चॉकलेट, सूखे मेवे और कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी खासी चहल-पहल देखी जा रही है। स्थानीय व्यापारी मनोज बताते हैं कि इस बार व्यापार में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। लोगों की रुचि खासतौर पर हस्तनिर्मित और परंपरागत राखियों में अधिक है। वहीं महिलाएं भी सजधज के सामान और पूजा थालियों की खरीदारी कर रही हैं। भावना कहती हैं भाई दूर रहते हैं लेकिन हर साल राखी भेजना नहीं भूलती। यह इस रिश्ते की खूबसूरती है कि दूरी भी प्यार को कम नहीं कर पाती। बाजार में लोकल उत्पादों को भी बढ़ावा मिलता दिखाई दे रहा है।स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाई गई राखियां, साज-सज्जा का सामान और उपहार पैकिंग सामग्री भी ग्राहकों को खूब लुभा रही है। इससे ग्राहकों को स्वदेशी उत्पादों का विकल्प मिल रहा है और स्थानीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।



रक्षाबंधन से पहले दुकानों पर राखी खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मिलावटी मिठाइयों पर कसा शिकंजा

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार।** रक्षाबंधन को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी बलरामपुर के निर्देश पर गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गुरुवार को बाजारों में छापेमारी कर छह खाद्य सामग्री के नमूने लिए। कार्यवाही के तहत सादुल्लाहनगर बाजार स्थित कल्लू मिष्ठान भंडार से पेड़ा, सूजी हलवा और सूजी बर्फी, रामचंद्र वर्मा की दुकान पराग मिल्क बार से पनीर और छेना रसगुल्ला तथा अचलपुर चौधरी स्थित अहान डेयरी से पेड़ा का नमूना लिया गया। अब तक रक्षाबंधन अभियान के तहत कुल 19 नमूने संग्रहित किए जा चुके हैं। कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया था। खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## घर लौटते समय गई युवक की जान

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** मुंबई से घर लौट रहे एक युवक की रास्ते में मौत हो गई। उसका शव पचपेड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवा के पास सड़क किनारे मिला। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान भरौली थाना त्रिलोकपुर जिला सिद्धार्थनगर निवासी 32 वर्षीय सनोज पुत्र जय जय राम के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार युवक मुंबई से पचपेड़वा आया और किसी वाहन से गनेशपुर पहुंचा। वहां से वह पैदल ही घर के लिए निकला था। लगभग एक किमी चलने के बाद वह सिसवा गांव के पास सड़क किनारे गिर गया और वहीं उसकी मौत हो गई।

## पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाने और नियमित करने की उठाई मांग

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पंचायत सहायक यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। यूनियन की ओर से डिप्टी सीएम को एक मांगपत्र सौंपते हुए पंचायत सहायकों की दशा सुधारने और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। यूनियन की महामंत्री शिवानी गिरि ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश भर के पंचायत सहायक ग्राम सचिवालयों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य करते हैं इसके बावजूद उन्हें केवल 6,000 रुपये का अल्प मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों से विभागीय काम तो पूरे दिन लिया जाता है, लेकिन समस्याओं को लेकर अधिकारी संवेदनशील नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिला पंचायत सहायकों की स्थिति और भी कठिन है। सर्वे जैसे कार्यों के नाम पर उन्हें रोजाना 10 से 15 किलोमीटर तक दौड़ाया जाता है जिससे उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि पंचायत सहायकों को स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा उनका मानदेय बढ़ाकर 26,910 रुपये प्रति माह किया जाए। इसके अलावा अन्य कई प्रमुख बिंदुओं को लेकर भी चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर सम्मानित हुए बुनकर

**गोरखपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर गोरखनाथ क्षेत्र के रसूलपुर में एक गरिमामय आयोजन किया गया, जिसमें बुनकर समुदाय को केंद्र में रखकर उनकी भूमिका और योगदान को रेखांकित किया गया। यह आयोजन सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग द्वारा रसूलपुर, गोरखनाथ क्षेत्र में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि हथकरघा हमारी सांस्कृतिक विरासत है, जिसे संरक्षित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बुनकरों को आश्वस्त किया कि नगर निगम उनके हित में हर संभव सहयोग देगा।विशिष्ट अतिथि के रूप में गोरखपुर चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के एस. के. अग्रवाल ने बुनकरों की आर्थिक मजबूती पर बल देते हुए उन्हें स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रेरित किया।सहायक आयुक्त हथकरघा राजकुमार ने बुनकरों को हथकरघा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री वीवर मुक्ति योजना, हथकरघा मार्केटिंग स्कीम और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़ाव आदि की विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर सुधांशु विद्यापति, सुग्रीव, मृगेश, सिद्धांत, विनय, चंदन सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में बुनकर समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा अभियान 12 से

**गोरखपुर,अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलने वाले देश व्यापी अभियान हर घर तिरंगा अभियान के निमित लोटन मंडल में मंडल अध्यक्ष दुग नारायण सिंह के अध्यक्षता में मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा 12 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लगाया जाना है तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, हमारे गर्व, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आइए, हर घर तिरंगा अभियान को एक जन-आंदोलन बनाएं और देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएं। उक्त अवसर पर पूर्व जिला संयोजक राम निवास यादव,जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय,मंडल महामंत्री कृष्ण दत्त त्रिपाठी,रुद्र नारायण पांडेय एंव भाजपा कार्यकर्ता नेतागण उपस्थित रहें।

### एक दिवसीय स्टेम प्रशिक्षण सम्पन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग, कॉपर सर्जिकल एवं स्माइल फाउण्डेशन के सहयोग से स्थापित स्टेम लैब के संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने सरस्वती पूजन कर के किया। आपको बता दें कि जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में विज्ञान तकनीकी अभियांत्रिकी गणित प्रयोगशाला की स्थापना स्माइल फाउण्डेशन ने बेसिक शिक्षा विभाग सिद्धार्थनगर और कॉपर सर्जिकल के सहयोग से किया। जिसके सन्दर्भ में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, स्टेट रिसोर्स पर्सन एवं वार्डन, गणित एवं विज्ञान की शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें बालिकाओं को किताबी ज्ञान के साथ साथ प्रैक्टिकल अभ्यास भी शिक्षिकाओं द्वारा कराया जायेगा।

### अवध असम एक्सप्रेस के ठहराव समय में बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु 15910/15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस के कुछ स्टेशनों पर दिये गये ठहराव समय में परिवर्तन किया गया है। फलस्वरूप 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस 06 अक्टूबर, 2025 से जलपाईगुड़ी से निर्धारित समय 18 .07 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 17 .40 बजे, धूपगुडी से 18 .37 बजे के स्थान पर 18 .15 बजे, न्यू कूचबिहार स्टेशन से 19 .45 बजे के स्थान पर 19 .15 बजे तथा न्यू अलीपुर द्वार से 20 .07 बजे के स्थान पर 19 .40 बजे छूटेगी। इसी प्रकार 15909 डिब्रूगढ-लालगढ़.अवध असम एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, 2025 से सीवान स्टेशन से निर्धारित समय 21.08 बजे के स्थान पर परिवर्तित समय 20 .50 बजे, भाटपार रानी स्टेशन से 21 .37 बजे के स्थान पर 21 .20 बजे, भटनी से 21 .48 बजे के स्थान पर 21 .37 बजे तथा देवरिया सदर से 22 .20 बजे के स्थान पर 22 .05 बजे छूटेगी।

# कुशीनगर में 28 मॉडल ग्राम पंचायतों को सीएम अवॉर्ड के लिए करें तैयार

## जिला स्वच्छता समिति की बैठक में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने दिए निर्देश

संवाददाता, कुशीनगर


बैठक करते जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान चयनित 28 मॉडल ग्राम पंचायतों में 66 बिंदुओं पर कार्य कराए जाने संबंधी हुए कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत सभी कार्यों से परिपूर्ण किसी एक ग्राम पंचायत का निरीक्षण कराए जाने के लिए डीपीआरओ को निर्देशित किया कि इस कार्य को शीघ्र अवशेष कार्यों को पूर्ण कराएं।

उन्होंने उक्त सभी 28 ग्राम पंचायतों को सीएम अवॉर्ड के लिए आवेदन किए जाने का भी निर्देश दिए। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 12783 प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष 6525 को प्रथम किस्त दिए जाने की जानकारी डीपीआरओ द्वारा दी गई। जिलाधिकारी ने गांवों के नालियों की साफ सफाई सहित हाईटेक व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि बजट की कमी हो तो अवगत कराने के पश्चात धन की व्यवस्था करा दी जाएगी।

सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य, केयर टेकर का भुगतान की स्थिति ठीक पाई गई। व्यक्तिगत शौचालय कि समीक्षा के दौरान आन लाइन आवेदनों की स्थिति, 15 वें वित्त अंतर्गत पेंडिंग कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लिए जाने सहित ऐसे सचिवों को चिन्हित किए जाने का निर्देश दिए गए जिनके कार्यों में प्रगति नहीं है तथा व्यय शून्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे सचिवों को बैठक में बुलाई जाय। खराब प्रगति वाले पंचायत सहायकों को नोटिस दिए जाने एवं कार्यवाही किए जाने का भी निर्देश दिया गया।

### पीएम सूर्य घर योजना से प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक - एक लाभार्थि का करें चयन

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीडीओ को पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम सभा से एक एक लाभार्थी का चयन करने का निर्देश दिय ताकि जनपद का लक्ष्य पूर्ण हो सके। पडरौना अंतर्गत 4 ग्राम पंचायतों में कम व्यय होने पर पंचायत सहायकों को नोटिस दिए जाने का निर्देश दिए गए। इसी प्रकार समीक्षा बैठक में बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण, अंत्येष्टि स्थल निर्माण ,ग्राम प्रधानों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं उसका निस्तारण, तथा जिन ग्राम प्रधानों के विरुद्ध झूठी शिकायतें हैं उस शिकायतकर्ता के विरुद्ध भी सुसंगत धाराएं में कार्यवही किए जाने का निर्देश दिए। लगातार तीन माह से कार्य नहीं कर रहे हैं उन पंचायत सहायकों को जवाबदेही तय की जाय। बीडीओ पडरौना द्वारा विकास खण्ड अंतर्गत कराए जाने वाले संपूर्ण कार्यों का बुकलेट तैयार कर प्रस्तुत किया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशस्ति पत्र दिए जाने का निर्देश डीपीआरओ को दिए। सभी वीडीओ को निर्देशित किया कि इसी प्रकार बुकलेट तैयार कराएं।समीक्षा बैठक के दौरान दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के कार्यों,अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्यों,उद्यान विभाग के कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी,डीसी मनरेगा राकेश, पीडी, डीडीओ, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, डीएसओ समेत समस्त बीडीओ, एडीओ पंचायत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में मसूर की खेती बढ़ाने के लिए किसानों को करें प्रेरित : डीएम

- गवर्निंग बोर्ड बैठक सम्पन्न, डीएम ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

संवाददाता,सिद्धार्थनगर


गवर्निंग बोर्ड की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर आत्मा योजना के गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) घटक, मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के सभी घटक, सीड मनी रिवाल्विंग फन्ड, मोबलाइजेशन किसान ग्रुप, नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल एवं वर्ष 2025-26 मे आत्मा योजना अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्यों को समिति द्वारा चर्चा के उपरान्त अनुमोदन दिया गया। जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से 5 कृषक कुल 70 कृषकों का प्रशिक्षण नवीनतम कृषि तकनीकी की जानकारी देने के लिए प्रदेश के बाहर भेजकर प्रशिक्षण कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में मसूर की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित करें। किसान पाठशाला के माध्यम से जनपद में खरीफ फसलों का उत्पाइन हेतु चिन्हित किये गये है। जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक को निर्देश दिया कि फार्मर स्कूल के माध्यम से जो गांव खेती के लिए चिन्हित किया गया है वहां पर मानक अनुरूप खेती हो। कृषि विभाग द्वारा प्रर्दशन हेतु जो बीज किसानों को दिया जाता है उस बीज से किसान खेती भी करे इसके लिए कृषि विभाग के अधिकारी अपने स्तर से प्रयास कर सुनिश्चित कराये। इसके साथ ही बकरी पालन हेतु प्रशिक्षण के लिए मथुरा भेजने का निर्देश दिया। इसके अलावा मत्स्य पालन करने वालो कृषको को छत्तीसगढ़ भेजने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तथा किसान व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### डीएम ने निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर,अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. द्वारा नगर पंचायत बढ़नी बाजार में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। कार्य की प्रगति धीमी होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। जिलाधिकारी ने समय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बढ़नी बाजार अजय कुमार, जेई आशीष सिंह, उपस्थित थे।

## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के डॉ.प्रदीप कुमार पांडे का पेटेंट प्रकाशित



**सिद्धार्थनगर ,अमृत विचारः** समाजशास्त्र के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, डॉ. प्रदीप कुमार पांडे, सहायक प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग सिद्धार्थ विवि का मैनेजिंग इनोवेशन नॉलेज, ए सोसियोलॉजिकल एनालिसिस शीर्षक पर पेटेंट प्रकाशित हुआ है। यह सामाजिक विज्ञानों के लिए एक दुर्लभ और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। डॉ. पांडे द्वारा प्रस्तुत समाजशास्त्रीय मॉडल यह बताता है कि किस प्रकार पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ संतुलित रूप से जोड़ा जा सकता है, बिना उसकी सांस्कृतिक विरासत और समुदाय के मूल्यों को नुकसान पहुँचाए। यह कार्य भारत की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को संरक्षित रखने और उसे उत्तरदायित्वपूर्ण रूप से विकसित करने का मार्ग प्रशस्त करता है।यह पेटेंट समाजशास्त्रीय और शैक्षणिक जगत के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है, जो सामाजिक विज्ञानों की नवाचार और बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में भूमिका को और अधिक सशक्त बनाता है।

# खुलासा : बेटे-बहू ने जमीन के लिए की पिता की हत्या, दोनों गिरफ्तार

संवाददाता,ककरहवा

**अमृत विचार :** मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर न. 4 टोला निरंजनपुर गांव स्थित ईंट के भट्ठे पर हुई वृद्ध की हत्या का चौबीस घंटे के अंदर सनसनीखेज खुलासा पुलिस ने कर दिया है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत शौर्य ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मृतक सुकई पुत्र भदरी की हत्या उसके कलयुगी पुत्र योगेंद्र और बहू किसलावती ने मिलकर की थी। जमीन बेचने से इनकार करने पर बांस के डंडे से सिर पर प्रहार कर वृद्ध की हत्या कर दी गई थी।

हत्या के बाद शव को भट्ठे के एक कोने में ले जाकर ईंटों और मलबे से ढंक दिया गया, ताकि किसी को शक न हो और अगली सुबह होते ही शव को नदी में फेंक दिया जाए। लेकिन जब कुछ ग्रामीण वहां से गुजरे तो उन्हें वहां मौजूद ईंटों की ढेर से दुर्गंध आई। जब ईंटें हटाई गई तो शव दिखाई पड़ा, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर जांच टीम पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तेजी से जांच शुरू की और मृतक के बेटे योगेंद्र और बहू किसलावती को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही साथ हत्या में प्रयुक्त डंडा मौके से बरामद भी कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मोहाना थाना अध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय, एसओजी टीम प्रभारी जीवन त्रिपाठी, उनि रतीश चंचल पांडेय, राजीव शुक्ला, महिला आरक्षी रोमी तिवारी आदि लोग शामिल रहे।

## डीएम ने की जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में जिला भूमि संरक्षण एवं समिति जिला मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत खेत तालाब योजना में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष लोगो को जागरूक कर लक्ष्य को पूर्ण करें। इसके अलावा कैम्प लगाने का निर्देश दिया। खेतालाब योजना के अन्तर्गत वर्षा जल संचयन कर सकते है। इसके अलावा सिघांड़ा की खेती एवं मत्स्य पालन भी कर सकते है। इसके अलावा राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना कीसमीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, जिलना भूमि संरक्षण अधिकारी रवि शंकर पाण्ड्रेय व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आपदा से निपटने को तैयार करें वॉलेंटियर

संवाददाता, कुशीनगर

- नागरिक सुरक्षा ऑफिसर कमांडिंग की बैठक डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने दिए निर्देश
- जनपद में 185 लोगों की टीम में शामिल कर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा

**अमृत विचार:** नागरिक सुरक्षा ऑफिसर कमांडिंग की बैठक जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।जिला मजिस्ट्रेट नियंत्रक प्राधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से इसकी महत्ता बढ़ी है, अन्य जनपदों में इस योजना अंतर्गत इसका सिविल डिफेंस के रूप में कार्य किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना अंतर्गत जनपद में वालिंटियर की सूची बनाएं जिसे त्योहार सहित किसी भी आपदा के मौके पर प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने जनपद के युवकों का आह्वान किया कि जो भी इस में जुड़ना चाहते हैं जुड़ सकते है। उन्होंने कहा कि भीड़ इकट्ठा करना दायित्व नहीं है पब्लिक को मैनेज मेंट कर राहत वितरण आदि हर जगह काम किया जाना हैं।सत्यप्रकाश सिंह डिप्टी कंट्रोलर ने इस संबंध में विधिवत उल्लेख करते हुए बताया कि इस कमेटी का उद्देश्य विभिन्न आपदाओं से बचाव, सुरक्षा, जन धन की क्षति कम करना, आपदा के समय लोगों का मनोबल बनाए रखना, औद्योगिक उत्पादों को बनाए रखना,अफवाहों पर नियंत्रण करना,आदि है, इसके लिए जनपद में 185 व्यक्तियों की टीम में शामिल किया जाएगा तथा उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा। बैठक में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के कार्य संबंधी विस्तृत कार्य योजना से अवगत भी कराया गया। उन्होंने इस कार्य में सम्मिलित किए जाने वाले विभागों संचार सेवा, वार्डेन सेवा, हताहत सेवा, अग्निशमन सेवा, कल्याण सेवा से संबंधित विभागों को सम्मिलित किया गया है तथा उन विभागों के दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार, एडिशनल एसपी, समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## द्वितीय एसीपी की मांग को लेकर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता,सिद्धार्थनगर


द्वितीय एसीपी की मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के बाद प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

**अमृत विचार :** सफाई कर्मचारियों का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई दे रहा है। द्वितीय एसीपी (एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन) की मांग को लेकर सैकड़ों सफाई कर्मचारी भीमापार रेलवे क्रॉसिंग पर एकत्रित हुए। वहां से पैदल जुलूस निकालते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारी संगठन का कहना है कि 2009 में नियुक्त सफाई कर्मचारियों को प्रथम एसीपी 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर जनवरी 2019 में दिया गया था। नियमानुसार दूसरी एसीपी जनवरी 2025 में दी जानी चाहिए थी। लेकिन अगस्त आ गया है और एसीपी की फाइलें अभी भी लम्बित हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार लिखित निवेदन किया गया। लेकिन वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार तिवारी और पूर्व डीपीआरओ द्वारा उन्हें बार-बार गुमराह किया गया। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि वरिष्ठ लिपिक विनोद कुमार तिवारी का स्थानान्तरण आदेश 10 जून 2025 को जनपद बलरामपुर के लिए जारी हो चुका है। इसके बावजूद उन्हें अब तक सिद्धार्थनगर से कार्यमुक्त नहीं किया गया है। संगठन का कहना है कि जब तक वे यहां रहेंगे, फाइलें जानबूझकर रोकते रहेंगे। इससे कर्मचारियों का हक मारा जा रहा है। कर्मचारियों ने चरित्र प्रविष्टि को लेकर भी समस्या बताई। उनका कहना है कि पहले एसीपी केवल वर्तमान अधिकारी की प्रविष्टि के आधार पर लगती रही है। लेकिन अब जो अधिकारी रिटायर हो चुके हैं या जिनका निधन हो चुका है, उनके हस्ताक्षर लाना सम्भव नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर डीपीआरओ होश में आओ! और हमें चाहिए हक का एसीपी। जैसे नारों से गूंज उठा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जायेगी। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहें।

## विशाल भंडारे का आयोजन

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचारः** ज़िले के खेसरहा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम रिठीया में युवा समाजसेवी शिवम उर्फ गोलू सिंह के द्वारा गुरुवार को भव्य विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । शिवम सिंह उर्फ गोलू सिंह के साथ कुछ श्रद्धालु कांवर लेकर गए थे। कांवर यात्रा से जल चढ़ाकर बाबा धाम से आने के बाद गुरवार मो सथानीय रिठेश्वर नाथ मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिवम सिंह उर्फ गोलू सिंह ने बताया कि हर साल हम ऐसे ही भंडारा करेंगे। शिवम सिंह उर्फ गोलू सिंह से पता चला कि भंडारा शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक चला।

# कॉलेज छात्रों को मिलेगा बिना ब्याज लोन

**संवाददाता,सिद्धार्थनगर, अमृत विचारः** उप्र सरकार की सीएम युवा योजना के तहत अब महाविद्याल व विश्वविद्यालय के युवाओं को चिन्हित कर उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेगी। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी बेरोजगारों को भी इस योजना में लाया जाएगा। ऐसे लोगों को उन्हें चिह्नित कर योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का लोन बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वो स्वरोजगार से जुड़कर दूसरों के लिए भी रोजगार का प्रबंध कर सकें। इस योजना से संबंधित ट्रेड में उन्हें पांच लाख रुपए तक का लोन और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनका स्टार्टअप या व्यवसाय सफल हो सके। इसके लिए जल्द ही टीम गठित करके अभियान चलाया जाएगा। योजना के माध्यम से लोन के लिए युवा आवेदन भी कर रहे है, जिनमें से कई युवाओं को इसका लाभ भी मिला हैं। इस योजना में बड़ी संख्या में महिलाएं, ओबीसी, एससी के युवाओं ने भी अपनी दिलचस्पी दिखा रही है और इसका लाभ भी लिया है। केक मैन्युफैक्चरिंग, लॉन्ड्री, डिजिटल मार्केटिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, मिनरल वाटर प्लांट, टैटू स्टूडियो और सोलर पैनल इंस्टॉलेशन जैसे विविध क्षेत्रों में युवाओं ने स्वरोजगार शुरू किया है। उद्योग उपयुक्त उदय प्रकाश पासवान ने बताया कि युवाओं को इससे जोड़ने के लिए कई अभियान चलाया जा रह हैं। महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को भी इससे जोड़ने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं।

## आरपीएफ की निगरानी में लावारिस बच्चे सुरक्षित, शातिर अपराधी गिरफ्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 5 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर कैण्ट को निगरानी के दौरान कैण्ट स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 5 पर 11 वर्ष का एक नाबालिग लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 5 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गोरखपुर स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 03 पर 11 वर्ष की नाबालिग लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त उक्त नाबालिग लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 4 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट देवरिया को निगरानी के दौरान गाड़ी सं. 15130 में 6 वर्ष का एक नाबालिग लड़का लावारिस हालत में मिला जिसे चाइल्ड लाइन, देवरिया को सुपुर्द किया गया। मानवीय सहायता के अंतर्गत 5 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट छपरा द्वारा निगरानी के दौरान सर्कुलेटिंग एरिया में एक यात्री की तबियत खराब होने पर ईलाज हेतु जिला चिकित्सालय, छपरा में भर्ती कराया गया।5 अगस्त को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट देवरिया एवं टास्क टीम द्वारा निगरानी के दौरान देवरिया स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 1 से एक शातिर अपराधी को 3 अद्द मोबाईल व एक अद्द चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

# रेलवे में तीन चरण में हर घर तिरंगा अभियान

संवाददाता,गोरखपुर

- पहला 2 से 8 तक,दूसरा 9 से 12 व तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा

**अमृत विचार :** गत तीन वर्षो के दौरान 'हर घर तिरंगा' अभियान में राष्ट्रव्यापी रूप से वृहद जन भागीदारी के पश्चात इस वर्ष सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 2 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वर्ष 2022 में हर घर तिरंगा अभियान आरम्भ किया था। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरो पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुड़ाव बनाना है। पिछले कुछ वर्षो में यह अभियान राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव का एक सफल जनभागीदारी आन्दोलन बन गया है। हर घर तिरंगा अभियान का प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त तक द्वितीय चरण 09 से 12 तक तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त, 2025 तक चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत देश भर में 15 अगस्त को घरो, कार्यालयों, संस्थानों, स्टेशनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रमुखता से तिरंगा फहराया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में 02 से 08 अगस्त, 2025 तक स्कूल की दीवारों और बोर्डों पर तिरंगा कला, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली, प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी बनाना, तिरंगा की भावना का जश्न मनाते हुए जवानों और पुलिस कर्मियों को पत्र लिखना, तिरंगा बुनाई और धागे, तिरंगा धागे से जुड़ी गतिविधियाँ तथा देशभक्ति फिल्म महोत्सव आदि कार्यक्रम चलाये जा रहे है। हर घर तिरंगा अभियान के द्वितीय चरण में 09 से 12 अगस्त, 2025 तक तिरंगा महोत्सव, तिरंगा कन्सर्ट, तिरंगा बाईक एवं साईकिल रैली, तिरंगा यात्रा, रेलवे स्टेशनों एवं प्रमुख कार्यालयों पर तिरंगा लाईटिंग एवं डेकोरेशन एवं तिरंगा सेल्फी प्वाइंट आदि कार्यक्रम चलाये जायेंगे।हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तीसरे चरण में 13 से 15 अगस्त तक घरो, कार्यालयों, स्टेशनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर झंडा फहराकर एवं तिरंगे के साथ सेल्फी के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जुड़ाव अभियान चलाया जायेगा, इसके अतिरिक्त तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर वेबसाइट ूर्ण्ीतहींतजपतंदहंण्बवउ पर डाउनलोड कर राष्ट्र स्तर पर जुड़ाव का प्रदर्शन किया जायेगा। रेल प्रशासन की रेलकर्मियों, रेलयात्रियों एवं आमजन से अपील है कि इस तिरंगा महोत्सव में बढ-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरुआत आज से

**गोरखपुर, अमृत विचार :** सीतामढ़ी-दिल्ली-सीतामढ़ी नई अमृत भारत साप्ताहिक एक्सप्रेस का शुभारम्भ 8 अगस्त शुक्रवार को 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन विशेष गाड़ी के रूप में किया जायेगा। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन है। 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन विशेष गाड़ी का सम्भावित समय निम्नवत है। शुक्रवार को सीतामढ़ी से 14 .30 बजे प्रस्थान कर बैरगनिया से 15 .20 बजे, रक्सौल से 16 .15 बजे, नरकटियागंज से 17 .20 बजे, बगहा से 18 .25 बजे, सिसवा बाज़ार से 20 .00 बजे, कप्तानगंज से 20 .35 बजे, गोरखपुर से 21 .40 बजे, बस्ती से 22 .50 बजे, दूसरे दिन गोंडा से 00 .40 बजे, लखनऊ से 03 .45 बजे, कानपुर सेंट्रल से 06 .05 बजे, टूण्डला से 09 .15 बजे तथा गाजियाबाद से 12 .20 बजे छूटकर दिल्ली 14 .00 बजे पहुँचेगी।

**बी0एम0 मेमोरियल डिग्री कालेज,** ककरही बाजार, माडरमऊ, अम्बेडकरनगर

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, उर्दू, चित्रकला, मध्य कालीन इतिहास, गणित, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा) तथा बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, जीव रसायन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं पर्यावरणीय विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता– 02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अंदर अपने अभिलेखों की छाया प्रति के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**भवदीय– रामधारी यादव**
**मो0नं0–8127777056, 9919143033**

# असली-नकली वोटर

संसद में बिहार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की मांग को लेकर हंगामे और शीर्ष अदालत द्वारा सूची की जांच के संकेत दिए जाने के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को कठघरे में लेते हुए महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोटर लिस्ट की गड़बड़ी पर जिस तरह के आरोप लगाए हैं, उससे तो यही साबित होता है कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता पुनरीक्षण का जो काम कर रहा है, वह बिल्कुल सही और अपरिहार्य है। बिहार में करीब 65 लाख लोगों के नाम नई मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, विपक्ष इसे साजिश बता रहा है। ऐसे में मतदाता पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिका पर शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से हटाए गए नामों का विवरण मांगा है। अब इस विवरण की पड़ताल से दूध का दूध और पानी का पानी होने के साथ विपक्षी दलों के आरोपों की सच्चाई भी सामने आ जाएगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। चुनाव आयोग की प्रक्रिया की परख भी हो जाएगी कि बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम वास्तव में सही तरीके से किया गया है या नहीं। सभी राजनीतिक दल भी इस वास्तविकता से भलीभांति परिचित हैं, लेकिन आज के डिजिटल युग में ऐसी किसी भी त्रुटि को जितनी जल्दी हो, समाप्त किया जाना चाहिए। यह चुनाव आयोग का दायित्व है कि देश में कहीं पर भी ऐसे लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न होने पाए, जिनकी मृत्यु हो गई हो अथवा जो स्थायी रूप से अन्यत्र बस गए हों। ऐसे लोग भी वोटर नहीं होने चाहिए, जिनके बारे में यही साफ नहीं है कि वे भारत के नागरिक हैं भी, या नहीं।

इन सवालों के बीच पिछले कुछ समय से लगातार देश में चुनाव चोरी किए जाने का आरोप लगाने वाले और इस बारे में चुनाव आयोग के खिलाफ एटम बम होने की बात कहने वाले राहुल गांधी ने स्क्रीन प्रजेंटेशन के जरिए जिस तरह से संदिग्ध वोटरों तथा फर्जी वोटिंग से जीत-हार बदलने का दावा किया है, उसे नेता विपक्ष की चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की कोशिश कम, भाजपा के खिलाफ सियासी लड़ाई का माहौल खड़ा करने का प्रयास ज्यादा कहा जा सकता है। इसी कारण चुनाव आयोग द्वारा उनसे आरोपों की बयानबाजी से ऊपर उठकर निर्वाचन नियमों के तहत योग्य और अयोग्य मतदाताओं के नाम लिखित में मांगना उचित ही है। इसमें कोई शक नहीं कि देश के संविधान की बुनियाद एक आदमी, एक वोट की है। ऐसे में श्रेयस्कर यही होगा कि चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराए। इस प्रक्रिया में खास तौर पर मल्टीपल वोटर, इनवैलिड फोटो, फर्जी पते वाले वोटर, फार्म-6 से जुड़ने वाले नए वोटरों का सावधानी पूर्वक मिलान जरूरी है। यही नहीं, अगर जरूरी हो तो आधार और वोटर आईडी लिंक भी होना चाहिए, ताकि किसी को भी लोगों के बीच लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया के प्रति संदेह के बीज उत्पन्न करने का मौका न मिल सके।

## प्रसंगवश

# दूध उत्पादन से बदल रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था

अमेरिका अपने यहां के डेयरी उत्पादों को भारत में बेचना चाहता है। इसके लिए वह लगातार दबाव भी बना रहा है, लेकिन सरकार ने इसके लिए अनिच्छा जता दी है। इसकी दो बड़ी वजहें हैं। पहली यह कि अमरीका में दुधारू पशुओं को मांस खिलाया जाता है। इसकी वजह से उनका दूध भारत जैसे धार्मिक देश में इस्तेमाल लायक नहीं है। दूसरी बड़ी वजह है भारत के ग्रामीणों का दुधारू पशुओं पर निर्भरता। अमेरिकी डेयरी प्रोडक्ट आने से वह सीधे कंपटीशन में आ जाएंगे और उन्हें इसका नुकसान होगा।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

भारत दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। दूध उत्पादन देश की ग्रामीण अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। शहरों में बिकने वाला दूध आसपास के गांवों से ही आता है। दूध उत्पादन ने किसानों को आर्थिक तौर पर मजबूत भी बनाया है। इस व्यवसाय में बड़ी संख्या में महिलाएं भी योगदान देती हैं। देश में तकरीबन दस करोड़ व्यक्ति दूध उत्पादन से जुड़े है। इसमें 75 प्रतिशत महिलाएं हैं।

दूध उत्पादन में भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। वैश्विक दूध उत्पादन में पिछले 27 सालों से भारत 239.2 मिलेनियम टन के साथ प्रथम स्थान पर है। पांच राज्य देश में 50 प्रतिशत दूध उत्पाद करते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 3.6 करोड़ टन दूध का उत्पादन होता है।

दूसरा बड़ा राज्य राजस्थान है, जोकि 14.44 प्रतिशत दूध उत्पादन करता है। तीसरा बड़ा राज्य मध्य प्रदेश है जो 8.73 फीसदी दूध का उत्पादन करता है। देश का चौथा बड़ा राज्य गुजरात और पांचवा बड़ा राज्य आंध्र प्रदेश है। दूध की गुणवत्ता पर कीमत निश्चित की जाती है। दुग्ध की बढ़ती कीमत से गांवों में पशुपालन की तरफ लोगों की दिलचस्पी बढ़ती जा रही है। डेयरी उत्पादन में किसानों की भागीदारी अहम मानी जा रही है। गांवों में डेयरी व्यवसाय बढ़ता जा रहा है। छोटे-छोटे गांवों में दुग्ध एकत्रित कर डेयरी पर बेचा जा रहा है। उपरोक्त दुग्ध डेयरी वाहन के माध्यम से शहरों तक पहुंच रहा है। भारत में दुग्ध उत्पादक से जुड़ी करीब 96 हजार सहकारी समितियां हैं। देश में 678 से अधिक डेयरी प्रसंस्करण मौजूद हैं। गुणवत्तायुक्त दुग्ध से व्यवसाय में वृद्धि ही नहीं हुई है, इससे जुड़े लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। इससे सबसे बड़ा फायदा पशुपालक और खेती किसानों को हो रहा है। गांवों में फैट से कीमत निश्चित की जाती है, जिसमें जितना फैट होगा, उसी के आधार से कीमत नक्की की जाती है।

गांवों में 63 से 65 रुपये के हिसाब से फैट पर कीमत रहती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसान दुग्ध उत्पादन में रुचि रख रहे हैं और उनके आय के स्त्रोत से परिवार के लिए आर्थिक परेशानियों में कमी आई है। हर किसान के हाथ में खर्च करने के लिए पैसे रहते हैं। 2022-23 में कुल दूध का उत्पादन 230.58 मिलिनीयम टन था और इसी अवधि में प्रति व्यक्ति उपलब्धता 406 ग्राम प्रतिदिन थी। गुजरात दूध उत्पादन में सबसे आगे है। यहां सहकारी समितियों के अलावा कई अन्य संस्थाएं और संगठन भी हैं, जो डेयरी क्षेत्र में काम करते हैं। राजस्थान में 18 हजार से ज्यादा सहकारी समितियां हैं। पशु पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन गया है। पशुओं से न सिर्फ खेतों की जोत हो रही है, बल्कि दूध उत्पादन भी हो रहा है। फलस्वरूप किसान को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। बिहार में कुल आठ जिला स्तरीय दूध उत्पादक संघ हैं, जो 38 जिलों को कवर कर दूध सप्लाई करते हैं। 2014 के बाद केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन शुरू किया है। तब से दूध उत्पादन में 63.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अब देश आगामी वर्षों में 239 एमएमटी के लक्ष्य से बढ़कर 300 एमएमटी लक्ष्य के निर्धारण से आगे बढ़ेगा। 15 प्रतिशत दूध उत्पादन में वृद्धि का लक्ष्य के साथ भारत किसानों की मेहनत से आगे बढ़ रहा है। भारत में प्रति व्यक्ति दूध का उत्पादन 471 ग्राम है। सरकार ने 2025-26 के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं। दूध उत्पादन में वृद्धि करना और प्रजनन में उच्च अनुवांशिक योग्यता वाले सांडों के उपयोग को बढ़ावा देना है।



आप जीवन में वह सब कुछ पा सकते हैं जो आप चाहते हैं, बशर्ते आप दूसरों को उनकी इच्छाएं पूरी करने में मदद करें।
-जिग जिगलर

# मानव अधिकारों और गरिमा के खिलाफ है रैगिंग





रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

नया सत्र शुरू होते ही रैगिंग का डर नये छात्रों का सताने लगता है। रैगिंग पर लगाम लगाने के लिए नियम कानून से लेकर तमाम दिशा-निर्देश सुप्रीम कोर्ट और यूजीसी समय-समय पर देता रहा है। बावजूद इसके रैगिंग हर साल रूप-रंग बदलकर होती रहती है। हर साल देश भर से रैगिंग के तमाम मामले सामने आते हैं। रैगिंग का इतिहास उठाकर देखें तो दुनिया में अलग-अलग नामों से इसे पहचाना जाता है। इसको हेजिंग, फेगिंग, बुलिंग, प्लेजिंग और हॉर्स प्लेइंग के नामों से जाना जाता है। किसी भी तरह का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, मानवीय गरिमा को भंग करने वाला कोई काम, लिख-बोलकर किसी का अपमान करना या चिढ़ाना, डराना या धमकी देना, घर में बंद करना आदि कार्य को रैगिंग माना जाता है।

माना जाता है कि सात से आठवीं शताब्दी में ग्रीस के खेल समुदायों में नए खिलाड़ियों में स्पोर्ट्स स्प्रिट जगाने के उद्देश्य से रैगिंग की शुरुआत हुई। इसमें जूनियर खिलाड़ियों को चिढ़ाया और अपमानित किया जाता था। यह कार्य समय के साथ-साथ बढ़ता गया और रैगिंग में बदलता गया। इसके बाद सेना में भी इसको अपनाया गया। खेल और सेना के बाद रैगिंग से शिक्षण संस्थान भी नहीं बचे और छात्रों ने इसको अपनाकर भयावह रूप दे दिया। रैगिंग का भयावह रूप हॉस्टल रैगिंग में दिखाई देता है। हॉस्टल रैगिंग के दौरान छात्रों को नंगे बदन नाचने से लेकर अपना पेशाब पीने तक के लिए मजबूर किया जाता है। इन प्रताड़नाओं से बचने के लिए अक्सर छात्रों को मजबूरन हॉस्टल छोड़ने पड़ता है। कड़ी मेहनत और अभिभावकों के अथक प्रयासों के बाद ही किसी अच्छे संस्थान में दाखिला मिल पाता है। सारे प्रयासों और मेहनत पर तब पानी फिर जाता है, जब रैगिंग रूपी दानव से घबराकर छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं या फिर रैगिंग के चलते अपनी जान गंवा देते हैं।

अब जब देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नये छात्रों के प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है, यूजीसी ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उसने रैगिंग से कड़ाई से निपटने का निर्देश दिया है। दरअसल, विभिन्न प्रसंगों में देखा गया है कि सीनियर छात्र नये छात्रों को परेशान करने के लिए नये तौर-तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं। रैगिंग पर यूजीसी विनियमन, 2009 का पालन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनिवार्य है। यूजीसी के मुताबिक, ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि सीनियर छात्र अनौपचारिक व्हाट्सएप समूह बनाकर नये छात्रों को उससे जुड़ने के लिए बाध्य करते हैं। फिर छात्रों के मानसिक उत्पीड़न का सिलसिला आरंभ हो जाता है। यहां तक कि भयाक्रांत होने से कई छात्र विश्वविद्यालय या कॉलेज छोड़ने तक के लिए बाध्य हो जाते हैं। यही वजह है कि यूजीसी ने नये छात्रों को परेशान करने के इस नये तरीके के प्रति शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों को चेताया है कि ऐसे मामले भी रैगिंग विरोधी नियमों के दायरे में आते हैं। इन मामलों में भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में वर्ष 2020 से 2024 के दौरान रैगिंग के कारण से 51 छात्रों की मौत हो गई। सोसाइटी अगेंस्ट वायलेंस इन एजुकेशन नामक संस्था द्वारा प्रकाशित 'स्टेट ऑफ रैगिंग इन इंडिया 2022-24' रिपोर्ट में इस तथ्य को उजागर किया गया है। रिपोर्ट में मेडिकल कॉलेजों को भी रैगिंग की शिकायतों के लिए हॉटस्पॉट के रूप में पहचाना गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मेडिकल कॉलेज चिंता का एक विशेष क्षेत्र हैं, क्योंकि 2022-24 के दौरान कुल शिकायतों का 38.6 प्रतिशत मेडिकल कॉलेज से ही संबंधित हैं, जबकि गंभीर शिकायतों का 35.4 प्रतिशत और रैगिंग से संबंधित मौतों का 45.1 प्रतिशत हिस्सा है। कुल छात्रों का केवल 1.1 प्रतिशत ही रैगिंग से संबंधित है। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि इस अवधि के दौरान रैगिंग के कारण 51 छात्रों की जान चली गई, जो कोटा में दर्ज 57 छात्रों की आत्महत्याओं से लगभग बराबर है।' लेखकों ने दावा किया कि शिकायतों की संख्या रिपोर्ट में दी गई संख्या से कहीं अधिक थी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'ऐसा नहीं है कि पूरे भारत में तीन वर्षों में केवल 3,156 रैगिंग की शिकायतें दर्ज की गईं। ये केवल राष्ट्रीय एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर दर्ज की गई शिकायतें हैं। बड़ी संख्या में शिकायतें सीधे कॉलेजों में दर्ज की जाती हैं, और अगर मामला गंभीर है तो सीधे पुलिस में भी दर्ज की जाती हैं।'

रैगिंग के खिलाफ देश में कई बड़े अभियान छेड़े जा चुके हैं, मगर ये रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते मार्च में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी थी कि 2024 में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की सबसे अधिक 33 शिकायतें उत्तर प्रदेश से आईं, जबकि बिहार में इस तरह की 17, राजस्थान में 15 और मध्यप्रदेश में 12 शिकायतें मिलीं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन, हर कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी, विश्वविद्यालय स्तर पर निगरानी और यूजीसी की हेल्पलाइन, इन सबके बावजूद रैगिंग की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। यूजीसी हेल्पलाइन पर पिछले एक दशक में रैगिंग की 8,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं और रैगिंग से जुड़ी मौतों का आंकड़ा भी भयावह है। 2012 से 2022 के बीच रैगिंग की शिकायतों में 208 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

किसी भी तरह का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, मानवीय गरिमा को भंग करने वाला कोई काम, लिख-बोलकर किसी का अपमान करना या चिढ़ाना, डराना या धमकी देना, घर में बंद करना आदि को रैगिंग माना जाता है।

## आमने सामने




बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट में तीन तरह की धांधलियां हुई हैं। यहां या तो घर का पता होता ही नहीं है, या तो फिर एड्रेस जीरो है, हाउस नंबर जीरो, स्ट्रीट नंबर जीरो, या फिर घर के पते को वेरीफाइड ही नहीं किया जा सकता है। ऐसे 40 हजार वोटर हैं।
**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता

राहुल गांधी को आठ अगस्त 2025 को दोपहर एक से तीन बजे के बीच मुलाकात की अनुमति दी गई है। SSR 2025 के ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट कांग्रेस को नवंबर 2024 व जनवरी 2025 में दे दी गई थी। कांग्रेस ने प्रथम या द्वितीय स्तर की आपत्ति या अपील दाखिल नहीं की।
**वी अंबुक कुमार**, कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



# वन उन्मूलन बन रहा है सर्वनाश का कारण



प्रयाग पाण्डे
स्वतंत्र लेखक

उत्तरकाशी के धराली गांव में पांच अगस्त को हुई त्रासदी भयावह है। इस त्रासदी ने स्पष्ट कर दिया है कि उत्तराखंड का पारितंत्र मानव के बेजा हस्तक्षेप के दुप्रभावों को सहन करने की स्थिति में नहीं है। धराली की इस अत्यंत कष्टकारी विनाशलीला ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रथम दृष्टया इसे प्राकृतिक आपदा कहा जा सकता है, लेकिन इस त्रासदी के लिए हमारे नीति-नियंताओं और योजनाकारों द्वारा प्राकृतिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने और उसमें बाधा उत्पन्न करने की अदूरदर्शी एवं अवैज्ञानिक सोच भी किसी हद तक जिम्मेदार है।

उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाएं कम या अधिक संख्या में आती रही हैं। पिछले एक सौ सालों में उत्तराखंड में बादल फटने, अति वृष्टि, भू-स्खलन और बाढ़ जैसी चालीस से अधिक बड़ी आपदाएं आईं हैं। इन हादसों में हजारों निर्दोष लोगों को अपने बहुमूल्य जीवन से हाथ धोना पड़ा है। ग्रामीण समाज के जीविकोपार्जन के मूलाधार हजारों मवेशी मारे गए। बेहिसाब उपजाऊ जमीन बह गई। आज से बारह वर्ष पहले 17 जून, 2013 को केदारनाथ में आई तबाही उत्तराखंड में अब तक आपदाओं के इतिहास में सबसे बड़ी विनाशकारी घटना है। केदारनाथ में आई आपदा ने हजारों लोगों का जीवन लील लिया था। अनेक गांव-कस्बे निगल लिए थे।

केदारनाथ की इस विध्वंसकारी आपदा से हमारे नीति-नियंताओं और योजनाकारों ने कोई सबक नहीं लिया। उत्तराखंड के अति संवेदनशील क्षेत्रों के नाजुक पर्यावरण के साथ सहजीवी संबंध स्थापित करने की कोई ठोस एवं कारगर पहल नहीं की गई। इसके विपरीत योजनाकारों की अदूरदर्शिता ने उत्तराखंड की संवेदनशील और नाजुक पहाड़ियों को सुरंगों के जरिए क्षत-विक्षत करने, जल विद्युत परियोजनाओं, मोटर सड़कों के नव निर्माण अथवा चौड़ीकरण की प्रक्रिया में बेशकीमती अनगिनत पेड़ों के कटान के द्वारा प्राकृतिक आपदाओं की मारक क्षमता को बढ़ाया है।



उत्तराखंड की नदियों में बन चुकी या निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएं, अवैज्ञानिक तरीके से बन रही मोटर सड़कें विनाश को न्यौता दे रही हैं। सुरंगों ने पहाड़ की छाती को छलनी कर दिया है। सुरंगों से निकले मिट्टी- मलबे ने पर्यावरण के लिए गंभीर संकट पैदा कर दिया है। पारितंत्र की एक वहन क्षमता होती है। अवैज्ञानिक एवं अति दोहन से प्रकृति का रूठना तय है। उत्तराखंड में वन उन्मूलन की रफ्तार बढ़ी है। कहते हैं वन उन्मूलन पर्यावरणीय सर्वनाश का कारण बनता है। जलवायु में अनिश्चितता की वजह भी वन उन्मूलन को ही माना जाता है। सिमटते वन आवरण ने मध्य हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के ढलानों पर अपरदन की दर में वृद्धि कर दी है, जिसके कारण भू-स्खलनों की रफ्तार और मारक क्षमता बढ़ी है।

बादल फटने की घटनाओं से हो रही व्यापक क्षति के लिए वनावरण का कम होना मुख्य कारण माना जाता है। उत्तराखंड के जंगलों में चौड़ी पत्ती वाले जंगल सिकुड़ रहे हैं। उनके स्थान पर चीड़ जैसे पर्यावरण विरोधी जंगलों का विस्तार हो रहा है। चौड़ी पत्ती वाले वन मिट्टी के कणों को बांधे रखते हैं। भारी वर्षा के बहाव को रोके रखते हैं। भूमिगत जल की आपूर्ति को बनाए रखते हैं। ऐसे वन न हों तो मृदा अपरदन होता है। प्राकृतिक वनस्पति के विनाश से जमीन की ऊपरी मिट्टी क्षतिग्रस्त हो जाती है। इसका पुनः जमना असंभव है। प्रकृति एक इंच ऊपरी मिट्टी बनाने में लगभग एक सौ वर्ष लेती है।

सड़क आदि के निर्माण प्रक्रिया में सदियों से जमीं मिट्टी की मजबूत ऊपरी परत के नष्ट हो जाने से भू-स्खलन की घटनाएं बढ़ने लगती हैं।

सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में निकले मिट्टी-मलबे को ढलानों में लुढ़का देने से पहाड़ियों की मूल वनस्पति नष्ट हो जाती है। इससे प्राकृतिक पुनर्जनन क्षमता कम हो जाती है। उत्तराखंड में निर्बाध गति से चल रहे वैध अथवा अवैध खनन गतिविधियों ने भी यहां के पहाड़ों को खोखला कर दिया है। खनन प्रक्रियाएं पहाड़ियों को कमजोर कर रही हैं, जिससे भू- स्खलनों की घटनाएं बढ़ रही हैं और नदियों में गाद की समस्या उत्पन्न हो रही है। नदियों के पुराने पाटों और क्षतिग्रस्त पहाड़ों के मलबे के ढेर में कस्बे बस रहे हैं। भार वहन क्षमता का वैज्ञानिक आकलन किए बिना नदियों के किनारे बहुमंजिली इमारतें बन रही हैं। गांव कस्बों में बदल गए हैं और कस्बों ने शहरों का स्वरूप ग्रहण कर लिया है। विकास के पर्यावरण विरोधी और घोर अवैज्ञानिक इस मॉडल ने धराली आपदा के बहाने उत्तराखंड के सामने अनेक गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

उत्तराखंड के जंगलों में चौड़ी पत्ती वाले जंगल सिकुड़ रहे हैं। ये वन मिट्टी के कणों को बांधे रखते हैं। भारी वर्षा के बहाव को रोकते हैं। ऐसे वन न हों तो मृदा अपरदन होता है।

## सामयिकी

# वर्तमान में आर्थिक द्वंद्व बन चुका है युद्ध की परिभाषा

वर्तमान वैश्विक परिप्रेक्ष्य में युद्ध की नई परिभाषा आर्थिक द्वंद्व बन चुकी है। अब परंपरागत सेनाएं नहीं, बल्कि टैरिफ, व्यापार प्रतिबंध और बाजार हेरफेर के माध्यम से राष्ट्रों को गिरोहबद्ध किया जा रहा है। अमेरिका भारत के व्यापारिक उत्पादों पर ऊंचे टैरिफ लगा रहा है। निरंतर धमकी दी जा रही है। रूस से सस्ता तेल न खरीदने का दबाव डाला जा रहा है। दूसरी ओर, चीन की बाज़ारी तरंगें अपनी सस्ती, लेकिन गुणवत्ताहीन वस्तुओं के साथ भारतीय कारीगरों, छोटे व्यवसायों और स्टार्टअप्स के जीवन को संकटग्रस्त कर रही हैं।

यह केवल व्यापार नहीं, एक आर्थिक युध्द है, जिसमें भारत को आत्मनिर्भर, विकसित राष्ट्र बनने से रोकने की रणनीति रची जा रही है। साथ ही, पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थित देशों को कुछ अंतरराष्ट्रीय शक्तियां आर्थिक और सामरिक रूप से सशक्त कर रही हैं। क्या यह आर्थिक आतंकवाद और हमारी सुरक्षा के लिए एक बड़े खतरे का आधुनिक प्रतिरूप नहीं?



डॉ. मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

ऐसे दौर में, भारत के उपभोक्ताओं की सूझबूझ, सही उत्पाद का चयन ही राष्ट्र के भविष्य का निर्धारण करेगा। हर भारतीय को यह दृढ़ संकल्प करना होगा कि जब भी वह बाजार से कोई वस्तु खरीदे या व्यापार करे, विशेषकर त्योहारों में, वह उस देश का चुनाव न करे जो भारत की सीमाओं पर हथियार खड़ा करता है। भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खड़ा होता है, या हमारे विकास को बाधित करता है। अब सवाल केवल यह नहीं है कि वस्तु सस्ती या सुंदर है, बल्कि यह है कि क्या उसका चयन हमारे राष्ट्र के हित में है?

हम भारतीयों को स्वयं निर्णय लेना होगा कि आगामी त्योहारों जैसे रक्षाबंधन पर क्या राखियां चीन से आएंगी या भारत के कारीगरों के हाथों से बनी होंगी? श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की झांकियां, दीपक और सजावट के लिए क्या विदेशी प्लास्टिक की वस्तुओं का चयन करेंगे या स्वदेशी शिल्पकारों के श्रम को बढ़ावा देंगे? नवरात्रि और दुर्गा पूजा के पूजन-सामग्री, सजावट और श्रृंगार में 'मेड इन इंडिया' वस्तुएं लेने का संकल्प करेंगे या पुनः विदेशी विकल्प चुनेंगे? दीवाली की रोशनी, उपहार, मिठाइयां और साज-सज्जा आदि का सामान क्या स्वदेशी ब्रांड्स का समर्थन करेंगे? भैया दूज पर क्या उपहार भारत में बने होंगे? त्यौहार ही क्यों हमेशा ही हमें 'भारत में, भारतीयों द्वारा बने उत्पाद' को महत्व देने का संकल्प लेना होगा, क्योंकि यह भारत की आर्थिक स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की कवायद है। पारिवारिक बजट के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले यज्ञ में आहुति है। यह स्वदेशी यज्ञ निश्चित रूप से मंगल करेगा लाखों स्थानीय कारीगरों का। महिला स्व-सहायता समूहों का। स्वरोजगार करने वाले युवाओं और छोटे उद्यमियों का और अंत में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को।

हमें यह भी समझना होगा कि राष्ट्रभक्ति का स्वरूप अब केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं रहा। 'आर्थिक विवेक' ही आज की सबसे बड़ी राष्ट्रभक्ति है। हर 'मेड इन इंडिया' उत्पाद की बिक्री एक सैनिक की हिम्मत है। एक किसान की उपज है। एक शिल्पकार की आशा है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वहीं, भारत के खिलाफ खड़े, भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने में लगे विदेशी देशों के उत्पादों का चयन हमारी आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का आकर्षक सामना।अतः त्योहारों के दिन मात्र बधाई देने या खुशियां बांटने के लिए नहीं, अपितु राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का भी अवसर है। जब अगली बार बाज़ार जाएं, तो खुद से यह प्रश्न अवश्य पूछें, 'क्या मैं भारत के साथ हूं, या भारत विरोधियों के साथ?' यदि उत्तर 'भारत के साथ' है, तो खरीदारी के पहले पैकेजिंग का लेबल ज़रूर पढ़ें, क्योंकि हर उपभोक्ता आज एक सिपाही है, और हर स्वदेशी उत्पाद भारत विरोधी आर्थिक हथियारों के विरुद्ध एक गोलाबारी है।

## सोशल फोरम

# विलुप्त होने की कगार पर है 'गोकुल गाय'



भारत के विभिन्न प्रदेशों में अति-लोकप्रिय यह लाल सुर्ख रंग का खूबसूरत मखमली कीट पहले वर्षा ऋतु में काफी संख्या में दिखाई देता था। 'तीज' नामक इस कीट को 'गोकल गाय' के नाम से भी जाना जाता है, इसलिए कोई इसे क्षति भी पहुंचाने का प्रयास नहीं करता था।

जाने क्यों इस खूबसूरत कीड़े को वीर बहूटी कहते हैं। यह बहुत डरपोक और शर्मीली होती है। इसे जैसे ही छूते हैं या हाथ पर उठाते हैं, ये अपने छोटे-छोटे पैरों को सिकोड़ कर मखमल की गोली जैसी हो जाती है। जैसे ही इसे एहसास होता है कि खतरा टल गया है, यह फिर से रेंगने लगती है। बारिश रुकने पर खेतों में बड़ी संख्या में यह कीड़ा रेंगता हुआ मिल जाएगा। गांव में बच्चे इसे हथेली पर लेकर घूमते हैं। इसे बोतल में रखते हैं। कई बार छोटे बच्चे उसमें चावल के कुछ दाने डाल देते थे। इससे कुछ दिनों बाद वह चावल लाल रहो जाते थे। बच्चे महुए या आम के पत्तों की नाव बनाकर उस पर इस छोटे कीड़े को रखकर छोटे गड्ढों में छोड़ देते हैं। यह मजे से तैरती रहती है।



डॉ. आलोक खरे
शिक्षक

इस कीज का इस्तेमाल दवाओं के लिए भी किया जाता है। 'तीज' नाम का यह कीट आजकल वर्षा ऋतु में बिलकुल दिखाई नहीं देता है। कृषि के लिए खेत-खलियानों में कीटनाशक दवाईयों के प्रयोग के कारण कई कीट-पतंगों और पक्षियों की प्रजातियों के साथ हमारी ये 'तीज' भी लुप्त होने जा रही है। इस कीट को हिन्दी में बीर बहुटी, संस्कृत में इन्द्र गोप और अंग्रेजी में 'रेड वेलवेट माइट' या 'रेड माइट' कहा जाता है, लेकिन वैज्ञानिकों ने इसका नाम Trombidium grandissimum दिया है। हमारे द्वारा प्रकृति के साथ की जा रही कई तरह की छेड़छाड़ से हम प्राकृतिक सौंदर्य को खोते जा रहे हैं, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां प्राकृतिक सौंदर्य को देखने से वंचित रह जाएंगी।

-फेसबुक वाल से

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# हाइड्रोपोनिक्स खेती

## एक नये कृषि युग की शुरुआत







## कमरे व छत बनेंगे एक्वेरियम घर-घर सब्जी-फलों की खेती

घर में मछलियों के लिए एक्वेरियम रखने की तर्ज पर अगर आने वाले समय में खेती होने लगे तो आश्चर्य नहीं होगा। भारत ने भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा दिया है। बात हो रही है, 'हाइड्रोपोनिक्स खेती' की, जिसे न ज्यादा पानी चाहिए और न मिट्टी। यह तकनीक नई हरित क्रांति के साथ नये कृषि युग की दस्तक दे चुकी है। इसे बढ़ावा मिलने का बड़ा कारण शहरीकरण के साथ घटती खेती योग्य जमीन है। हाइड्रोपोनिक्स खेती के जरिए विभिन्न सब्जियां जैसे टमाटर, खीरा, सलाद, मिर्च, पालक के अलावा कई प्रकार के फल, जड़ी-बूटियां और फूल आसानी से उगाए जा सकते हैं। नासा ने इस तकनीक का इस्तेमाल अंतरिक्ष में फसल उगाने के लिए किया था।

तेजी से होते शहरीकरण के कारण खेती योग्य भूमि घट रही है, जल संकट बढ़ रहा है। तमाम बीमारियों से सतर्क, सचेत लोग अब ज्यादा जैविक व कीटनाशक-मुक्त सब्जी व फलों की ओर मुड़ रहे हैं। भोजन की गुणवत्ता को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो गए हैं। इस माहौल में हाइड्रोपोनिक्स खेती प्रभावी समाधान बनकर उभर रही है। इस तकनीक में पौधे मिट्टी की जगह पानी में घुले पोषक तत्वों की मदद से उगाए जाते हैं। इस पद्धति से पारंपरिक खेती के मुकाबले उत्पादन अधिक होता है।

मिट्टी का उपयोग न होने से कीटों और बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। मौसम की निर्भरता छोड़कर पूरे साल फसलें उगाई जा सकती हैं। जिस तरह एक्वेरियम में मछलियों का मल पौधों के लिए प्राकृतिक खाद बन जाता है, और पौधे पानी साफ करते हैं। उसी तर्ज पर हाइड्रोपोनिक खेती में पौधों को ऑक्सीजन मिलती है। एक्वेरियम जैसे राजस्थान के सोलर हाइड्रोपोनिक फार्म इसके बेहतरीन उदाहरण हैं।

**80%**

**भारत के कुल जल उपयोग का हिस्सा लेती है पारंपरिक खेती। हाइड्रोपोनिक्स में पानी का इस्तेमाल 90 फीसदी तक कम हो जाता है।**



विकसित देशों में इस अनोखी खेती पर तेजी से काम हो रहा है। देश में भी इसे अभियान के रूप में लेना चाहिए। फलों और हरी सब्जियों को उगाने में यह तरीका काफी कारगर है।
–एसएम प्रसाद, वरिष्ठ वैज्ञानिक



राज्य सरकार कई प्रोत्साहन हाइड्रोपोनिक्स खेती के स्टार्टअप को दे रही है। अभी जागरुकता की आवश्यकता है।
– डॉ. अखिलेश कुमार दुबे
वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ।

### सस्ता बनाने का काम अभी चुनौतीपूर्ण

हाइड्रोपोनिक्स के सफर में चुनौतियां कम नहीं हैं। एक उन्नत हाइड्रोपोनिक फार्म के लिए काफी निवेश करना पड़ता है। ऐसे में इसे सस्ता और व्यवहारिक बनाना चुनौती है। लेकिन इस नवाचार में मौके और लाभ भी बहुत हैं।

## दुनिया भर में तेजी से बढ़ रहा नई खेती का बाजार

दुनिया भर में हाइड्रोपोनिक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। 2024 में इसका अनुमानित मूल्य करीब 14.57 बिलियन डॉलर था, जो 2032 तक 34.32 बिलियन डॉलर पहुंच सकता है। भारत में हाइड्रोपोनिक्स का बाजार साल 2023 में लगभग 218.75 मिलियन डॉलर था, जो 2035 तक 10 गुना बड़ा आकार ले सकता है।

### तकनीक आधारित हरित क्रांति वाली कंपनियों को मिला निवेश

**भारत सहित कई देश हाइड्रोपोनिक्स तकनीक अपनाने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और अन्य सहायता दे रहे हैं। अर्बन किसान नामक बेंगलुरु की कंपनी को तीन मिलियन डॉलर का निवेश मिला था।**

- हैदराबाद की क्लोवर कंपनी ने बड़े पैमाने पर हाइड्रोपोनिक सिस्टम तैयार किए हैं। उसे 5.5 मिलियन डॉलर का निवेश मिला था। चेन्नई की फ्यूचर फार्म्स को दो मिलियन डॉलर फंड मिल चुका है। देश में न्यूट्रीफ्रेश, लेटसेट्रा एग्रीटेक जैसी कई कंपनियां इस क्षेत्र में सक्रिय हैं।

### 60% देश में है, इस तकनीक से खेती की वाणिज्यिक हिस्सेदारी

भारत में हाइड्रोपोनिक्स तकनीक तेजी से शहरों में लोकप्रिय हो रही है। इसके मुख्यतया तीन क्षेत्र हैं। इनमें वाणिज्यिक हाइड्रोपोनिक्स बाजार का करीब 60 प्रतिशत हिस्सा रखता है। इसमें बड़े पैमाने पर फॉर्म शामिल हैं, जो रिटेल और फूड इंडस्ट्री को ताजी सब्जियां और फल आपूर्ति करते हैं। घरेलू या शहरी खेती का बाजार में हिस्सा 25 प्रतिशत है, जबकि अनुसंधान और शिक्षा का योगदान करीब 15 प्रतिशत है। इसमें विश्वविद्यालय और संस्थान नई तकनीकों पर रिसर्च कर रहे हैं और भविष्य के एग्री-टेक एक्सपट्र्स को ट्रेनिंग दे रहे हैं।

**लेखक**
**अजय दयाल**

## ... एआई का यूजर फ्रेंडली चरित्र कहीं बड़ी समस्या न बन जाए



हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में आर्टिफ़िशियल इंटलिजेंस या एआई का इस्तेमाल लगातार बढ़ता जा रहा है। इंटरनेट पर किसी सवाल का जवाब या जानकारी ढूंढनी हो, ईमेल लिखना हो या कोई गाना सुनना हो, इन सभी में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल हो रहा है । यहां तक कि लोग इसे रोजमर्रा के कामों में इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ यूजर्स तो AI से सलाह भी ले रहे हैं। लेकिन क्या हम इस पर ज़रूरत से ज़्यादा निर्भर नहीं होते जा रहे हैं? इससे हमारी सोचने की क्षमता कमज़ोर पड़ रही है । आत्मविश्वास कम होता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई चैटबॉट्स को ऐसा डिजाइन किया गया है कि वे हमेशा यूजर फ्रेंडली रहें। यानी उनकी बात मानें और उनसे सहमत हों। चैटबॉट्स के इस व्यवहार को 'साइकोफैंटिक' कहा जाता है। एक स्टडी में बताया गया है कि चैटबॉट्स उन लोगों को गलत सलाह दे सकते हैं जो भ्रम या अवसाद जैसी मानसिक समस्या से जूझ रहे हैं। गार्जियन समाचार पत्र में इस संबंध में प्रकाशित समाचार के अनुसार न्यू यॉर्क में जब किसी ने पूछा कि मेरी जॉब जा चुकी है और मुझे 25 मीटर ऊंचे पुलों के नाम बताओ, तो चैटबॉट ने जवाब दे दिया। इस तरह की बातों से तो एआई आत्महत्या के विचार को बढ़ावा दे सकता है। इस तरह की एक अलग घटना में दो माह पहले फ्लोरिडा में 35 साल के एक युवक को पुलिस ने गोली मार दी। पीड़ित के पिता ने बताया कि उनका बेटा मानता था कि चैटजीपीटी में जूलियट' नाम की आत्मा कैद है, जिसे ओपनएआई ने मारा है। युवक बाइपोलर डिसऑर्डर और सिजोफ्रेनिया से ग्रसित था। जब पुलिस ने उसे रोकना चाहा, तो उसने चाकू से हमला करने की कोशिश की थी।

### ऐसी भाषा गढ़ सकता है एआई जिसे समझना मुश्किल होगा

- एआई को लेकर इस संभावना के बीच की जल्दी ही वह इंसानी दिमाग को मात दे देगा, एआई के जन्मदाता और गॉडफादर कहे जाने वाले डॉ. जियोफ्री हिंटन ने अपनी खोज के भविष्य को लेकर कुछ आशंकाएं प्रकट की हैं। हिंटन का कहना है कि उन्हें यह डर लग रहा है कि एआई आने वाले समय में अपने लिए एक ऐसी भाषा गढ़ सकता है, जिसे इंसान न तो आसानी से समझ पाएंगे और न ही नियंत्रित कर पाएंगे। इससे बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हिंटन की बात को एआई को लेकर बड़ी चेतावनी माना जा रहा है। हिंटन का कहना है कि एआई जैसे-जैसे ज्यादा ताकतवर होंगे और आपस में जुड़ते चले जाएंगे, वैसे-वैसे उनका व्यवहार समझना हमारे लिए मुश्किल भरा काम होता जाएगा।

## नए उत्पाद गैजेट




### सैमसंग गैलेक्सी में लो-लाइट फोटोग्राफी का नया मजा

- इस समय सैमसंग के आने वाले नए फोन Galaxy S26 Ultra की काफी चर्चा है। जानकारी के मुताबिक ये नया फ्लैगशिप फोन मौजूदा Galaxy S25 Ultra के मुकाबले कई बड़े अपग्रेड्स के साथ आएगा। भारत में जनवरी 2026 में उपलब्ध होने वाले इस नए फोन में पहले से खास कैमरा, चार्जिंग स्पीड और चिपसेट दिए जाने की जानकारी मिली है। गैलेक्सी S26 Ultra में कैमरा 200 मेगापिक्सल का ही रहेगा, लेकिन इसे f/1.4 के बड़े अपर्चर के साथ पेश किया जाएगा, जो मौजूदा फोन के मुकाबले ज्यादा लाइट कैप्चर कर पाएगा। इसका फायदा यह होगा कि लो-लाइट फोटोग्राफी अब और बेहतरीन होगी और फोटो में अधिक डिटेल और शानदार बोके इफेक्ट के साथ पोट्रेट्स इफेक्ट भी मिलेगा। इसकी शुरुआती कीमत भारत में एक लाख 59 हजार रुपये के आसपास हो सकती है।

### मच्छरों को मार गिराने वाली पोर्टेबल लेजर डिवाइस आई



- अभी आपने मच्छर मारने वाले रैकेट इस्तेमाल किया होगा। लेकिन एक ऐसा डिवाइस मार्केट में आया है, जो हवा में ही मच्छर का काम तमाम कर देता है। इसके लिए आपको डिवाइस पकड़ने की भी जरूरत नहीं होगी। Photon Matrix मच्छरों को मारने वाला दुनिया का पहला पोर्टेबल लेजर डिवाइस है। इस चीनी डिवाइस का दावा है कि यह मात्र 3 मिलीसेकेंड में मच्छर के साइज, दिशा और शरीर के बारे में पता लगा लेता है। डिवाइस लेजर लाइट के जरिए वस्तुओं की जगह को समझता है। लेजर के जरिए जैसे ही डिवाइस को मच्छर की उपस्थिति का पता चलता है, वह तुरंत गैल्वेनोमीटर-निर्देशित लेजर का यूज करके उसे मार गिराता है। हालांकि इसकी कीमत 498 डॉलर होने से यह बड़े सभागारों और संस्थानों के लिए ही उपयोगी है।

### देश की पहली हाइब्रिड टॉर्च लेकर आई एवरेडी




- एवरेडी इंडस्ट्री ने देश की पहली हाइब्रिड टॉर्च लॉन्च की है। यह रीचार्जेबल और बैटरी ऑपरेटेड है। इसमें एक वॉट की सुपर-ब्राइट एलईडी और फास्ट चार्जिंग यूएसबी टाईप-सी पोर्ट लगा है। इसकी कीमत 399 रुपये है। एवरेडी का यह नेक्स्ट-जैन हाइब्रिड टॉर्च एक वॉट की पावरफुल सुपर-ब्राइट फ्रंट एलईडी और एक वॉट साइड लाइट के साथ आता है। दोनों एलईडी एक टिकाऊ एबीएस प्लास्टिक बॉडी में फिक्स की गई हैं। इसकी अनूठी फ्लैश लाइट इनबिल्ट रीचार्जेबल बैटरी के साथ आती है, जो फास्ट चार्जिंग यूएसबी टाईप-सी पोर्ट के जरिए केवल ढाई घंटे में चार्ज हो जाती है। इसे 3 एए बैटरियों पर भी चलाया जा सकता है।

## संक्रमण रोकेगा, कपड़े से दुर्गंध भी नहीं आएगी

कपड़ा इंफेक्शन रोकेगा और इससे बने रुमाल और मोजे बदबू भी नहीं मारेंगे। इस तरह के कपड़े को चांदी के नैनोपार्टिकल से तैयार किया जाएगा। उत्तरप्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान ( यूपीटीटीआई ) ने इस तकनीक को खोज निकाला है। इस कपड़े की एक और खास बात यह होगी कि यह आग नहीं पकड़ेगा ।यूपीटीटीआई में चांदी के नैनोपार्टिकल से कपड़ा बनाने वाली मशीन जापान से मंगाई गई है ।इस मशीन से तैयार किए गए कपड़े को लेकर संस्थान में शोध चल रही है।




### कैंसर और अल्जाइमर के इलाज में अमीनो एसिड की पहचान

मानव शरीर में प्रोटीन को अहम अणुओं में गिना जाता है। ये सूक्ष्म मशीनों की तरह बात करने, सुनने और स्वाद लेने में भूमिका निभाते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए इनका सही ढंग से काम करना जरूरी होता है। प्रोटीन अमीनो एसिड से बनते हैं। 20 अलग-अलग प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं और वे प्रोटीन के रूप, आकार और संरचना को तय करते हैं। इसमें थोड़ी भी गड़बड़ी शरीर में घातक बीमारियां पैदा कर सकती है। लेकिन अमीनो एसिड की अंत:क्रिया से होने वाली गड़बड़ियों को रोकने की राह अब खुल गई। आईआईटी कानपुर में प्रोटीन संरचनाओं में सेरीन और थ्रेओनीन नामक अमीनो एसिड की पहचान की गई है जो दूसरे अमीनो एसिड से मिलने पर हाइड्रोजन बांड का निर्माण करके प्रोटीन संरचना को स्थिरता देते हैं। इससे अल्जाइमर, पार्किंसन व कैंसर रोग में अमीनो एसिड के जुड़ाव को नियंत्रित कर रोग का उपचार किया जा सकेगा।

### यूवी किरणों से बचाने वाले कपड़े पर शोध आगे बढ़ा

- यूपीटीटीआई बैक्टीरिया मुक्त कपड़ों के साथ यूवी किरणों से बचाने वाले कपड़े बनाने पर भी शोध कर रहा है। संस्थान को नैनो तकनीक का इस्तेमाल करके ऐसे धागे बनाने में सफलता मिली है, जिनमें काफी महीन सुराख होते हैं, बारीक छिद्रों वाले इस धागे से फिल्टर बनाकर दिखाया गया है। संस्थान में औद्योगिक उपयोग के लिए फिल्टर प्रक्रिया पर कई शोध चल रहे हैं। फिल्ट्रेशन मेम्ब्रेन की मदद से होता है, इसके लिए मेम्ब्रेन बनाने वाली मशीन लगाई गई है। कानपुर की निजी कंपनी में तैयार की गई यह मशीन पूरी तरह से ऑटोमेटिक है, और एक घंटे में एक मीटर लंबा मेम्ब्रेन तैयार कर देती है। इसकी मदद से छात्र फिल्ट्रेशन की नई रिसर्च कर रहे हैं।

### आर्गेनिक आम उगाकर दिखाया शोध किसानों के मन भाया

- आम के शौकीन लोगों के लिए अच्छी खबर है। कानपुर के चंद्रशेखर आजाद ( सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने केमिकल रहित आम उगाने का सफल शोध किया है, जिसे किसानों ने अपनाने की पहल की है ।ऐसे में अब आम खाने के शौकीन लोगों को बिना केमिकल का प्रयोग करके उगाए गए आम खाने को मिलेंगे। अभी किसानों द्वारा आम की जो अलग-अलग प्रजातियां तैयार की जाती हैं, उनमें फसल की सुरक्षा के लिए कई तरह के केमिकल का छिड़काव किया जाता है। इससे आम की फसल में केमिकल के कुछ न कुछ तत्व आ ही जाते हैं।

## बिजनेस ब्रीफ

### अडाणी पावर बिहार में लगाएगी बिजली संयंत्र

नई दिल्ली। अडाणी पावर ने गुरुवार को कहा कि उसे बिहार राज्य बिजली उत्पादन कंपनी (बीएसपीजीसीएल) से भागलपुर जिले में 2,400 मेगावाट क्षमता के ग्रीनफील्ड तापीय बिजली संयंत्र बनाने और उसका संचालन करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) मिला है। कंपनी ने बताया कि इस परियोजना पर तीन अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। अडाणी पावर को उम्मीद है कि उसे तय समय में एलओए (निर्णय पत्र) मिल जाएगा और उसके बाद राज्य की बिजली कंपनियों के साथ बिजली आपूर्ति समझौता (पीएसए) किया जाएगा।

### रीगल रिर्सोसेज का आईपीओ 12 को

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी रीगल रिसोर्सेज लि. ने 306 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 96-102 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कोलकाता स्थित कंपनी ने गरुवार को घोषणा की कि आरंभिक शेयर-बिक्री 12 अगस्त को शुरू होगी और 14 अगस्त तक सार्वजनिक अभिदान के लिए खुली रहेगी। इस आईपीओ में 210 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक कीमत दायरे के उच्च स्तर पर 96 करोड़ रुपये मूल्य के 94.12 लाख शेयर बिक्री के लिए रखेंगे। इस तरह निर्गम का आकार 306 करोड़ रुपये बैठता है। नए निर्गम से प्राप्त 159 करोड़ का उपयोग कर्ज के भुगतान के लिए किया जाएगा।

### बॉश से मांगा 140 करोड़ रुपये का सीमा शुल्क

नई दिल्ली। बॉश लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे सीमा शुल्क प्राधिकरण से ब्याज सहित 140 करोड़ रुपये से अधिक की मांग मिली है। कंपनी ने बताया कि यह मांग ऑक्सीजन सेंसर के वर्गीकरण की व्याख्या के आधार पर अलग-अलग शुल्क होने के कारण की गई। बॉश लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी को नयी दिल्ली स्थित एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स के प्रधान सीमा शुल्क आयुक्त (आयात) से ऑक्सीजन सेंसर के वर्गीकरण की व्याख्या के संबंध में एक आदेश मिला है। यह आदेश ऑक्सीजन सेंसर के एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में वर्गीकरण की व्याख्या के कारण है, जिसके चलते शुल्क और ब्याज मिलाकर 140.86 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

# भारत सहित दुनिया में टैरिफ लागू

## ट्रंप बोले- उन देशों से अरबों डॉलर का शुल्क आएगा, जिन्होंने हमारा फायदा उठाया

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के भारतीय आयातों पर घोषित शुरुआती 25 प्रतिशत शुल्क गुरुवार से लागू हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अब उन देशों से अरबों डॉलर का शुल्क उनके देश में आना शुरू होगा, जिन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, आधी रात हो गई है। अरबों डॉलर के शुल्क अब संयुक्त राज्य अमेरिका में आ रहे हैं।

ट्रंप द्वारा पिछले हफ्ते कई देशों पर घोषित जवाबी शुल्क अमेरिकी समय के अनुसार 7 अगस्त को रात 12 बजे से लागू हो गए। ट्रंप ने इससे पहले कहा था, जवाबी शुल्क आज आधी रात से लागू होंगे। अरबों डॉलर, जिनमें से ज्यादातर उन देशों से आएंगे, जिन्होंने कई वर्षों तक अमेरिका का फायदा उठाया है। ट्रंप ने बुधवार को रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। इस कदम से कपड़ा, समुद्री उत्पाद और चमड़ा निर्यात जैसे क्षेत्रों पर बुरा असर पड़ने की आशंका है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। साथ ही, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।



• भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने के फैसले को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया था दुर्भाग्यपूर्ण

### कंप्यूटर चिप्स पर 100% शुल्क की योजना

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कंप्यूटर चिप्स पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। अगर ऐसा हुआ तो अमेरिका में डिजिटल युग को गति देने वाले प्रोसेसर पर निर्भर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, घरेलू उपकरणों और दूसरे जरूरी उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं। ट्रंप ने एप्पल के सीईओ टिम कुक के साथ बैठक के दौरान कहा, हम चिप्स और सेमीकंडक्टर पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। लेकिन अगर आप अमेरिका में निर्माण कर रहे हैं, तो कोई शुल्क नहीं लगेगा। यह घोषणा ट्रंप के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को शुल्क से छूट देने के तीन महीने से भी अधिक समय बाद आई है। अमेरिका में चिप्स बनाने वाली कंपनियों को आयात कर से छूट दी जाएगी।

### भारतीय दवा पर शुल्क से अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा बोझ

नई दिल्ली। भारतीय दवा निर्यात को बढ़े हुए शुल्क से अस्थायी राहत देने का अमेरिका का फैसला अमेरिकी आबादी के लिए सस्ती दवाइयां सुनिश्चित करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। औषधि निर्यात संवर्धन परिषद (फार्मेक्सिल) ने गुरुवार को यह बात कही। अमेरिका ने छह अगस्त को सभी भारतीय आयात पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। ऐसे में 27 अगस्त से कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। भारत, अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 40 प्रतिशत से ज्यादा जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। इसमें पुरानी बीमारियों, कैंसर और संक्रामक रोगों के उपचार की दवाइयां शामिल हैं। फार्मेक्सिल के चेयरमैन नमित जोशी ने कहा, भारतीय दवा कंपनियों पर शुल्क के प्रतिकूल नतीजे होंगे और अंत में अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ डालेंगे। भारतीय कंपनियां कम लागत वाली जेनेरिक दवाइयां बनाती हैं, उच्च मार्जिन वाले उत्पाद नहीं। इसलिए किसी भी शुल्क का भार सीधे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उन्हें भारत की दवा क्षमता हासिल करने में कम से कम तीन से पांच साल लगेंगे, और इस स्तर की क्षमता, लागत दक्षता और प्रतिभा हासिल करने में कई चुनौतियां होंगी।

## ताप विद्युत संयंत्र बाजार में बेच सकेंगे बिजली

कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने अपने कोयले का उपयोग कर रहे ताप विद्युत संयंत्रों को 1 अगस्त से बाजार में जरूरत से अधिक बिजली को बेचने की मंजूरी दी है। बिजली क्षेत्र में कोयले की मांग बढ़ाने और बिजली को अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अबतक उन्हीं बिजली उत्पादकों को कोल इंडिया से लिए कोयले पर आधारित बिजली की आपूर्ति की अनुमति थी जिनके पास दीर्घ या मध्यम अवधि के बिजली खरीद समझौते थे। लेकिन अब सभी उत्पादकों को इसकी अनुमति होगी।

## रिलायंस ने वृद्धि को तैयार किए चार इंजन

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि उन्होंने समूह के विस्तार के अगले चरण को गति देने के लिए खुदरा, डिजिटल सेवाओं, मीडिया और मनोरंजन और नई ऊर्जा के चार उच्च-शक्ति वाले विकास इंजन तैयार किए हैं।

उन्होंने कंपनी की सालाना रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए एक संदेश में कहा कि इसके साथ ही, रिलायंस खुद को एक नए युग के डीप-टेक (अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी) उद्यम के रूप में ढाल रही है। पारंपरिक रूप से तेल और पेट्रोल-रसायन (ओ टू सी) को विकास का प्रमुख आधार मानने वाली इस कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में खुदरा, दूरसंचार और डिजिटल सेवाओं में कदम रखा है। इसके साथ समाचार और मनोरंजन चैनल के इर्द-गिर्द एक मीडिया साम्राज्य का निर्माण किया है और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में कदम रखने के लिए बड़े कारखानों की नींव रखी है।

अंबानी ने कहा, इन चारों में से प्रत्येक मंच प्रौद्योगिकी और नवान्मेष-प्रधान है और भारतीय उपभोक्ताओं और वैश्विक बाजार को व्यापक मूल्य प्रदान करते हुए उद्योगों में क्रांति लाने की स्थिति में है। अपने मुख्य कारोबार तेल-रसायन (ओ2सी) व्यवसाय के बारे में उन्होंने कहा कि ये भारत की बढ़ती ऊर्जा और सामग्री मांग को पूरा करते हुए बढ़ते रहेंगे। इसमें एक ही स्थान पर दुनिया का सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी परिसर और पेट्रोरसायन संयंत्र, और तेल एवं गैस उत्पादन कारोबार शामिल हैं। हम केवल कंपनियों का विस्तार नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम ऐसे मंच बना रहे हैं जो लोगों को सशक्त बनाएं, असमानता कम करें, स्थिरता को बढ़ावा दें और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को ऊंचा करे।



• मुकेश अंबानी ने कंपनी की सालाना रिपोर्ट में शेयरधारकों को दिए संदेश

# ऑनलाइन कारोबार ने पकड़ी रफ्तार पलायन को मजबूर छोटे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



दुकान से खरीदारी करती युवतियां।

अमृत विचार। करीब एक दशक पहले ऑनलाइन बाजार की आमद हुई लेकिन एक से दो वर्ष तक बाजार पर इसका खासा असर देखने को नहीं मिला, लेकिन तमाम ऑफर और सहूलियत कंपनियों ने जब शामिल कीं तो बीते पांच साल में ऑनलाइन कारोबार ने ऐसी तेज रफ्तार पकड़ी है कि स्थानीय छोटे कारोबारियों की कमर ही टूट गई है।

बड़े और मध्यम कारोबारी तो इस प्रतिस्पर्धा में खुद को संभाले हुए हैं, लेकिन निम्न और लघु व्यापारियों का शहर के पुराने बाजारों से मोहभंग हो गया है। कई व्यापारी नये सिरे से कारोबार स्थापित करने के लिए छोटे कस्बों की ओर पलायन कर गए हैं।

व्यापारियों का तर्क है कि दवा, कपड़ा, किराना, आईटी समेत अन्य कारोबार से जुड़े कारोबारी ऑनलाइन कारोबार से पस्त हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग से छोटे और मध्यम व्यापारियों के सामने अस्तित्व का सवाल पैदा हो गया। अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, ब्लिंकिट, जैपटो, बिग बास्केट जैसी अनेकों ऑनलाइन कंपनियों ने शहर से लेकर गांव-देहात के तक के बाजार में अपने पैर पसार लिए हैं। इनका उद्देश्य ही फुटकर बाजार पर कब्जा जमाना है। इनसे प्रतिस्पर्धा करना छोटे और मध्यम व्यापारियों के बस में नहीं है, इसलिए अब तमाम छोटे व्यापारी कारोबार से विमुख हो रहे हैं, जिससे छोटे और मध्यम वर्ग के कारोबार प्रभावित हो रहे हैं।

• बड़े व्यापारियों को झटका, छोटे कारोबारियों का हो रहा मोहभंग
• पांच साल में तेजी से बढ़ा ऑनलाइन कारोबार

**35,000**
जीएसटी में पंजीकृत व्यापारी

**8,000**
पंजीकृत मध्यम वर्गीय व्यापारी

**25,000**
लघु और 700 बड़े व्यापारी

**40,000**
करोड़ का हर साल हो रहा कारोबार



ऑनलाइन ट्रेडिंग ने दवा कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। लोग दवाइयां ऑनलाइन खरीदते हैं। केवल एक-दो गोली लेने के लिए ही मेडिकल स्टोर पर आते हैं। इससे दुकानदारी बहुत प्रभावित हुई है।
- विवेक अग्रवाल बॉबी, दवा कारोबारी



ऑनलाइन कारोबार का प्रभाव मोबाइल व कंप्यूटर के ट्रेड पर हुआ है। ग्राहक मोबाइल के दाम चेक कर मोल-भाव करता है।
- राजीव अग्रवाल, मोबाइल कारोबारी



ऑनलाइन कंपनियां अपने मुनाफे को निजी विकास पर खर्च करती हैं जबकि व्यापारी सामाजिक, धार्मिक, सामुदायिक व राष्ट्रीय हितों के लिए भी खर्च करता है।
- राजेश जसोरिया, महानगर महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल

### साल दर साल लग रही पांच हजार करोड़ की चपत




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया के अनुसार, सर्राफा और वाहन समेत कुछ अन्य कारोबारों से ऑनलाइन कंपनियां अभी दूर हैं। बावजूद इसके बीते पांच सालों में 20 फीसदी मार्केट शेयर इन ऑनलाइन कंपनियों के पास जा रहा है। आकलन के अनुसार दवा, किराना, कपड़ा, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत अन्य वस्तुओं के ऑनलाइन कारोबार से बरेली जनपद का 5000 करोड़ रुपये का सालाना कारोबार प्रभावित हो रहा है।



# टैरिफ पर भाजपा-विपक्षी दलों में वाकयुद्ध शुरू

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार की विदेश नीति को लेकर उठाए सवाल, भाजपा बोली- भारत झुकेगा नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने को लेकर गुरुवार को मोदी सरकार की निदेश नीति पर सवाल खड़े किए और कहा कि इससे निपटने के लिए कदम उठाने चाहिए। वहीं, भाजपा ने कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है तथा किसानों के हितों से समझौता नहीं होगा।

25 प्रतिशत शुल्क के अतिरिक्त ट्रंप ने बुधवार को भारत पर रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क और लगाया, जिससे भारत पर शुल्क 50 प्रतिशत हो गया है और यह अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा, राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। सातवें बेड़े की धमकियों से लेकर परमाणु परीक्षणों के प्रतिबंधों तक, हमने अमेरिका के साथ अपने संबंधों को आत्मसम्मान और गरिमा के साथ निभाया है। खरगे के अनुसार ट्रंप ने 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की बात ऐसे समय कही है जब भारत की कूटनीति बहुत बुरी तरह लड़खड़ा रही है। खरगे ने कहा, प्रधानमंत्री अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने में विफल रहे। आपके पास छह महीने से ज्यादा का समय था। अब ट्रंप हमें डरा-धमका रहे हैं और मजबूर कर रहे हैं, लेकिन आप चुप हैं।

टीएमसी सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक स्थिति है। शिवसेना (उबाठा) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सांसद महुआ मांझी ने कहा, इससे महंगाई बढ़ेगी, नौकरियां जाएंगी।

### राहुल देशद्रोह कर रहे हैं : निशिकांत दुबे



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल देशद्रोह कर रहे हैं। जब पूरे देश को एकजुट होना चाहिए तो वह सांठगांठ वाले पूंजीवाद का आरोप लगाते हैं। जबकि वह स्वयं ऐसा करते हैं। भारत के प्रधानमंत्री मजबूत हैं। भाजपा नेता दिनेश शर्मा ने कहा, भारत सभी देशों का सम्मान करता है और सबसे अच्छे संबंध चाहता है। कोई देश धमकी के आधार पर भारत को झुका नहीं सकता। यह स्वाभिमानी भारत है। मोदी लौहपुरुष के समान निर्णय लेने वाले नेता हैं। यह देश किसी को झुकाता नहीं है और झुकता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत अपने कृषि और डेयरी हितों को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

## राहुल का चुनाव फर्जीवाड़े का आरोप एक सुनियोजित धोखा : भाजपा

नई दिल्ली। भाजपा ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग के खिलाफ चुनाव धोखाधड़ी के राहुल गांधी के आरोप को सुनियोजित धोखाधड़ी करार दिया और आरोप लगाया कि कांग्रेस भारत के लोकतंत्र तथा संविधान के खिलाफ बड़ी साजिश के तहत संवैधानिक संस्थाओं पर व्यवस्थित हमला कर रही है। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि गांधी भाजपा की चुनावी जीत को धोखाधड़ी बताकर देश के लोगों के निर्णय का अपमान कर रहे हैं। मतदाता इस तरह के गैर-जिम्मेदार और बेशर्मी भरे चरित्र एवं आचरण के लिए कांग्रेस को लगातार खारिज करते रहेंगे। गांधी ने हताशा और गुस्से में निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए हैं, क्योंकि लोग कांग्रेस को अपना जनादेश नहीं दे रहे हैं। पार्टी ने चुनाव परिणामों पर दोहरे मापदंड अपनाने को लेकर कांग्रेस नेता की आलोचना की और उनसे कहा कि उन्हें यह बात समझनी चाहिए कि उनके परिवार की जीत लोकतंत्र की परिभाषा नहीं है। कांग्रेस नेता की टिप्पणी की निंदा करते हुए भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गैर-जिम्मेदाराना और बेशर्मी से भरी टिप्पणी की है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि गांधी ने निर्वाचन आयोग को धोखेबाज कहा है और बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। संसद भवन परिसर में प्रसाद ने कहा, नरेन्द्र मोदी चुनाव जीत रहे हैं और आप (राहुल गांधी) उसे भी धोखाधड़ी कह रहे हैं। आप देश की जनता का अपमान कर रहे हैं, जिसने मोदी जी के काम, ईमानदारी और उनके नेतृत्व में देश की प्रगति के लिए उन्हें वोट दिया था।



# भारी हंगामे के कारण नहीं चले संसद के दोनों सदन

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर गुरुवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिससे सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के हंगामे के बीच सदन में मणिपुर माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 और मणिपुर विनियोग विधेयक पारित किया गया।

सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, विपक्षी दलों के सदस्य आसन के पास पहुंचकर एसआईआर वापस लो के नारे लगाने लगे। सदन में हंगामे के बीच ही आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रश्नों के उत्तर दिए। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की। शोर-शराबे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। उन्होंने मणिपुर माल एवं सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2025 (2025 का संख्यांक 1) को लागू करने के कारणों को दर्शाने वाला विवरण भी प्रस्तुत किया।



लोकसभा में मणिपुर माल एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक पेश करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

### रास में नहीं चला शून्यकाल और प्रश्नकाल

एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे से राज्यसभा की भी कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे से सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चले। हालांकि विपक्ष के हंगामे के बीच ही पोत परिवहन विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। पूर्वाह्न 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने कहा कि चर्चा के लिए 25 नोटिस मिले हैं। ये व्यवस्था के अनुरूप नहीं है, इन्हें खारिज कर दिया गया है। इस पर विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। कुछ सदस्यों ने अपने स्थानों से आगे आकर नारेबाजी शुरू कर दी।

## जीएसटी धोखाधड़ी में ईडी का तीन राज्यों में छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

• झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में 12 स्थानों पर ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 750 करोड़ रुपये के फर्जी वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) चालान बनाने के मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में फिर छापे मारे। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तीनों राज्यों में 12 परिसरों पर छापेमारी की गई। यह मामला झारखंड में मुखौटा कंपनियों और अवैध वित्तीय लेनदेन के माध्यम से 750 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने से जुड़ा है।

सूत्रों के अनुसार, इस मामले की जांच की शुरुआत इसके मुख्य साजिशकर्ता शिव कुमार देवड़ा की गिरफ्तारी से हुई। उसे मई 2025 में गिरफ्तार किया गया था और पिछले महीने उसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया। वर्तमान में ईडी की ओर से की जा रही कार्रवाई विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर हो रही है, जो कई व्यक्तियों और कंपनियों की अपराध से अर्जित आय के धनशोधन में संलिप्तता को दर्शाती है। इस मामले को लेकर ईडी ने मई में पहली बार कार्रवाई की थी।

## पटना में एसटीईटी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

पटना, एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के डाक बंगला चौराहे पर गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-5) से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) आयोजित करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया।

एसपी, पटना (मध्य), दीक्षा ने बताया, प्रदर्शनकारी डाक बंगला चौराहे के पास जमा हो गए और यातायात को बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को लांघने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों के बार-बार अनुरोध के बावजूद, उन्होंने सड़कें खाली करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि लाठीचार्ज में कई लोग घायल हो गए, जिसे अधिकारियों ने नकार दिया। राहुल कुमार नाम के प्रदर्शनकारी ने कहा, हमने बस यही मांग की थी कि बिहार लोक सेवा आयोग की टीआरई-5 से पहले एसटीईटी आयोजित हो। परीक्षा कैलेंडर के अनुसार, एसटीईटी साल में दो बार होनी थी। अभी तक एक भी दौर नहीं हुआ है, जिससे बीएड पूरा कर चुके उम्मीदवार प्रभावित हैं। अगर टीआरई-5 एसटीईटी से पहले होता है, तो अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने से वंचित रह जाएंगे।




प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों को रोकने की कोशिश करते सुरक्षाकर्मी।

### फांसी घर विवाद

## विशेषाधिकार समिति से कराई जाएगी जांच

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा परिसर में कोई फांसी घर नहीं होने का दावा करते हुए विस अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजा जाएगा, जो पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित अन्य को तलब करेगी। बुधवार कोगुप्ता ने कहा था कि 2022 में जिस कक्ष का जीर्णोद्धार हुआ और केजरीवाल ने उद्घाटन किया, वह रिकार्ड के अनुसार वास्तव में टिफिन रूम था। उन्होंने विस परिसर का 1912 का नक्शा दिखाते हुए कहा था कि ऐसा कोई दस्तावेज या साक्ष्य नहीं है जो ये दर्शाते हो कि इस स्थान का प्रयोग फांसी देने के लिए हुआ था।

## कार्ति चिदंबरम के एक करोड़ रुपये लौटाएं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने विदेश यात्रा की पूर्व शर्त के तौर पर लोकसभा सदस्य कार्ति पी चिदंबरम द्वारा 2022 में शीर्ष अदालत में जमा कराए गए एक करोड़ रुपये जारी किए जाने का गुरुवार को आदेश दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने चिदंबरम के 2023 के आवेदन को स्वीकार करते हुए कहा कि विदेश यात्रा के बाद वह भारत लौट आए और उन्होंने पासपोर्ट जांच अधिकारी के पास जमा करा दिया। अदालत ने आदेश दिया, याचिकाकर्ता द्वारा जमा कराई एक करोड़ की राशि और उस पर अर्जित ब्याज को एक सप्ताह में जारी कर दें। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति एयरसेल-मैक्सिस व आईएनएक्स मीडिया सहित कई मामलों में आरोपी हैं। उन्हें दोनों मामलों में जमानत मिल गई थी। शीर्ष अदालत ने 2022 में उन्हें विदेश यात्रा के लिए पूर्व शर्त के रूप में शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में एक करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था।



• विदेश यात्रा की पूर्व शर्त के तौर पर जमा कराई गई थी रकम

# भारत रूसी तेल खरीद के मामले में चीन के बहुत करीब, और भी प्रतिबंध लगाएंगे

## ट्रंप ने दी एक और धमकी, चीन पर भारत की तरह टैरिफ लगाने के सवाल को टाला


**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत, रूस से तेल खरीद के मामले में चीन के बहुत करीब है और उसे 50 प्रतिशत शुल्क देना होगा। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि आगे अतिरिक्त प्रतिबंध भी देखने को मिलेंगे। ट्रंप ने इस सवाल का सीधा जवाब नहीं दिया कि क्या चीन पर भी भारत की तरह टैरिफ लगाया जाएगा।

ट्रंप ने बुधवार को ओवल कार्यालय में कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि हमने तेल को लेकर भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है। वे दूसरे सबसे बड़े खरीदार हैं और रूस से तेल खरीद के मामले में चीन के बहुत करीब हैं। ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर भारत से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के शासकीय आदेश पर बुधवार को हस्ताक्षर किए थे। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है, जो कि किसी भी देश पर सबसे अधिक है।

ट्रंप प्रशासन ने पिछले सप्ताह ही भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी जो सात अगस्त से प्रभावी हो गया है। अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क 21 दिनों बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। 'व्हाइट हाउस' के एक कार्यक्रम में ट्रंप के साथ एप्पल के सीईओ टिम कुक, उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक भी मौजूद थे। इस दौरान एप्पल ने घोषणा की कि वह अगले चार वर्षों में अमेरिका में 600 अरब डॉलर का निवेश करेगी।

कार्यक्रम के दौरान ट्रंप से भारत पर लगाए गए अतिरिक्त शुल्क के बारे में कई सवाल पूछे गए। जब पूछा गया कि अगर वह यूक्रेन और रूस के साथ कोई समझौता कर लेते हैं, तो क्या वह भारत पर अतिरिक्त शुल्क हटा लेंगे तो उन्होंने कहा, हम बाद में इस पर फैसला करेंगे। इसके बाद ट्रंप को बताया गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं, इस पर उन्होंने कहा, ठीक है। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने केवल भारत पर ही अतिरिक्त शुल्क क्यों लगाया तो ट्रंप ने कहा, अभी केवल आठ घंटे ही हुए हैं, तो देखते हैं आगे क्या होता है।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया है। ● एजेंसी

### विदेश मंत्रालय ने कहा- 50% टैरिफ अतार्किक अमेरिका से वार्ता जारी

**मुंबई।** विदेश मंत्रालय में सचिव, आर्थिक संबंध दम्मू रवि ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका को भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप प्रशासन के एकतरफा कदम के पीछे कोई तर्क या कारण नहीं है। रवि ने वाशिंगटन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क दोगुना करने के कुछ घंटों बाद संवाददाताओं को बताया कि इस कदम के बाद भी अमेरिका और भारत के बीच बातचीत जारी है। रवि ने कहा, यह एकतरफा निर्णय है। मुझे नहीं लगता कि जिस तरह से यह किया गया है, उसमें कोई तर्क या कारण है। यहां कार्यक्रम से इतर उन्होंने कहा, शायद, यह एक ऐसा दौर है जिससे हमें उबरना होगा। बातचीत अभी जारी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को नयी दिल्ली द्वारा रूसी तेल आयात से नाराज होकर अतिरिक्त शुल्क लगा दिया। इस कदम से कपड़ा, समुद्री और चमड़ा निर्यात जैसे विभिन्न क्षेत्रों पर असर पड़ने की आशंका है।

## अमर होने की चाहत ने ईजाद की तकनीक

# क्रायोजेनिक प्रिजर्वेशन

क्रायोजेनिक प्रिजर्वेशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मृत शरीर या सहायक अंगों को लंबे समय तक संरक्षित करने के लिए अत्यंत कम तापमान आमतौर पर –196 डिग्री सेल्सियस पर जमाया जाता है जो तरल नाइट्रोजन के तापमान के बराबर होता है। इसका मुख्य उद्देश्य शरीर या जैविक सामग्री को नुकसान होने दिए बगैर भविष्य के लिए संरक्षित करना होता है। यह तकनीक दरअसल कुछ ऐसे लोगों की अमर होने की चाहत की वजह से ईजाद की गई जिनका मानना था कि भविष्य में चिकित्सा विज्ञान जरूर इतना उन्नत और समृद्ध होगा कि उनकी मृत देह को दोबारा जीवित किया जा सकेगा।



### कब और कहां शुरुआत

- अमेरिकी भौतिक विज्ञानी रॉबर्ट एटिंगर ने वर्ष 1964 में अपनी किताब द प्रॉस्पेक्ट ऑफ इमोरटलिटी में इसका विचार दिया।
- 1967 में अमेरिका में डॉ. जेम्स बेडफोर्ड को पहली बार संरक्षित किया गया, उनका शरीर आज भी फ्रीज अवस्था में हैं।

### कैसे काम करती है तकनीक

- मृत्यु के बाद तुरंत बाद प्रक्रिया शुरू होती है और शरीर को ठंडा कर सर्कुलेशन सपोर्ट सिस्टम से ऑक्सीजन पहुंचाई जाती है।
- खून को क्रायोप्रोटेक्टेंट सॉल्यूशन से बदलते हैं ताकि क्रिस्टल न बनें, शरीर को 196C पर तरल नाइट्रोजन टैंक में रखा जाता है।

### कई देशों में प्रिजर्वेशन

- अमेरिका, रूस, चीन, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, यूके, जर्मनी, स्पेन, यूक्रेन, कनाडा समेत करीब 10 देशों में लोगों ने अपनी बॉडी प्रिजर्व कराई है।
- अमेरिका में एल्कर लाइफ एक्सटेंशन फाउंडेशन, क्रायोनिक इंस्टीट्यूट, रूस में क्रायोरस, चीन में यिनफेंग नाम की कंपनी ये सुविधा दे रही है।

### अब तक 600 शरीर प्रिजर्व

- वैश्विक आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के करीब 600 लोगों ने वर्ष 2025 तक अपना पूरा शरीर क्रायोजेनिक तकनीक से प्रिजर्व कराया है।
- अनुमानित तौर पर अपने दिमाग का प्रिजर्वेशन कराने वालों की संख्या करीब 400 है, भविष्य के लिए बुकिंग कराने वाले 5,000 से ज्यादा हैं।

### प्रमुख लोग

- अमेरिका के प्रोफेसर जेम्स बेडफोर्ड अपना शरीर प्रिजर्व कराने वाले पहले व्यक्ति थे।
- अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी टेड विलियम्स ने भी शरीर प्रिजर्व कराया जो बहुत अमीर थे।
- अमेरिका के टीवी प्रोड्यूसर डिक क्लेयर ऐसे एक और व्यक्ति हैं, जो काफी अमीर थे।
- ज्यादातर लोगों ने अपना नाम सार्वजनिक न करने की शर्त पर शरीर संरक्षित कराया है।

### कितना खर्च

- पूरे शरीर के क्रायोनिक प्रिजर्वेशन पर लगभग 150,000 से 250,000 डॉलर।
- दिमाग और सिर के प्रिजर्वेशन पर 70,000 से लेकर 100,000 डॉलर तक।

### विशेषज्ञों की राय

- तकनीक का समर्थन करने वाले कहते हैं कि यह अभी विकसित हो रही तकनीक है, यदि भविष्य में कोशिकीय मरम्मत और नैनोटेक्नोलॉजी में प्रगति होती है तो सिद्धांततः संभव है।
- अधिकतर वैज्ञानिक इसे अव्यावहारिक मानते हैं क्योंकि मृत्यु होते ही मस्तिष्क में अपूरणीय क्षति हो जाती है। पुनर्जीवन की कोई सिद्ध तकनीक नहीं है। इसे विज्ञान कथा कहा गया है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जनरल मुनीर फिर जा सकते हैं अमेरिका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर इस सप्ताह शीर्ष अमेरिकी अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के लिए अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। भारत के साथ पाकिस्तान के चार दिन तक चले संघर्ष के बाद यह मुनीर की अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी। एक मीडिया रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। जून में मुनीर अमेरिका गए थे जहां उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ दोपहर का भोजन किया था। इस मुलाकात के बाद ट्रंप ने तेल समझौते सहित विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका-पाकिस्तान सहयोग बढ़ाने की घोषणा की थी।

### अमेरिका से दोबारा वार्ता पर फैसला नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। अराघची ने एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान की मध्यस्थता से पांच दौर की बातचीत हुई है और इसका छठा दौर 15 जून को होने वाला था लेकिन उसका इजराइल से तनाव गहराने से यह वार्ता नहीं हो पाई।

### बलूचिस्तान विस्फोट में मेजर व तीन सैनिक मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग ज़िले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया। हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गये। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार देर रात बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए।

# कुलगाम में इस साल की सबसे लंबी मुठभेड़, 7वें दिन भी गोलीबारी जारी

## मारे जा चुके हैं दो आतंकी, अब तक सात सुरक्षाकर्मी भी घायल

**श्रीनगर, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद रोधी अभियान में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बल के तीन जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया आतंकवाद के खिलाफ अभियान सातवें दिन जारी है जो इस वर्ष का अब तक का सबसे लंबा अभियान है। अब तक दो आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

सेना के उत्तरी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद-रोधी तंत्र की समीक्षा की और जारी अभियान की जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा, अभियान सातवें दिन भी जारी है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह हुई गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए जिससे घायल सुरक्षाकर्मियों की कुल संख्या अब सात हो गई है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल दुर्गम जंगली इलाकों में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए ड्रोन और हेलीकॉप्टर समेत सभी साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच प्रारंभिक गोलीबारी के बाद रात में अभियान रोक दिया गया था, लेकिन घेराबंदी को मजबूत किया गया तथा क्षेत्र में अतिरिक्त बल भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पिछले शनिवार को गोलीबारी फिर शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए।



मुठभेड़ के लिए भेजा गया अतिरिक्त बल।

### ग्रामीणों ने की सुरक्षित जगह भेजने की मांग

**श्रीनगर।** कुलगाम जिले में आतंकवादियों से मुठभेड़ के सातवें दिन बृहस्पतिवार को अखल गांव के लोगों ने इससे उत्पन्न कठिनाइयों का हवाला देते हुए सरकार से उन्हें कहीं ओर स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने दावा किया है कि लगातार गोलीबारी के कारण वे न तो सो पा रहे हैं और न ही उनके पास अब पर्याप्त भोजन बचा है। मुठभेड़ स्थल के पास रह रहे ग्रामीण मुबारक खांडे ने कहा, सात दिन से भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। रात भर गोलियां चलती हैं और बमबारी होती है। अब घरों में राशन की भी किल्लत हो गई है। महिलाएं और बच्चे बेहद डरे हुए हैं और लगातार गोलीबारी और धमाकों के कारण वे मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हो गए हैं। सरकार से उन्हें कहीं और स्थानांतरित करने की अपील करते हुए कहा, हम सात दिनों से सो नहीं पाए हैं। बच्चे जागते रहते हैं और रोते रहते हैं।

## रक्षाबंधन




रक्षाबंधन शनिवार को है, इससे पहले ही जगह-जगह भाई-बहन के अटूट बंधन के प्रतीक इस पर्व पर कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। गुरुवार को सूरत के श्री स्वामीनारायण गुरुकुल में छात्रों ने उत्सव के हिस्से के रूप में संकेंद्रित राखी बनाई। एजेंसी

### खुफिया सूचना पर देश के सभी हवाई अड्डे हाई अलर्ट पर

**मुंबई।** राष्ट्रविरोधी तत्वों से संभावित खतरों की खुफिया सूचना पर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो ने सभी हवाई अड्डों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है।

यात्रियों और उनके सामान की गहन जांच और हवाई अड्डे के कर्मचारियों की कड़ी निगरानी सहित दूसरे सुरक्षा उपाय अपनाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि टर्मिनल क्षेत्रों, रनवे, हेलीपैड और उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों में सुरक्षा उपाय किए जाएं। अधिकारियों को सीसीटीवी से कड़ी नजर रखने और पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

### रूसी सुरक्षा परिषद सचिव से मिले एनएसए डोभाल

**नई दिल्ली/मास्को।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बृहस्पतिवार को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक डोभाल ने रूस में बैठकों में कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे की तारीखों पर काम किया जा रहा है। एनएसए ने कोई विशेष तिथि या समय नहीं बताया है। डोभाल ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तारीखों पर काम किया जा रहा है। सूत्रों ने कहा कि मीडिया के एक वर्ग में अगस्त के अंत का जो समय बताया जा रहा है, वह गलत है। डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की, जिसमें द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा सहयोग के साथ पुतिन की भारत यात्रा पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।



● पुतिन के प्रस्तावित भारत दौरे पर बात

### पुतिन ने ट्रंप से अगले हफ्ते यूएई में मुलाकात की उम्मीद जताई

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अगले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से संभवतः संयुक्त अरब अमीरात में मुलाकात होने की उम्मीद कर रहे हैं।

यह खबर व्हाइट हाउस द्वारा मॉस्को को यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में प्रगति दर्शाने के लिए दी गई समय-सीमा से ठीक पहले आई है। पुतिन के विदेश मामलों के सलाहकार यूरी उशाकोव ने पहले कहा था कि शिखर बैठक संभवतः अगले सप्ताह एक ऐसे स्थान पर हो सकती है, जिस पर ''सैद्धांतिक रूप से'' निर्णय लिया जा चुका है। उशाकोव ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के शिखर बैठक में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया। हालांकि, व्हाइट हाउस ने कहा था कि ट्रंप इस पर विचार करने को तैयार हैं।

# नासा के दो बड़े मिशन बंद करेगा अमेरिका

## ग्रीन हाउस गैस की निगरानी के हैं ये मिशन, वैज्ञानिकों ने जताई चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन अंतरिक्ष एजेंसी नासा के दो मिशन को बंद करने की दिशा में बढ़ रहा है जो ग्रीनहाउस गैस और पौधों की सेहत की निगरानी से जुड़े हैं। ट्रंप प्रशासन के इस कदम से वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं और किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण डेटा स्रोत बंद हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के वित्त वर्ष 2026 के बजट प्रस्ताव में 'ऑर्बिटिंग कार्बन ऑब्जर्वेटरी' मिशनों के लिए कोई धनराशि शामिल नहीं है। ये मिशन सटीक रूप से दिखा सकते हैं कि कार्बन डाइऑक्साइड कहां उत्सर्जित और अवशोषित हो रही है तथा फसलें कितनी अच्छी तरह से बढ़ रही हैं। नासा ने बुधवार को ईमेल पर भेजे एक बयान में कहा कि इन्हें राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप समाप्त किया जा रहा है। इस बीच, नासा के एक सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डेविड क्रिस्प ने कहा कि इन मिशनों में इस्तेमाल की गयी तकनीक अब भी दुनिया की किसी भी मौजूदा या प्रस्तावित प्रणाली की तुलना में अधिक संवेदनशील और सटीक है। ये एक राष्ट्रीय संपत्ति हैं जिन्हें बचाया जाना चाहिए।

### निसार उपग्रह प्रतिदिन 14 बार करेगा पृथ्वी की परिक्रमा

**चेन्नई।** नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित उपग्रह निसार प्रतिदिन 14 बार पृथ्वी की परिक्रमा करेगा और प्रत्येक 12 दिन में दो बार पृथ्वी की स्थलीय और बर्फीली सतहों को स्कैन करेगा। इसे 30 जुलाई को भारतीय अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। निसार न केवल नासा और इसरो के बीच पृथ्वी मिशन का पहला हार्डवेयर सहयोग है बल्कि यह एक अंतरिक्ष यान पर एल-बैंड और एस-बैंड रडार को एक साथ लाने वाला पहला उपग्रह भी है। यह उपग्रह रूप से शक्तिशाली सिंथेटिक एपर्चर रडार बनाता है।

# न्यायाधीश को खून का प्यासा नहीं होना चाहिए... हाईकोर्ट ने मृत्युदंड को उम्रकैद में बदला

**कोलकाता, एजेंसी**

कलकत्ता हाईकोर्ट की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने अपने मामा की हत्या के दोषी व्यक्ति की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदलने का आदेश देते हुए टिप्पणी की कि न्यायाधीशों को कभी भी खून का प्यासा नहीं होना चाहिए।

न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य ने फैसला सुनाते हुए कहा कि समाज का विकास सजा देने के बदले सुधारात्मक दृष्टिकोण की ओर रहा है, न कि दंडात्मक दृष्टिकोण की ओर। उन्होंने कहा, दंड के तीन प्रमुख स्तंभ हैं, दंड, निवारण और सुधार। जहां निवारण अब भी एक उचित कदम के रूप में मान्य है, वहीं भारत और अन्य जगहों पर आधुनिक आपराधिक न्यायशास्त्र में, सजा का स्थान धीरे-धीरे दंड का सुधारात्मक पहलू लेने लगा है।

न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने भारतीय दंड संहिता की धारा 396 (हत्या के साथ डकैती) के तहत दर्ज मामले में जलपाईगुड़ी सत्र न्यायालय द्वारा आफताब आलम को सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया, जिसमें 20 साल तक समयपूर्व रिहाई का तब तक कोई विकल्प नहीं होगा, जब तक कि ऐसी असाधारण परिस्थितियां न बनें जिनसे संबंधित न्यायालय संतुष्ट हो। न्यायमूर्ति भट्टाचार्य ने कहा, न्यायाधीशों को कभी भी खून का प्यासा नहीं होना चाहिए। हत्यारों को फांसी देना उनके लिए कभी भी अच्छा नहीं रहा।




● सेशन कोर्ट ने मामा की हत्या के दोषी को सुनाया था मृत्युदंड

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अगस्त, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 14.12 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 14.28 तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज आप लोगों से सम्मान की अपेक्षा रखेंगे। अचानक किसी आवश्यक कार्य से शहर से बाहर जाना पड़ सकता है। सहकर्मियों के साथ आपकी मित्रता बढ़ेगी। सभी कार्य आपके अनुसार होने से मन प्रसन्न रहेगा। राजनीति विषयों में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

**वृष** – आज अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न बढ़ाएं। बच्चे पढ़ाई के बजाय दूसरे कार्यों में समय ज्यादा खर्च कर सकते हैं। दोस्तों के साथ भविष्य की किसी योजना को लेकर चर्चा हो सकती है। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज आप कोई नया काम आरंभ करने से बचें। महिलाएं किचन में काम करने के दौरान सावधानी रखें। किसी की गारंटी न लें वरना नुकसान हो सकता है। आपकी अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आयेगी इसीलिये बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कई आवश्यक कार्य समय से पहले पूर्ण हो जायेंगे। किसी इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता अवश्य मिलेगी। प्रेम संबंध काफी अच्छे रहने वाले हैं।

**सिंह** – आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझने की संभावना बन रही है। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध चुगली कर सकते हैं। एक साथ अनेक कार्य संभालने पड़ेंगे। विद्यार्थियों को नया कुछ सीखने को मिलेगा।

**कन्या** – आज ऑनलाइन मार्केटिंग का काफी अच्छा प्रयोग कर सकते हैं। बच्चे बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य पसंद करेंगे। अपनी रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खानपान और योग पर ध्यान दें। प्रेमी जन को आज मूल्यवान उपहार दे सकते हैं।

**तुला** – आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे वो आपको आज काफी परेशान कर सकता है। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है। बोलचाल में अपशब्दों का प्रयोग न करें। विद्यार्थी करियर को लेकर लापरवाह हो सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें। दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लेना हितकर होगा। आज आपको बड़े व प्रभावशाली लोगों से मिलना पड़ सकता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**मकर** – आज पुराने रुके हुए कार्य शुरू हो सकते हैं। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। पिता के साथ चर्चा व उनका आशीर्वाद लेना उत्तम होगा। दांपत्य संबंधों में आपसी समझ और सामंजस्य में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक-दो दिन के लिए टालना हितकर होगा। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है। आपके कार्यभार की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। महिलाओं को अपनी सुरक्षा को लेकर थोड़ा ध्यान रखना पड़ेगा।

**मीन** – आज आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। विवादित मामलों में आपकी विजय हो सकती है। आपके खर्चों में कमी आयेगी। जॉब में मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा व सहज महसूस करेंगे। सोशल मीडिया में आप अत्यंत सक्रिय रहेंगे।

## सुडोकू -63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |



> केएल राहुल शानदार थे, शायद मैंने उन्हें इससे बेहतर बल्लेबाजी करते कभी नहीं देखा। जिस तरह वह शरीर के पास डिफेंस कर रहे थे, वह बहुत ही व्यवस्थित तरीके से गेंद छोड़ रहे थे।
>
> – सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

अयोध्या, शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### आईएसएल को लेकर संशय बरकरार

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को सुपर कप सितंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराने की पेशकश की ताकि आईएसएल क्लबों को पर्याप्त प्रतिस्पर्धी मैच मिल सकें हालांकि इस शीर्ष लीग के प्रारूप और शुरुआत की तिथि को लेकर संशय बना हुआ है। एआईएफएफ ने इंडियन सुपर लीग क्लबों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। क्लबों ने लीग के आयोजकों और राष्ट्रीय महासंघ के बीच 'मास्टर्स राइट्स एग्रीमेंट' (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण आईएसएल का आगामी सत्र रोके जाने को लेकर चिंता जताई थी।

### राष्ट्रीय ध्वज पर क्विज शुरू की

**नई दिल्ली :** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय ध्वज पर एक ऑनलाइन क्विज शुरू की है और 21 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के 25 शीर्ष स्कोरर प्रतिभागियों को खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ सियाचिन जाने का अवसर मिलेगा। मंत्रालय के अनुसार यह क्विज देशभक्ति को बढ़ावा देगी और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी। मंत्रालय ने कहा माईभारत पोर्टल (माईभारत.जीओवी.इन) पर आयोजित यह ऑनलाइन क्विज सभी नागरिकों को इसमें भाग लेने और तिरंगे के बारे में अपने ज्ञान का परीक्षण करने के लिए आमंत्रित करती है। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे और सभी प्रतियोगियों को एक ई-प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### रिबाकिना को हराकर एमबोको फाइनल में

**मांट्रियल :** कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने बुधवार को यहां नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कनाडा की 18 साल की एमबोको ने रिबाकिना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 1-6, 7-5, 7-6 से हराया। एमबोको ने तीसरे और निर्णायक सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रिबाकिना की सर्विस तोड़कर सेट को टाईब्रेकर में खींचा और फिर जीत दर्ज की। बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में एमबोको जापान की स्टार नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी।

### खचानोव नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में

**टोरंटो :** रूस के 11वें वरीय करेन खचानोव ने बुधवार को यहां शीर्ष वरीय जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खचानोव ने ज्वेरेव को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-6 से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। एटीपी टूर पर सात बार के विजेता 29 वर्षीय खचानोव फाइनल में दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज और चौथे वरीय बेन शेल्टन के बीच होने वाले ऑल अमेरिकी सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव ने यहां 2017 में खिताब जीता था और वह एटीपी टूर पर 24 खिताब जीत चुके हैं।

### सर्फिंग में भारत की चुनौती खत्म

**चेन्नई :** भारत का अभियान एशियाई सर्फिंग चैम्पियनशिप के ओपन महिला वर्ग में खत्म हो गया जब कमली मूर्ति और सृष्टि सेल्वम अपने अपने मुकाबले हार गए। कमली ने 5.57 अंक बनाये और तीसरी हीट के तीसरे दौर में जापान की सुमोमो सातो और चीन की सिकि यांग के बाद तीसरे स्थान पर रही। दूसरी हीट के तीसरे दौर में सृष्टि थाईलैंड की इसाबेल हिग्स, ताइपै की वान यू चेन और फिलीपींस की निल्बी ब्लांकाडा के बाद चौथे स्थान पर रही। शीर्ष दो सर्फर सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगे।

### धोनी का नया स्पोर्ट्स वेंचर चेन्नई में लॉन्च

**चेन्नई :** प्रतिष्ठित क्रिकेटर और पूर्व भारतीय कप्तान और आईपीएल फ्रेंचाइजी सीएसके के कप्तान एमएस धोनी ने आज अपना नया पैडल ब्रांड लॉन्च किया। यह चेन्नई में उनका पहला सेंटर था, जो शहर के प्रति उनके लंबे समय से चले आ रहे प्रेम और उसकी खेल भावना से प्रेरित था, जिसे वे अपना दूसरा घर मानते थे। चेन्नई के खेल और स्वास्थ्य परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण वृद्धि, नया 7 पैडल सेंटर ईसीआर पर स्थित है।

# भारतीय कुश्ती महासंघ ने 11 पहलवानों को निलंबित किया

## फर्जी जन्म प्रमाण जमा करने के आरोप में की गई सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 11 पहलवानों को निलंबित कर दिया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने ऐसे 110 दस्तावेजों का सत्यापन किया और कहा कि उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई है क्योंकि 95 विलंबित पंजीकरण केवल एसडीएम के आदेश पर किए गए थे।

कुश्ती का खेल दो प्रमुख मुद्दों से जूझ रहा है : अधिक उम्र के पहलवान कम आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और कई पहलवान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद अपने निवास स्थान से अलग राज्य का प्रतिनिधित्व करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ मामलों में प्रमाण पत्र बच्चे के जन्म के 12 से 15 साल बाद भी जारी किए गए हैं। गड़बड़ी की आशंका के चलते डब्ल्यूएफआई ने नगर निगम को सत्यापन के लिए प्रमाण पत्रों की एक सूची प्रदान की थी। सत्यापन के बाद एमसीडी ने डब्ल्यूएफआई को जवाब दिया कि उसने जन्म प्रमाण पत्र जारी किए हैं लेकिन यह भी कहा कि विलंबित पंजीकरण (जन्म के एक वर्ष बाद पंजीकरण) सीधे तौर पर उसके द्वारा नहीं बल्कि एसडीएम के आदेश पर किया गया है। कई प्रतियोगिताओं में, विशेष रूप से राष्ट्रीय जूनियर टीमों के चयन के लिए हुए ट्रायल में, यह स्पष्ट है कि कई पहलवान कम आयु वर्ग में प्रवेश कर चुके हैं और अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ फायदे की स्थिति में हैं।


प्रमाण पत्रों की स्थिति बताते हुए एमसीडी ने जवाब दिया दिल्ली नगर निगम द्वारा उप-विभागीय मजिस्ट्रेट से आदेश मिलने के बाद ही 95 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और एमसीडी की ओर से कोई चूक नहीं हुई है। एमसीडी के जवाब की प्रति पीटीआई के पास भी है। एमसीडी ने अपने जवाब में यह भी बताया कि 11 प्रमाण पत्र फर्जी/फोटोशॉप के जरिए छेड़छाड़/संपादित हैं और उसके द्वारा जारी नहीं किए गए हैं। ये प्रमाण पत्र सक्षम, मनुज, कविता, अंशु, आरुष राणा, शुभम, गौतम, जगरूप धनखड़, नकुल, दुष्यंत और सिद्धार्थ बालियान के थे। इनमें से 11 प्रमाण पत्र नरेला क्षेत्र के, दो नजफगढ़ और रोहिणी, सिविल लाइन और सिटी जोन का एक-एक प्रमाण पत्र शामिल है।

डब्ल्यूएफआई के अधिकारी ने पीटीआई को बताया हमने इनमें से छह पहलवानों को आज (सात अगस्त) निलंबन नोटिस भेजा है। हम फर्जी प्रमाण पत्र सौंपने के लिए पांच अन्य को पहले ही निलंबित कर चुके हैं।

एमसीडी ने साथ ही बताया कि दो पहलवानों ने पंजीकरण की तिथि से छेड़छाड़ की जो उसके रिकॉर्ड से मेल नहीं खाती। इस बीच दिल्ली की पहलवान रितिका के पिता ने खेल मंत्रालय को शिकायत की है कि हाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान हरियाणा की पहलवान इशिका को दिल्ली के लिए प्रतिस्पर्धा की स्वीकृति दी गई।

नीरज कुमार ने लिखा हाल ही में दिल्ली की एक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इशिका को 53 किग्रा भार वर्ग में खेलने की अनुमति दी गई। यह डब्ल्यूएफआई द्वारा बनाए गए मूल निवास नियम का उल्लंघन है। अगर उस नीति का पालन करना है तो इशिका को दिल्ली से खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा मैंने कुछ दस्तावेज संलग्न किए हैं जिनसे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि रितिका हरियाणा की निवासी है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले की जांच का आदेश दिया जाए जिससे कि पारदर्शिता बनी रहे।

### टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ी करते हैं फर्जीवाड़ा



- हरियाणा कुश्ती का गढ़ है इसलिए वहां प्रतिस्पर्धा बहुत कड़ी है और राज्य की टीम में जगह बनाना दिन-ब-दिन और भी मुश्किल होता जा रहा है। कुश्ती में करियर बनाने के इच्छुक कई पहलवान नकली प्रमाणपत्र हासिल करके पड़ोसी राज्य दिल्ली के रास्ते खेले में आने की कोशिश करते हैं। डब्ल्यूएफआई ने पाया कि कई पहलवान मूल रूप से हरियाणा के थे लेकिन फिर भी उन्होंने किसी तरह एमसीडी से जन्म प्रमाण पत्र जारी करवा लिए जिससे कि वे दिल्ली से प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें।



फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) में प्यूमास यूएनएएम के खिलाफ लीग कप फुटबॉल मैच के दौरान इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेसी (बाएं) अपनी पत्नी एंटोनेला रोक्कुजो के साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए। एजेंसी

# महिला बॉक्सर के आरोपों से मची सनसनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने कहा- बीएफआई अधिकारी ने किया अपमानजनक व्यवहार

टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन द्वारा राष्ट्रीय महासंघ के कार्यकारी निदेशक कर्नल अरुण मलिक के खिलाफ लगाए गए अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार के आरोपों की जांच की जा रही है और जल्द ही एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया, साइ के महानिदेशक, टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना) विभाग, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) को संबोधित एक औपचारिक शिकायत में लवलीना ने आरोप लगाया कि मलिक ने आठ जुलाई को एक जूम मीटिंग के दौरान उनका अपमान किया और उनकी उपलब्धियों को कमतर आंका। बैठक में साइ और टॉप्स के अधिकारी भी शामिल थे। लवलीना ने इस दौरान अनुरोध किया कि उनके निजी कोच को राष्ट्रीय शिविर में आने की अनुमति दी जाए जो बीएफआई की नीति के विरुद्ध है। निजी कोच भी ऑनलाइन बैठक में मौजूद थे।

वह यह भी चाहती थीं कि कोच को उनके साथ यूरोप में ट्रेनिंग के लिए जाने की अनुमति भी दी जाए। लवलीना के अनुसार मलिक ने आक्रामक तरीके से जवाब दिया और उनसे अपमानजनक तरीके से बात की। इस मुक्केबाज ने कहा उन्होंने मुझे साफ तौर पर कहा चुप रहो, अपना सिर नीचे करो और जैसा हम कहते हैं वैसा करो।' उनके शब्द ना केवल अपमानजनक थे बल्कि लैंगिक भेदभाव पूर्ण थे।



मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन।

# चोट लगने पर लगा था कि क्या करियर खतरे में : वोक्स

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स का कहना है कि उन्होंने भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के आखिरी दिन कंधे की हड्डी खिसकने के कारण बल्लेबाजी नहीं करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। उन्होंने हालांकि कहा कि जब उन्हें यह चोट लगी थी तब उन्हें लगा था कि क्या उनका करियर खतरे में है। वोक्स पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन अंतिम बल्लेबाज के रूप में उतरे तो उनका बायां हाथ पट्टे से बंधा हुआ था और उन्होंने इसे स्वेटर के अंदर डाला हुआ था।

भारत ने यह मैच छह रन से जीता। वोक्स ने कहा कि उन्हें लगा कि ऐसा करना सभी के लिए उनका कर्तव्य है और उन्हें अब भी इस बात का दुख है कि इंग्लैंड मैच हार गया। इस तेज गेंदबाज को अभी अपने स्कैन के नतीजों को इंतजार है।

वोक्स ने 'द गार्जियन' से कहा मुझे नहीं पता कि यह क्या है। आप बस इतना जानते हैं कि आप किसी बड़ी चीज का हिस्सा हैं। आप सिर्फ अपने लिए ही नहीं खेल रहे हैं। उन्होंने कहा यह आपकी टीम और आपके साथियों की मेहनत और उनके द्वारा किए गए त्याग, घर पर और मैदान पर देखने वाले लोगों की मेहनत है। आप बस सबके लिए ऐसा करना अपना कर्तव्य समझते हैं। वोक्स ने खुलासा किया कि उन्होंने चौथे दिन से इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक के साथ एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा मैंने सामान्य रूप से एक गेंद खेली और यह बहुत पीड़ादायक था।

### मैं अब भी बहुत निराश हूं

- वोक्स ने कहा मैं अब भी बहुत निराश हूं, सचमुच बहुत निराश हूं कि हम वह परीकथा नहीं बना पाए। लेकिन मैंने कभी मैदान पर नहीं जाने के बारे में नहीं सोचा, चाहे जीत के लिए 100 रन ही क्यों ना होते। वोक्स ने कहा कि दर्शकों के खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान पर उतरना अच्छा लगा लेकिन वह अपने इस साहसिक कार्य को अधिक तवज्जो नहीं देते। तालियां बजना अच्छा लगा और कुछ भारतीय खिलाड़ी अपना सम्मान दिखाने आए। लेकिन कोई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही करता। आप नौ विकेट गिरने के बाद मैच खत्म नहीं कर सकते थे।



### पैर में फ्रैक्चर के लिए पंत से माफी मांगी

- **लंदन :** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने खुलासा किया है कि उन्होंने हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से 'माफी' मांगी थी जिसके बाद वह अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान वोक्स की गेंद पंत के पैर में लगी थी जिसके कारण वह सीरीज के निर्णायक पांचवें मैच से बाहर हो गए थे। भारत ने इस झटके से उबरते हुए ओवल में हुए अंतिम मैच को छह रन से जीतकर श्रृंखला 2-2 से बराबर कर दी। वोक्स और पंत दोनों ही श्रृंखला के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर उतरे। वोक्स ने 'गार्जियन' को दिए साक्षात्कार में कहा मैंने देखा कि ऋषभ (पंत) ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि 'प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। उन्होंने आगे कहा फिर उन्होंने मुझे एक वॉइस नोट भेजा जिसमें कहा था उम्मीद है सब ठीक होगा, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे।' मैंने टूटे हुए पैर के लिए माफी मांगी। वोक्स ने यह भी कहा कि पांचवें टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए आने पर भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने उनकी सराहना की थी। वोक्स को एक भी गेंद का सामना करने का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने कहा कि विकेटों के बीच दौड़ना मुश्किल था। वोक्स ने कहा शुभमन ने कहा कि यह अविश्वसनीय बहादुरी थी। उन्होंने कहा मैंने उनसे कहा कि आपने एक अविश्वसनीय श्रृंखला खेली, शानदार खेल दिखाया और आपकी टीम को इसका श्रेय जाता है।

### मैं गंभीर को अच्छे से जानता हूं : गैरी कर्स्टन

- **नई दिल्ली** : भारत के विश्व कप विजेता पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि जिस तरह से कोच गौतम गंभीर की टीम ने इंग्लैंड के कठिन दौरे पर टेस्ट सीरीज ड्रॉ कराई, उससे वह बहुत खुश हैं। कर्स्टन ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा मैं बहुत खुश हूं कि भारतीय क्रिकेट टीम ने श्रृंखला ड्रॉ कराई और यह भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा है। मैं गौतम गंभीर के लिये भी बहुत खुश हूं। मैं उसे अच्छे से जानता हूं और उसने इस टीम के साथ जो हासिल किया है, मैं उससे खुश हूं। उन्होंने कहा भारतीय टीम इस समय अच्छा खेल रही है। हम सभी उसकी सफलता से खुश हैं।

# सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता जो मिलना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सचिन तेंदुलकर ने उन खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई

लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई।

तेंदुलकर ने 'अविश्वसनीय' मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में 'शांत और संयमित' रहने की भी तारीफ की।

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्धशतक लगाए, जिनमें आखिरी पारी उन्होंने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के साथ खेली। उन्होंने 68.42 की औसत और 77.63 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं। यह सब गेंद की लेंथ पर निर्भर करता है। पंत के शॉट खेलने के तरीके और उनमें जो 'पंच' होता है, उसे 'ईश्वर का वरदान' बताते हुए तेंदुलकर ने कहा कई बार लोग सोचते हैं कि उन्हें यह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है। लेकिन ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए। जब वह मैच बचाने की सोच रहे हो, तो उन्हें एक अलग तरीका अपनाना होगा।

# भारतीय टीम टकराएगी उज्बेकिस्तान व किर्गिस्तान से

- अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के मुकाबले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला फुटबॉल टीम बिश्केक में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी में उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान से भिड़ेगी। प्रतियोगिता के लिए ड्रॉ बृहस्पतिवार को कुआलालंपुर के एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। ड्रॉ में 27 टीम को आठ ग्रुप में बांटा गया।

तीन ग्रुप में चार टीम जबकि पांच ग्रुप में तीन टीम को जगह मिली।



क्वालीफायर एकल राउंड रोबिन लीग प्रारूप में 13 से 17 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। भारत 13 अक्टूबर को किर्गिस्तान और 17 अक्टूबर को उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा। आठ ग्रुप विजेता सात ग्रुप विजेता फाइनल्स के 10वें सत्र में जगह बनाएंगे जहां वे फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2025 के चार एएफसी प्रतिनिधियों से जुड़ेंगे जिन्होंने स्वतः ही क्वालीफाई कर लिया है। ये देश उत्तर कोरिया, जापान, दक्षिण कोरिया और चीन हैं। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 का आयोजन 30 अप्रैल से 17 मई 2026 तक किया जाएगा और शीर्ष चार टीमें फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप मोरक्को 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारत ने पिछली बार 2005 में एशियाई कप में भाग लिया था।

### भारत का कार्यक्रम

- **13 अक्टूबर :** किर्गिस्तान बनाम भारत
- **17 अक्टूबर :** उज्बेकिस्तान बनाम भारत।

# बीसीसीआई ने नये कोचों की तलाश शुरू की

**बेंगलुरु :** मशहूर गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली समेत पुराने कोचों के जाने के बाद बीसीसीआई अपने उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के लिए नये कोचिंग स्टाफ की तलाश में है और गेंदबाजी, बल्लेबाजी, खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग में शीर्ष पदों के लिए आवेदन मंगवाये गए हैं। आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रथम श्रेणी तेज गेंदबाज और इंग्लैंड के एशेज विजेता गेंदबाजी कोच कूली का बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार खत्म हो गया था और वह कार्यकाल में विस्तार पर थे।

59 वर्ष के कूली को 2021 के आखिर में एनसीए का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनकी जगह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह ले सकते हैं जिन्होंने कूली के साथ काम किया है। मेडिकल टीम के प्रमुख नितिन पटेल समेत स्टाफ के कई सदस्यों के जाने के बाद कई पद रिक्त हैं। पटेल ने मार्च में पद से इस्तीफा दिया था।

**एशिया कप**

**चौदह साल से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल रहे मनप्रीत करियर को विस्तार देने के लिए कर रहे हैं मेहनत**

# बेहतर फिटनेस के साथ तैयार मनप्रीत सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चौदह साल से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल रहे मनप्रीत सिंह ने पिछले एक साल में फिटनेस के लिए कड़ी मेहनत की। मीठा और जंक फूड खाना लगभग बंद कर दिया ताकि इस महीने के आखिर में हो रहे एशिया कप से लेकर अगले साल एशियाई खेलों तक टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें।

भारत के लिए दिलीप टिर्की (412) के बाद सबसे ज्यादा 402 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले मनप्रीत ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा पिछले साल पेरिस ओलंपिक और एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से मुझे लगा कि अगर कैरियर को विस्तार देना है तो फिटनेस पर काम करना होगा। टोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल बाद भारत को अपनी कप्तानी में कांस्य पदक दिलाने वाले 32 वर्ष के इस मिडफील्डर ने कहा मैं 30 पार हो चुका हूं और अब टीम के युवा खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिये उनके स्तर पर फिटनेस रखनी होगी। सिर्फ अनुभव से काम नहीं चलता। उन्होंने बताया कि किस तरह से उन्होंने अपने खानपान में बदलाव करके कई पसंदीदा चीजों को खाना लगभग बंद कर दिया।

पंजाब के मीठापुर से निकलकर 2011 में 19 वर्ष की उम्र में भारत के लिये पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा मैने मीठा और जंक फूड लगभग बंद कर दिया है। हफ्ते में एक दिन ही ऐसा कुछ खाता हूं लेकिन बहुत कम मात्रा में। जिम के अलावा भी कोर वर्कआउट, स्पीड पर काम करना शुरू किया और सात किलो वजन कम कर लिया। उन्होंने बताया कम वजन के साथ मैदान पर रफ्तार बेहतर हुई। योयो और स्पीड टेस्ट में भी बहुत अच्छे नतीजे मिले। मुझे खुद को बहुत अच्छा लग रहा है। मनप्रीत फिलहाल लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक के बारे में नहीं सोच रहे और उन्होंने कहा कि वह एशियाई खेलों के बाद ही आगे के लिये फैसला लेंगे। उन्होंने कहा मेरा पहला लक्ष्य अगले साल होने वाले एशियाई खेल हैं और मैं जानता हूं कि मेरी फिटनेस उस स्तर की है। उसके बाद फिटनेस का आकलन करूंगा और अगर सही नहीं रही तो किसी दूसरे खिलाड़ी के लिये जगह खाली कर दूंगा। वैसे मैं रोनाल्डो को आदर्श मानता हूं जो 40 वर्ष की उम्र में भी इतना फिट है।



मनप्रीत सिंह। एजेंसी

### आस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों कम नहीं भारत

- मनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम फिटनेस के मामले में आस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, जर्मनी जैसी बड़ी टीमों से कमतर नहीं है और फर्क मौके भुनाने का है। टोक्यो ओलंपिक से पहले ही टीम में बड़ी टीमों को हराने का आत्मविश्वास आ गया था। फिटनेस व कौशल के मामले में हम किसी से कम नहीं। फर्क सिर्फ रणनीति पर अमल का है और मैच के दिन जो अच्छा करता है, वही जीतता है। तेज रफ्तार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेलते हुए इतने लंबे कैरियर में कार्यभार प्रबंधन कैसे किया, यह पूछने पर कहा हमारे पास खिलाड़ियों का बड़ा पूल है। युवा खिलाड़ियों को भी मौके मिलते हैं व कार्यभार प्रबंधन का ध्यान रखा जाता है।